जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

36वाँ
वार्षिक प्रतिवेदन

(1 अप्रैल 2005 से 31 मार्च 2006 तक)

नई दिल्ली–110067

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ संख्या
वार्षिक प्रतिवेदन के मुख्य अंश	**1 – 13**
आख्यान	**14 – 18**
↳ **शैक्षिक कार्यक्रम और प्रवेश**	**19 – 24**
↳ **विश्वविद्यालय के निकाय**	**25 – 28**
↳ **संस्थान और केन्द्र**	**29 – 238**
↳ कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान	29 – 32
↳ कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	33 – 36
↳ पर्यावरण विज्ञान संस्थान	37 – 42
↳ अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	43 – 89
↳ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान	90 – 96
↳ भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	97 – 125
↳ जीवन विज्ञान संस्थान	126 – 135
↳ भौतिक विज्ञान संस्थान	136 – 141
↳ सामाजिक विज्ञान संस्थान	142 – 216
↳ जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र	217 – 220
↳ विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र	221 – 227
↳ संस्कृत अध्ययन केन्द्र	228 – 233
↳ आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र	234 – 238
↳ **अकादमिक स्टाफ कालेज**	**239 – 240**
↳ **छात्र गतिविधियां**	**241 – 247**
↳ **कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं**	**248 – 250**
↳ **विश्वविद्यालय प्रशासन**	**251 – 253**
↳ **विश्वविद्यालय वित्त**	**254 – 257**
↳ **पाठ्येत्तर गतिविधियां**	**258 – 260**
↳ यौन उत्पीड़न के विरूद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति (जीएसकैश)	258
↳ पूर्व छात्रों से संबंधित मामले	258 – 259
↳ जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान	259
↳ अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग	259 – 260
↳ **केन्द्रीय सुविधाएं**	**261 – 262**
↳ विश्वविद्यालय पुस्तकालय	261
↳ विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र	262
↳ विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन व्यूरो	262
↳ **शिक्षकों के प्रकाशन**	**263 – 330**

परिशिष्ट

↳ **विश्वविद्यालय निकायों की सदस्यता**	**331 – 341**
↳ विश्वविद्यालय कोर्ट	331 – 335
↳ कार्य परिषद	336
↳ विद्या परिषद	337 – 340
↳ वित्त समिति	341
↳ **शिक्षक**	**342 – 355**
↳ शिक्षक	342 – 355
↳ इमेरिटस/ऑनरेरी प्रोफेसर	351
↳ शिक्षकों की नियुक्तियां	352
↳ पुनर्नियुक्ति के बाद अंतिम रूप से सेवानिवृत्त शिक्षक	352
↳ अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त शिक्षक	353
↳ त्यागपत्र देने वाले शिक्षक	353
↳ पुनर्नियुक्त शिक्षक	353
↳ स्थाई हुए शिक्षक	354
↳ स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक	355
↳ **शोध छात्र**	**356 – 390**
↳ पी–एच.डी.	356 – 370
↳ एम.फिल.	371 – 389
↳ एम.टेक	390

विश्वविद्यालय के अधिकारी
(31.3.2006 को)

डॉ. कर्ण सिंह	कुलाधिपति
प्रो. बी.बी. भट्टाचार्य	कुलपति
प्रो. राजेन्द्र प्रसाद	कुलदेशिक
श्री अवैस अहमद	कुलसचिव
श्रीमती रेवती बेदी	वित्त अधिकारी
डॉ. एस. चन्द्रशेखरन	समन्वयक (मूल्यांकन)

अध्ययन संस्थानों के डीन

प्रो. अनिल भट्टी	डीन, क.सौ. शा. सं.
प्रो. एस. बालासुन्दरम	डीन, कं. व प.वि.सं.
प्रो. जितेन्द्र बिहारी	डीन, प.वि.सं.
प्रो. मनमोहन अग्रवाल	डीन, अं.अ.सं.
प्रो. आलोक भट्टाचार्य	डीन, सू.प्रौ.सं.
प्रो. ए.के. बासु	डीन, भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. आर.एन.के. बामजेई	डीन, जी.वि.सं.
प्रो. संजय पुरी	डीन, भौ.वि.सं.
प्रो. अमिताभ कुण्डु	डीन, सा.वि.सं.

अध्ययन केन्द्रों के अध्यक्ष

प्रो. अजय पटनायक	अध्यक्ष, रू.म.ए.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. सी.एस. राज	अध्यक्ष, क.यूएस.ले.अ..अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. अमित एस. रे	अध्यक्ष, अं.व्या.वि.के/अं.अ.सं.
प्रो. जी.सी. पंत	अध्यक्ष, प.ए.अ.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. एम.पी. लामा	अध्यक्ष, द.म.द.पू.ए.द.प.म.अ.के./अं.अ.सं.
डॉ. अलका आचार्य	अध्यक्ष, पू.ए.अ.के./अं.अ.सं.
डॉ. वरूण साहनी	अध्यक्ष, अं.रा.सं.नि.के./अं.अ.सं.
प्रो. वाई.के. त्यागी	अध्यक्ष, अं.वि.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. एस.के. झा	अध्यक्ष, यू.अ.के./अं.अ.सं.
प्रो. शंकर बासु	अध्यक्ष, रू.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. एस.ए. रहमान	अध्यक्ष, अ.अ.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. एस.पी. गांगुली	अध्यक्ष, स्पे.पु.इ.ले.अ.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. पी.के.एस. पांडे	अध्यक्ष, भा.वि.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. मोहम्मद शाहिद हुसैन	अध्यक्ष, भा.भा.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. जेड.एस. काजमी	अध्यक्ष, फा.म.ए.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. सुषमा जैन	अध्यक्ष, जा.उ.पू.ए.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
डा. सबरी मित्रा	अध्यक्ष, ची.द.पू.ए.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. किरण चौधरी	अध्यक्ष, फ्रे.फ्रें.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. रेखा वी. राजन	अध्यक्ष, ज.अ.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. मकरंद आर प्रांजपे	अध्यक्ष, अं.के./भा.सा.सं.अ.सं.
प्रो. ए.के. मोहन्ती	अध्यक्ष, जा.हु.शै.अ.के./सा.वि.सं.
डा. पी.एन. देसाई	अध्यक्ष, वि.नी.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. आदित्य मुखर्जी	अध्यक्ष, ऐ.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. जयती घोष	अध्यक्ष, आ.अ.नि.के./सा.वि.सं.
प्रो. अविजीत पाठक	अध्यक्ष, सा.प.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. के.आर. नायर	अध्यक्ष, सा.चि.सा.स्वा.के./सा.वि.सं.
प्रो. सरस्वती राजू	अध्यक्ष, क्षे.वि.अ.के./सा.वि.सं.
प्रो. गुरप्रीत महाजन	अध्यक्ष, रा.अ.के./सा.वि.सं.

प्रो. सत्य पी. गौतम	अध्यक्ष, द.शा.के./सा.वि.सं.
प्रो. उत्तम के पति	अध्यक्ष, जै.प्रौ.के.
डा. अमित प्रकाश	अध्यक्ष, वि.अ.अ.के.
प्रो. सी. मुखोपाध्याय	अध्यक्ष, आ.चि.शा.के.
प्रो. शशि प्रभा कुमार	अध्यक्ष, सं.अ.के.
प्रो. तनिका सरकार	निदेशक, महिला अध्ययन कार्यक्रम
प्रो. कुणाल चक्रबर्ती	निदेशक, अकादमिक स्टाफ कॉलेज

विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी

डा. एम. कोगानुरमथ	पुस्तकालयाध्यक्ष
प्रो. आर.के. काले	डीन (छात्र)
प्रो. वी.के. जैन	एसोसिएट डीन (छात्र)
श्रीमती दमयंती वी. ताम्बे	उप निदेशक (शारीरिक शिक्षा)
डा. गौतम पात्रा	मुख्य चिकित्सा अधिकारी
प्रो. वी.के. जैन	मुख्य कुलानुशासक
प्रो. वरूण साहनी	अध्यक्ष, विदेशी छात्र सलाहकार
प्रो. हरजीत सिंह	निदेशक (प्रवेश)
प्रो. नीरजा गोपाल जयाल	निदेशक, ज.ने.उच्च अध्ययन संस्थान
प्रो. वैश्ना नारंग	मुख्य सलाहकार, पूर्व छात्रों से संबंधित मामले
डॉ. तुलसी राम	मुख्य सलाहकार, समान अवसर कार्यालय
श्रीमती पूनम एस. कुदेसिया	जन–सम्पर्क अधिकारी

सम्पादकीय मण्डल (वार्षिक प्रतिवेदन)

प्रो. आर. रामास्वामी, भौ.वि.सं.	अध्यक्ष
डा. रोहिणी मुथुस्वामी, जी.वि.सं.	सदस्य
श्री जे.एस. बवेजा, उ.वि.अ.	सदस्य
श्रीमती पूनम एस. कुदेसिया	सदस्य सचिव

वार्षिक प्रतिवेदन के मुख्य अंश

महान राजनेता और विचारक पं. जवाहरलाल नेहरू के राष्ट्रीय स्मारक के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1966 में की गई थी। विश्वविद्यालय का औपचारिक उद्‌घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वी.वी. गिरी द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के निम्नलिखित उद्‌देश्य हैं –

'अध्ययन, अनुसंधान और अपने संगठित जीवन के उदाहरण और प्रभाव द्वारा ज्ञान, प्रज्ञान एवं समझदारी का प्रसार व अभिवृद्धि करना तथा विशिष्टतः उन सिद्धान्तों की अभिवृद्धि का प्रयास करना, जिनके लिए जवाहरलाल नेहरू ने जीवन–पर्यन्त काम किया, जैसे – राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्म निरपेक्षता, जीवन की लोकतांत्रिक पद्धति, अन्तरराष्ट्रीय समझ और सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण।'

इस लक्ष्य की दिशा में, विश्वविद्यालय –

- भारत की सामासिक संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसे विभाग और संस्थान स्थापित करेगा जो भारत की भाषाओं, कलाओं और संस्कृति के अध्ययन तथा विकास के लिए अपेक्षित हों;
- सम्पूर्ण भारत से छात्रों और अध्यापकों को विश्वविद्यालय में सम्मिलित होने और उसके शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सुविधा देने के लिए विशेष उपाय करेगा;
- छात्रों और अध्यापकों में देश की सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता और बोध की अभिवृद्धि करते हुए उन्हें ऐसी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तैयार करेगा;
- अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समन्वित पाठ्‌यक्रमों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा;
- अन्तर–विषयक अध्ययन के प्रोत्साहन के लिए समुचित उपाय करेगा;
- छात्रों में विश्वव्यापी दृष्टिकोण और अन्तरराष्ट्रीय समझ विकसित करने की दृष्टि से ऐसे विभाग या संस्थान स्थापित करेगा जो विदेशी भाषाओं, साहित्य और जीवन के अध्ययन के लिए आवश्यक हों; और
- विभिन्न देशों से आए छात्रों और अध्यापकों के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने हेतु सुविधाएं प्रदान करेगा।

विश्वविद्यालय के संस्थानों, केन्द्रों और अन्य निकायों की गतिविधियों का 1 अप्रैल 2005 से 31 मार्च 2006 तक का विवरण नीचे दिया गया है।

संस्थान

विश्वविद्यालय की स्थापना विशेष रूप से एक स्नातकोत्तर शिक्षण एवं शोध संस्थान के रूप में की गई थी। विश्वविद्यालय की विद्या सलाहकार समिति ने यह निर्णय लिया था कि विश्वविद्यालय में मूलतः संस्थान (प्रत्येक के घटक केन्द्रों सहित) होंगे। विश्वविद्यालय में इस समय 9 संस्थान हैं :

- कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान
- कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान
- पर्यावरण विज्ञान संस्थान
- अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान

- सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
- भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान
- जीवन विज्ञान संस्थान
- भौतिक विज्ञान संस्थान
- सामाजिक विज्ञान संस्थान

इनके साथ–साथ निम्नलिखित विशेष केन्द्र हैं :

- विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र
- जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र
- आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र
- संस्कृत अध्ययन केन्द्र

कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान की स्थापना वर्ष 2001 में हुई और यह निरन्तर वृद्धि की ओर अग्रसर है। अपनी स्थापना के अल्पकाल में ही यह संस्थान पारम्परिक एवं समसामयिक प्रकृति के कला एवं व्यवहार के भिन्न सिद्धान्तों के क्षेत्रों में अन्तरविषयक अध्ययन और शोध को उन्नत कराने वाला केंद्र बन गया है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान संस्थान ने न्यूयार्क विश्वविद्यालय से फिल्म अध्ययन पर लगभग 1000 से अधिक पुस्तकें और पत्रिकाएं उपहार स्वरूप प्राप्त की है। अग्रणी विश्वविद्यालयों से आए अनेक सुप्रसिद्ध विद्वानों ने छात्रों और शिक्षकों के साथ शैक्षिक विचारों का आदान–प्रदान किया। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्थान के दौरे पर आए विद्वानों में शामिल हैं प्रोफेसर क्रिस्टोफर पिन्ने, यू.सी.एल.; रिचर्ड स्केचनर, एन.वाई.यू. और प्रोफेसर ऐलन ड्रिस्काल, रोडे आइसलेण्ड स्कूल आफ डिजाइन।

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान (1975) उन श्रेष्ठ संस्थानों में से एक है जहां कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षण एवं शोध कार्यक्रम चलाए जाते हैं। संस्थान एम.सी.ए., एम.टेक. और पी–एच.डी. उपाधियों के लिए अध्ययन एवं शोध पाठ्यक्रम चलाता है।

पिछले कुछ वर्षों में यह देश के सर्वोत्तम प्रतिष्ठित संथानों में एक संस्थान के रूप में उभरा है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान शिक्षकों के 13 शोध आलेख प्रकाशित हुए। संस्थान के एम.सी.ए. और एम.टेक. छात्रों को प्रमुख साफ्टवेयर कम्पनियों में नौकरियां प्राप्त हुईं।

पर्यावरण विज्ञान संस्थान (1974) की शोध रूचि विभिन्न भू, वातावरणीय और जीव–वैज्ञानिक प्रक्रियाओं में विभक्त हैं। पारिस्थितिक और सामाजिक प्रक्रियाओं के बीच संयोजन संस्थान को एक अतिरिक्त आयाम प्रदान करते हुए सुसंगत बनाते हैं। इसलिए पाठ्यचर्या में भौतिक विज्ञान, भू एवं वातावरणीय विज्ञान, पर्यावरणीय जीव विज्ञान और पर्यावरणीय मानिटरिंग एवं प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

शिक्षकों द्वारा 33 परियोजनाओं पर शोध कार्य किया जा रहा है। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल थे – कस्तूरी दत्ता और ए.एल. रामनाथन। वर्ष के दौरान शिक्षकों के 50 से अधिक शोध आलेख प्रकाशित हुए।

अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान (1969) की शुरू में स्थापना वर्ष 1955 में भारतीय अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संथान के नाम से हुई थी। यह विश्वविद्यालय का सबसे पुराना संस्थान है। अपनी स्थापना के 51 वर्षों के दौरान संस्थान ने अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धों और क्षेत्रीय अध्ययन के लिए पूरे देश में अपने को एक विशिष्ट संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित किया है।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान संस्थान में भिन्न–भिन्न नामों से चेयरों की स्थापना हुई हैं। इनमें शामिल हैं – अप्पादुराई चेयर, नेल्सन मंडेला चेयर, पर्यावरण विधि एवं अन्तरिक्ष विधि में चेयर, भारतीय स्टेट बैंक चेयर और राजीव गांधी चेयर। अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धों पर पं. हृदय नाथ कुंजरू स्मारक व्याख्यानमाला का आयोजन संस्थान का एक नियमित वार्षिक कार्यक्रम बन गया है।

संस्थान में नौ केंद्र हैं, जिनमें विभिन्न विषयों में शोध एवं शिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

- **कनाडियन, यू.एस. और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र** – शिक्षकों के 18 शोध आलेख प्रकाशित हुए और तीन शोध परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर के 11 सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र** – केंद्र ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान 20 से अधिक संगोष्ठियां आयोजित कीं। कुछ प्रतिष्ठित विद्वानों ने केंद्र का दौरा किया। इनमें शामिल हैं – महामहिम जुनिकिरो कोइजुमी, जापान के प्रधानमंत्री; मसातो ताकाओका, पालिटिकल मिनिस्टर, जापान दूतावास और नाओयोशी नोगुची, महानिदेशक, डी.ई.टी.आर.ओ.।

  वर्ष के दौरान केंद्र के एम.फिल./पी–एच.डी. छात्रों को 'साबुरो ओकितो स्मारक अध्येतावृति' और 'जापान फाउंडेशन छात्रवृति' प्रदान की गई। पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं एच.एस. प्रभाकर और लालिमा वर्मा।

- **यूरोपीय अध्ययन केंद्र** – वर्ष के दौरान केंद्र के शिक्षकों के 22 शोध आलेख प्रकाशित हुए। शिक्षकों ने 40 सम्मेलनों तथा संगोष्ठियों में भाग लिया और वे 2 शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे।

- **अन्तरराष्ट्रीय विधि अध्ययन केंद्र** – केंद्र के 5 शिक्षक विभिन्न शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे। उनके अनेक आलेख प्रकाशित हुए और उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं में भाग लिया।

- **अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केंद्र** – केंद्र ने वर्ष के दौरान कई संगोष्ठियां और सम्मेलन आयोजित किए। इनमें प्रमुख प्रतिभागियों में प्रो. वी.वी. नायडु, ब्रानडन यूनिवर्सिटी, कनाडा; डा. हर्ष पंत, यूनिवर्सिटी आफ नातरे डेम; प्रो. टी.वी. पाल, मैकगिल यूनिवर्सिटी, कनाडा; डा. एंड्रयू हरेल, न्यूफील्ड कालेज, आक्सफोर्ड शामिल थे। केंद्र के दौरे पर आए प्रमुख विद्वानों में शामिल थे – डा. ई. श्रीधरण, यूनिवर्सिटी आफ पेंसिलवानिया; डॉ. थामस फ्यूस, जर्मन डिवलपमेंट इंस्टीट्यूट, जर्मनी और डा. अब्दुल लामिन, यूनिवर्सिटी आफ विटवांटर्सरेंड, साउथ अफ्रीका।

  समीक्षाधीन अवधि के दौरान केंद्र के शिक्षकों ने देश–विदेश में आयोजित 60 से अधिक सम्मेलनों और कार्यशालाओं में भाग लिया।

- **अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केंद्र** – यह केंद्र संभवतः देश में अकेला ऐसा अर्थशास्त्र विभाग है जहां शिक्षण एवं शोध के थ्रस्ट एरिया के रूप में केवल अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन पर विशेष बल दिया जाता है। केंद्र के विशेषीकरण में व्यापार, निवेश, वित्त, पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, गरीबी, असमानता और सामाजिक जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

  केंद्र के प्रकाशनों में प्रो. आलोकेश बरूआ द्वारा रचित पुस्तक 'इण्डिया'ज नार्थ–ईस्ट : डिवलपमेंटल इश्युज इन ए हिस्टोरिकल पर्सपेक्टिव' प्रमुख थी।

- **रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र** – केंद्र ने 16–17 फरवरी 2006 को 'सी.आई.एस. एनर्जी, सिक्युरिटी ऐंड डिवलपमेंट' विषयक एक 2–दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की। केंद्र के शिक्षक दो शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे और उन्होंने 24 राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **दक्षिण, मध्य, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन केंद्र** – केंद्र के शिक्षकों द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में पी. सहदेवन द्वारा रचित पुस्तक – 'पालिटिक्स आफ कन्फ्लिक्ट ऐंड पीस इन श्रीलंका' और अम्बरीश ढाका द्वारा रचित पुस्तक 'साउथ एशिया, सेंट्रल एशिया : जिओपालिटिकल डायनेमिक्स' प्रमुख थीं।

  केंद्र ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कई संगोष्ठियां आयोजित कीं। वक्ताओं में प्रमुख थे – श्री अर्जुना हुलुगाले, प्रेजिडेंट आफ स्वराज्य फाउंडेशन, श्रीलंका; प्रो. ततिआना शौमियान, रशियन अकादमी आफ साइंसिस, मास्को; श्री लियाकत अली चौधरी, भारत में बंगलादेश के उच्चायुक्त।

- **पश्चिम एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र** – केंद्र ने 'फ्रेंकाफोन सब सहारन अफ्रीका : इश्युज इन फारेन पालिसिज ऐंड डिवलपमेंट' विषयक एक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। केंद्र में आए विद्वानों में डा. आर.आर. सुब्रामणियन, आई. डी.एस.ए.; प्रो. रिविलिन, तेल अवीव विश्वविद्यालय; प्रो. यितजाहक गानूल हिब्रू विश्वविद्यालय, प्रमुख थे। वर्ष के दौरान शिक्षकों ने 61 सम्मेलनों और कार्यशालाओं में भाग लिया।

सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान – वर्ष 2001 में स्थापित हुए इस संस्थान में तीन केंद्र हैं। संस्थान मुख्यतः शिक्षा और शोध के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर बल देता है।

- **अभिकलनात्मक जीव–विज्ञान और जैव–सूचना–विज्ञान केंद्र** – यह केंद्र जीव विज्ञान और जीवन विज्ञान के सभी क्षेत्रों में शोध कर रहे शोधार्थियों को सूचना सेवाएं और अभिकलनात्मक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 1988 से कार्य कर रहा है।

- **संचार और सूचना सेवाएं** – विश्वविद्यालय ने अपनी विशिष्टता को बनाए रखने की परम्परा का निर्वाह करते हुए अपने शिक्षण एवं शोध कार्यक्रमों में आधुनिक इंटरनेट प्रौद्योगिकी को शामिल करके एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

- **कंप्यूटर केंद्र** – कंप्यूटर केंद्र की स्थापना विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ–सदस्यों को आधुनिक कंप्यूटर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से एक स्वतंत्र कंप्यूटर केंद्र के रूप में की गई है। केंद्र में उपलब्ध कंप्यूटिंग सुविधाएं बहुत ही अहम पहलू हैं। यह केंद्र विश्वविद्यालय की अन्य गतिविधियों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कंप्यूटर केंद्र में स्थित जेएनयू–इग्नू कंप्यूटर प्रयोगशाला अन्तर–विश्वविद्यालय सहयोग की एक खूबसूरत मिसाल है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत दो विश्वविद्यालयों के परस्पर सहयोग से आधुनिक कंप्यूटर सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिनका प्रयोग दोनों विश्वविद्यालय के छात्र करते हैं।

वर्ष के दौरान संस्थान में आए विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. रोस किंग, यूनिवर्सिटी आफ वेल्स, यू.के.; प्रो. थोमस इसाकसन, नार्वियन यूनिवर्सिटी आफ लाइफ साइंस, नार्वे। संस्थान ने वर्ष 2005–2006 के दौरान 'सिस्टम्स बायोलाजी' विषयक एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। संस्थान देश भर के संस्थानों के पूर्व स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक ग्रीष्मकालीन शिविर भी चलाता है।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान (1971) में विभिन्न शास्त्रीय, आधुनिक भारतीय और विदेशी भाषाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। संस्थान, विश्वविद्यालय के सभी जरूरतमंद छात्रों के लिए विशेष सहायता के रूप में विभिन्न भाषाओं विशेषकर अंग्रेजी भाषा में उपचारात्मक कोर्स चलाता है, जिनमें प्रत्येक वर्ष काफी छात्र भाग लेते हैं।

संस्थान में ग्यारह केंद्र और एक मल्टीमीडिया भाषा प्रयोगशाला है। भाषा प्रयोगशाला समूह आडियो–वीडियो रिकार्डिंग, एज्यूकेशनल साफ्टवेयर प्रोडक्शन की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

- **अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र** – वर्ष के दौरान केंद्र के प्रकाशनों में प्रमुख रूप से शामिल हैं – एस.ए. रहमान द्वारा रचित 'डिक्शनरी आफ एब्रिविएशंस : इंग्लिश–अरेबिक, और कामूस एल अरेबिएल हिन्दी'। वर्ष के दौरान केंद्र के शिक्षकों ने पांच राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों तथा संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **चीनी और दक्षिण पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र** – सबरी मित्रा ने 'लिट्रेचर ऐंड पालिटिक्स इन 20थ सेंचुरी चाइना : इश्युज ऐंड थीम्स' शीर्षक पुस्तक और बी.आर. दीपक ने 'माई लाइफ विद कोटनिस' शीर्षक पुस्तक प्रकाशित की। केंद्र के शिक्षकों ने पांच राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों तथा संगोष्ठियों में भाग लिया। प्रो. एम.एल. भट्टाचार्य को विदेशी भाषा के रूप में चीनी भाषा शिक्षण के लिए चाइना नेशनल आफिस द्वार अध्येतावृति प्रदान की गई।

- **अंग्रेजी अध्ययन केंद्र** – केंद्र ने 'साइंस ऐंड स्प्रिच्युएलिटी इन माडर्न इण्डिया' विषयक एक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। केंद्र में आए विद्वानों में डा. इंदिरा घोष, फ्री यूनिवर्सिटी, बर्लिन; डा. रायवत देवनंदन, कनाडा और किरण नागरकर,

सुप्रसिद्ध मराठी एवं अंग्रेजी लेखक प्रमुख थे। वर्ष के दौरान शिक्षकों ने 20 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया। प्रो. मकरंद परांजपे को आस्ट्रेलिया इण्डिया काउंसिल रिसर्च फेलोशिप प्राप्त हुई।

- **फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र** – केंद्र ने 'क्यूबेक स्टडीज' पर एक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। केंद्र के दौरे पर आए विद्वानों में प्रमुख थे – प्रो. मेरी मैक एंड्रयू यनिवर्सिटी आफ मोंट्रियल, कनाडा, श्री जीन कारेस्ट, प्रीमियर आफ क्यूबेक और प्रो. आश्मी हेली, फ्रांस। केंद्र के शिक्षक तीन शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे और उन्होंने 14 राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **जर्मन अध्ययन केंद्र** – वर्ष के दौरान केंद्र के दौरे पर आए प्रमुख विद्वानों में प्रो. डा. वुल्फगेंग मुल्लर फंक, जर्मनी; डा. उरसुला कोच, बर्लिन और डा. मारिया बेबेकोवा बेकर, मातेज बाल यूनिवर्सितेत। केंद्र के प्रकाशनों में प्रमुख प्रकाशन जार्ग फिच द्वारा रचित पुस्तक का रेखा वी. राजन द्वारा अनुवाद 'ए ग्लोबल हिस्ट्री आफ विडो बर्निंग फ्राम एंशिऐंट टाइम्स टु द प्रेजेंट' था। केंद्र के शिक्षक चार शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे।

- **भारतीय भाषा केंद्र** – वर्ष के दौरान केंद्र का दौरा करने आए विद्वानों में प्रो. एम.के. बिरस्की, वार्सा यूनिवर्सिटी और प्रो. इरफान हबीब प्रमुख थे। केंद्र के शिक्षकों के 31 आलेख/पुस्तकें/पुस्तकों में अध्याय प्रकाशित हुए। शिक्षकों ने 18 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **जापानी और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र** – वर्ष के दौरान केंद्र ने 2 'पर्सपेक्टिव आन कोरियन कल्चर' और 'कोरियन लिंग्विस्टिक्स' विषयक दो अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियां आयोजित कीं। केंद्र में आए विद्वानों में प्रमुख थे – प्रो. के. ओकामोतो, किनकिन यूनिवर्सिटी और प्रो. के. हामाकावा, क्योतो वुमन'स यूनिवर्सिटी, जापान। वर्ष के दौरान केंद्र के शिक्षकों ने लगभग 37 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और कार्यशालाओं में भाग लिया। प्रो. सुषमा जैन को जापान फाउंडेशन अध्येतावृति प्रदान की गई।

- **भाषा विज्ञान केंद्र** – वर्ष के दौरान केंद्र ने 'जनरेटिव लिंग्विस्टिक्स आफ द ओल्ड वर्ल्ड' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन आयेजित किया। केंद्र में आए विद्वानों में डा. अन्नु खोसला, सीनियर साइंटिस्ट, डी.आर.डी.ओ., तथा सुश्री चैत्रा दत्तास्वामी, यूनिवर्सिटी आफ लंदन प्रमुख थे। वर्ष के दौरान केंद्र के शिक्षकों ने लगभग पांच राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों तथा संगोष्ठियों में भाग लिया। प्रो. फ्रेंसन मंजली को सेंटर फार काग्निटिव साइंस, जादवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता द्वारा विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में सम्मानित किया गया।

- **फारसी और मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र** – केंद्र के शिक्षक दो शोध परियोजनाओं में संलग्न थे और उन्होंने राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के नौ सम्मेलनों तथा संगोष्ठियों में भाग लिया। शिक्षकों के लगभग आठ शोध आलेख प्रकाशित हुए।

- **रूसी अध्ययन केंद्र** – केंद्र के शिक्षकों – शंकर बासु और मनु मित्तल द्वारा दो अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियां आयोजित की गई। केंद्र में आए वक्ताओं/विद्वानों में डा. चिनार रुस्तामोवा, तुर्कमेनिस्तान दूतावास, एलेक्जेंडर ई पेत्रोव, रशियन सेंटर आफ साइंस ऐंड कल्चर। केंद्र के शिक्षक तीन शोध परियोजनओं में संलग्न थे और उन्होंने लगभग 12 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों तथा संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र** – केंद्र में आए विद्वानों में प्रमुख थे – प्रो. कार्लोस मोंटेमयर; डा. एंटोनिआ नावारोतेजेरो, इस्पेन और श्री लारी लेरेने, सुप्रसिद्ध स्पेनी फिल्म निर्देशक। केंद्र ने 'सर्वांतेज ऐंड द गोल्डन ऐज' विषयक एक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

जीवन विज्ञान संस्थान (1970) एक अग्रणी बहु–विषयक शोध एवं शिक्षण विभाग रहा है। संस्थान ने आधुनिक जीव विज्ञान के चुने हुए क्षेत्रों में नवीनतम शोध एवं शिक्षण कार्यक्रम चलाए हैं। संस्थान पादप अणु जीव विज्ञान, आनुवांशिकी, कोशिका और अणु जीव

विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान, विकिरण, प्रकाश–जैविकी, कैंसर जीव विज्ञान और सूक्ष्म जीव विज्ञान में उच्च स्तरीय एवं महत्वपूर्ण शोध कार्यक्रम चलाता है। संस्थान की भावी योजनाओं में तंत्रिका जीवविज्ञान, अणु जैव–भौतिकी और संरचनात्मक जीवविज्ञान के क्षेत्रों में अध्ययन के लिए केंद्रीयकृत सुविधाएं विकसित करने के साथ–साथ पादप जीवाणुओं और उष्णकटिबंधीय तथा आनुवंशिक रोगों की जीन प्रौद्योगिकी पर गहन शोध के लिए उपलब्ध सुविधाओं में वृद्धि करना शामिल है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्थान ने अनेक संगोष्ठियां आयोजित कीं। प्रमुख वक्ताओं में डा. अनिता पोतेकात (विस्कोंसिन), डा. हेला लिचटेन बर्गफ्रेंट (बान) और डा. जेम्स एंडरसन (मिलवाउकी)। केंद्र के शिक्षकों द्वारा 34 शोध परियोजाएं चलायी जा रही हैं। वर्ष के दौरान शिक्षकों ने 30 से अधिक राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। प्रो. राजेंद्र प्रसाद को यूनिवर्सिटी आफ बान में विजिटिंग मर्केटर प्रोफेसरशिप प्रदान की गई।

भौतिक विज्ञान संस्थान (1986) पिछले वर्षों में संस्थान ने एम.एस–सी. और प्री पी–एच.डी. स्तरों पर महत्वपूर्ण शिक्षण कार्यक्रम चलाए हैं। संस्थान की शोध गतिविधियां मुख्यतः क्लासिकल ऐंड क्वांटम केआस, कंप्यूटेशनल फिजिक्स, कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स, डिसार्डर्ड सिस्टम, नानलिनियर डायनेमिक्स, क्वांटम फील्ड थीअरि, क्वांटम आप्टिक्स और स्टेटिस्टिकल मैकेनिक्स के सैद्धान्तिक क्षेत्रों तथा केमिकल फिजिक्स, कंप्लेक्स फ्लुइड्स, कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स और नानलिनियर आप्टिक्स के प्रयोगात्मक क्षेत्रों पर केंद्रित है।

संस्थान ने 'फ्रन्टियर्स इन कनडेंस्ड मैटर ऐंड स्टेटिस्टिकल फिजिक्स' विषयक एक 2–दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। केंद्र के शिक्षक सात शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे। संजय पुरी भारतीय विज्ञान अकादमी, बंगलौर के फेलो चुने गए।

सामाजिक विज्ञान संस्थान (1969) – इसके 9 केंद्रों में चलाए जा रहे एम.ए., एम.फिल./पी–एच.डी. और पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रत्येक वर्ष 500 से अधिक छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। इसके अतिरिक्त संस्थान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्तपोषित 'महिला अध्ययन कार्यक्रम' तथा प्रौढ़, अनुवर्ती शिक्षा और विस्तार की एक विशेष यूनिट भी है। संस्थान में समसामयिक इतिहास पर अभिलेखागार और शैक्षिक रिकार्ड शोध यूनिट भी है। संस्थान के सभी केंद्रों में शोध पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं, जबकि एम.ए. पाठ्यक्रम केवल चार केंद्रों में ही चलाए जाते हैं। इन चार केंद्रों सहित जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केंद्र को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशेष सहायता विभाग कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुदान राशि प्राप्त हो रही है।

- **आर्थिक अध्ययन और नियोजन केंद्र** – केंद्र में आए प्रमुख विद्वानों में में प्रो. स्टीवन स्लतस्की, यूनिवर्सिटी आफ फ्लोरिडा, यू.एस.ए.; डा. प्रियदर्शी बनर्जी, सिटी यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क और प्रो. प्रदीप दुबे, सनी स्टोनीब्रुक, यू.एस.ए. शामिल हैं। सी. पी. चन्द्रशेखर और जयती घोष द्वारा 'ट्रेकिंग द माइक्रोइकोनोमी' भाग–1 और भाग–2 पुस्तकें प्रकाशित की गईं। केंद्र के शिक्षक छः शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे।

- **ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र** – केंद्र में आए विद्वानों में शामिल थे – डा. ताहिर कामरान, लाहौर विश्वविद्यालय, पाकिस्तान और प्रो. दीपेश चक्रबर्ती, यूनिवर्सिटी आफ शिकागो, यू.एस.ए.। केंद्र के शिक्षकों ने 40 से अधिक राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **दर्शनशास्त्र केंद्र** – केंद्र के शिक्षकों के 13 आलेख/पुस्तकें/पुस्तकों में अध्याय प्रकाशित हुए और उन्होंने लगभग 24 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मलनों और कार्यशालाओं में भाग लिया। केंद्र के प्रकाशनों में डा. आर.पी. सिंह की 'द फिलासफीकल हेरिटेज आफ इमेन्युअल कांत' शीर्षक पुस्तक और मंदीप सेन की 'नालेज, ट्रूथ ऐंड रिएलिटी' शीर्षक पुस्तकें प्रमुख थीं।

- **राजनीतिक अध्ययन केंद्र** – वर्ष के दौरान केंद्र के शिक्षक दो शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे और उन्होंने लगभग 14 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और कार्यशलाओं में भाग लिया।

- **सामाजिक चिकित्साशास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र** – केंद्र के शिक्षकों ने 51 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया। पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में शामिल हैं – आचार्य संघमित्रा शील, अल्पना दया सागर और राजीव दासगुप्ता।

वर्ष के दौरान केंद्र में आए विद्वानों में प्रो. रोजर जेफरी, यूनिवर्सिटी आफ ईडनबर्ग; प्रो. ओलिवर राजम, राल्फ उलरिच, यूनिवर्सिटी आफ बिलेफिल्ड, जर्मनी और प्रो. रोबिना भट्टी, केलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी प्रमुख थे।

- **क्षेत्रीय विकास अध्ययन केंद्र** – कोलकाता के प्रो. सुनील मुंशी केंद्र में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में रहे। वर्ष के दौरान केंद्र के शिक्षकों के 49 शोध आलेख पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए और उन्होंने 63 राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। शिक्षकों द्वारा 31 शोध परियोजनाएं चलाई जा रही हैं।

- **विज्ञान नीति अध्ययन केंद्र** – केंद्र ने अनेक व्याख्यान आयोजित किए। वक्ताओं में प्रो. कार्ल मार्टिन आलवुड, लुंड यूनिवर्सिटी, स्वीडन; प्रो. विक्रम सोनी, एन.पी.एल., और मंजरी महाजन, कार्नेल यूनिवर्सिटी, न्यूयार्क, प्रमुख थे। केंद्र के शिक्षकों ने लगभग 11 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया।

- **सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र** – एम.एन. पाणिनी ने 'टुवर्डस ए सोशिओलाजी आफ साउथ एशिया' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की। केंद्र के दौरे पर आए विद्वानों में डा. मोनिरूल हुसैन, गुवाहाटी विश्वविद्यालय; डा. लारेंट डोर्डी, फ्रेंच इंस्टीट्यूट आफ पांडिचेरी और डा. बोइके रेहबीन, अलबर्त लुदविग्स यूनिवर्सिटी प्रमुख थे। केंद्र द्वारा 23 शोध परियोजाएं चलायी जा रही हैं।

- **शैक्षिक रिकार्ड शोध यूनिट** – यूनिट के शिक्षकों ने 3 राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया। वर्ष के दौरान यूनिट ने 'डिसाइडिंग द डेस्टिनी आफ द नेशन : स्लेक्शंस फ्राम नेशनलिस्ट आइडियाज आन एज्यूकेशन इन इण्डिया 1920–1947' और 'टेक्नीकल एज्यूकेशन इन इण्डिया : ए स्लेक्शन आफ डाक्यूमेंट्स 1847–1918' शीर्षक दो नई परियोजनाएं शुरू कीं।

- **प्रौढ़ शिक्षा ग्रुप** – ग्रुप ने 'डिवलपिंग ए करिकुलम फार एन ई–लर्निंग प्रोग्राम आन अडल्ट लर्निंग' विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। दौरे पर आए विद्वानों में प्रो. मेंडी स्टील और प्रो. प्रोमिला अग्रवाल, जार्ज ब्राउन कालेज, टोरंटो और श्री विलियम इवांस, नार्वेयन अडल्ट एज्यूकेशन एसोसिएशन, ओस्लो, प्रमुख थे। ग्रुप के शिक्षक तीन शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे और उन्होंने लगभग 16 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया।

- **महिला अध्ययन कार्यक्रम** – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान महिला अध्ययन कार्यक्रम के शिक्षक 'जेंडर ऐंड अर्बन लोकल गवर्नेंस इन टु सिटीज' और 'द डिक्लाइनिंग सेक्स रेशिओ इन फाइव नार्थ इण्डियन स्टेट्स' विषयक दो शोध परियाजाओं में संलग्न रहे। महिला अध्ययन कार्यक्रम ने अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'जेंडर इन रिसर्च' विषयक एक विशेष 2–दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। शिक्षकों ने लगभग 19 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया।

- **जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केंद्र** – केंद्र ने अनेक व्याख्यान आयोजित किए। प्रमुख वक्ताओं में प्रो. विबे ई. बिजकर, मास्ट्रीक्ट यूनिवर्सिटी; डा. माया उन्नीथन, ससेक्स यूनिवर्सिटी और डा. सुनीत वर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रमुख थे। केंद्र के शिक्षक 9 शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे और उन्होंने लगभग 38 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया।

जैव–प्रौद्योगिकी केंद्र (1986) को भारत के शीर्ष 20 जैव–प्रौद्योगिकी संस्थानों में से सर्वोत्तम माना गया है। केंद्र जैव–प्रौद्योगिकी के भिन्न–भिन्न क्षेत्रों में एम.एस–सी. और पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। एम.एस–सी. पाठ्यक्रम के लिए जैव–प्रौद्योगिकी विभाग सहयोग करता है, जबकि पी–एच.डी. पाठ्यक्रम का वित्त–पोषण शिक्षकों को प्राप्त अनुदान और विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है। एम.एस–सी. स्तर के कोर्स सैद्धान्तिक और अनुप्रयुक्त दोनों स्तरों पर जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए है। इनमें शामिल हैं – स्ट्रक्चर आफ मेट्रोमोलक्यूल्स फर्मेंटेशन और डाउनस्ट्रीम प्रोसेसिंग टेक्नोलाजी, मोलक्यूलर डायग्नोस्टिक्स एनिमल बायोटेक्नोलाजी, मोलक्यूलर बायोलाजी आफ प्रोकारियोटिक्स और यूकारियोटिक्स, जैनेटिक्स इंजीनियरिंग और इम्यूनोटेक्नोलाजी।

केंद्र के शिक्षक 16 शोध परियोजनाओं में संलग्न रहे और उन्होंने 13 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। प्रो. राकेश भट्नागर को राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद का फेलो चुना गया।

विधि और अभिशासन अध्ययन केंद्र (2000) – केंद्र ने प्रतिष्ठित शिक्षाविद प्रो. प्रणब बर्धन का 'डेमोक्रेसी, गवर्नेंस ऐंड इकोनामिक रिफार्म इन इण्डिया' विषयक एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया। केंद्र में आए अन्य विद्वानों में माइकल ट्रोपर (पेरिस), उमा चक्रवर्ती (दिल्ली) और डंकन बेंटली (बांड यूनिवर्सिटी) प्रमुख थे। नीरजा गोपाल जयाल 'मेंसन देस साइंसिस देल' होम पेरिस, में विजिटिंग फेलो रहीं। केंद्र के शिक्षकों द्वारा 8 शोध परियोजनाएं चलाई जा रही हैं और उन्होंने 25 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों तथा कार्यशालाओं में भाग लिया।

आणविक चिकित्साशास्त्र विशेष केंद्र (1999) का उद्देश्य मानव रोग के अध्ययन में आणविक और कोशिकीय जीवविज्ञान के सीधे अनुप्रयोग के साथ इस क्षेत्र में शोध कार्य को प्रोत्साहन देना है। वर्ष के दौरान केंद्र में आए विद्वानों में डा. रामकृष्ण प्रसाद एलुर, नेशनल आई इंस्टीट्यूट, यू.एस.ए.; डा. पाल फोक्स, क्लीवलेण्ड क्लिनिक फाउंडेशन, यू.एस.ए. और डा. अनिंद्य दासगुप्ता, येल यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. शामिल हैं। केंद्र के शिक्षक 12 शोध परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। सी.के. मुखोपाध्याय को वेलकम ट्रस्ट, यू.के. द्वारा इंटरनेशनल सीनियर रिसर्च फेलोशिप प्रदान की गई।

संस्कृत अध्ययन केंद्र (2001) – समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केंद्र में अनेक प्रतिष्ठित विद्वान आए और व्याख्यान दिए। इन विद्वानों में शामिल हैं – प्रो. एम.के. बिरस्की, यूनिवर्सिटी आफ वारसोवा, पोलेण्ड; डा. प्रबोध झींगन, नेहू, शिलांग और प्रो. दामोदर ठाकुर, साने यूनिवर्सिटी, रिपब्लिक आफ यमन। केंद्र ने संस्कृत सप्ताह समारोह के दौरान एक विशेष व्याख्यान माला का आयोजन किया। केंद्र के शिक्षक सात शोध परियोजनाओं में संलग्न थे और उन्होंने लगभग 37 राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया।

रक्षा/अनुसंधान और विकास संस्थान

जेएनयू ने देशभर के निम्नलिखित सुप्रसिद्ध संस्थानों को मान्यता प्रदान की है। यह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय चरित्र को दर्शाता है। इन संस्थानों के प्रतिनिधि जेएनयू के विभिन्न शैक्षिक और सांविधिक निकायों में रहते हैं। इसके साथ ही जेएनयू के शिक्षक भी इन संस्थानों के शैक्षिक निकायों में भाग लेते हैं।

रक्षा संस्थान

- सेना कैडेट महाविद्यालय, देहरादून
- सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, पुणे
- सेना इलेक्ट्रोनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरी महाविद्यालय, सिकन्दराबाद
- सेना दूर–संचार इंजीनियरी महाविद्यालय, महू
- राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे
- नौ सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, लोनावाला

अनुसंधान और विकास संस्थान

- कोशिकीय और अणु–विज्ञान केन्द्र, हैदराबाद
- विकास अध्ययन केंन्द्र, तिरूवनन्तपुरम्

- केन्द्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
- सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिसिनल ऐंड ऐरोमेटिक प्लांट्स, लखनऊ
- सूक्ष्म जैविक प्रौद्योगिकी संस्थान, चण्डीगढ़
- अंतरराष्ट्रीय आनुवंशिकी इंजीनियरी तथा जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली
- राष्ट्रीय प्रतिरक्षा–विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- नाभिकीय विज्ञान केन्द्र, नई दिल्ली
- रमण अनुसंधान संस्थान, बंगलौर
- राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली

छात्र

विश्वविद्यालय में देश के सभी भागों से छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। ये छात्र भारतीय समाज की भाषिक, धार्मिक, जातिगत और आर्थिक भिन्नता को दर्शाते हैं। इस संबंध में वर्ष 2005–2006 के आंकड़े नीचे दिए गए हैं। छात्र–शिक्षकों का अनुपात 13 : 1 है।

जेंडर प्रोफाइल		सोशल प्रोफाइल		पाठ्यक्रम	
• महिला	1862	• अनुसूचित जाति	669	• शोध (पी–एच.डी./एम.फिल./एम.टेक.)	2882
		• अनुसूचित जनजाति	370	• स्नातक (एम.ए./एम–एस.सी./एम.सी.ए.)	1526
• पुरुष	3402	• शारीरिक रूप से विकलांग	104	• पूर्व स्नातक (बी.ए. ऑनर्स)	595
		• विदेशी छात्र	241	• अंशकालिक (सीओपी/डीओपी/एडीओपी)	261
		• अन्य	3880		
कुल	**5264**				

प्रवेश

विश्वविद्यालय छात्रों को प्रवेश–परीक्षा के माध्यम से प्रवेश देता है। यह प्रवेश परीक्षा देश के विभिन्न भागों में स्थित 68 केन्द्रों और दो विदेश में स्थित केन्द्रों – काठमांडु (नेपाल) और कोलम्बो (श्रीलंका) में आयोजित की जाती है। प्रवेश संबंधी सूचना अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं के सभी मुख्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में दी जाती है। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रवेश प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में उपलब्ध सीटों की निश्चित संख्या के आधार पर दिया जाता है।

विश्वविद्यालय जेएनयू सहित 36 संस्थानों और विश्वविद्यालयों के लिए एम–एस.सी. (जैव–प्रौद्योगिकी) में संयुक्त प्रवेश परीक्षा भी आयोजित करता है। वर्ष 2005–06 के दौरान विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में निम्नलिखित छात्रों को प्रवेश दिया गया।

जेएनयू प्रवेश परीक्षा

प्रवेश हेतु भेजे गए प्रस्ताव और प्रवेश लेने वाले छात्र



प्रवेश-परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र



जेएनयू प्रवेश-परीक्षा

प्रवेश लेने वाले कुल विदेशी छात्र



शिक्षक

जेएनयू में लगभग 400 शिक्षक हैं। छात्रों की तरह शिक्षक भी हमारे देश की विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुल शिक्षकों में से लगभग एक चौथाई महिला शिक्षक हैं। पूर्ण विवरण निम्न प्रकार से है :

वर्तमान संख्या	396	पुरुष महिला	292 104
प्रोफेसर 175	सह–प्रोफेसर 126		सहायक प्रोफेसर 95
प्रोफेसर इमेरिटस 16		ऑनरेरी प्रोफेसर 04	

शैक्षिक उपलब्धियाँ

विश्वविद्यालय की मुख्य विशेषता इसके शिक्षकों द्वारा विकसित किए गए नवीनतम अध्ययन पाठ्यक्रम और कोर्स हैं। शिक्षक अपने परम्परागत विशेषीकृत क्षेत्रों की सीमाओं के पार शिक्षण, मार्ग–दर्शन और शोध के अतिरिक्त, पुस्तकों के लेखन, संपादन और पुस्तकों के लिए अध्याय लेखन, शोध आलेख प्रकाशित करने, संगोष्ठियाँ, सम्मेलन और कार्यशालाएं आयोजित करने और इनमें भाग लेने, व्याख्यान देने और शोध परियोजनाओं के प्रबंधन में भी संलग्न रहे। वर्ष 2005–2006 के दौरान उनकी संयुक्त उपलब्धियाँ निम्नलिखित थीं :



• पुस्तकें	95
• पुस्तकों में प्रकाशित अध्याय	253
• पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेख	518
• संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता	906
• विश्वविद्यालय से बाहर दिए गए व्याख्यान	518
• शोध परियोजनाएं	239

विश्वविद्यालय पुस्तकालय

समीक्षाधीन अवधि के दौरान 9000 से अधिक छात्रों, संकाय सदस्यों और देश–विदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के विद्वानों ने पुस्तकालय सुविधाओं का लाभ उठाया।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुस्तकालय ने 5946 पुस्तकें प्राप्त कीं। इनमें से 2333 पुस्तकें उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं। समीक्षाधीन वर्ष के अन्त में पुस्तकालय में कुल संग्रह 5,27,314 था। पुस्तकों की खरीद पर रु. 39,06,515.58 की राशि खर्च हुई और पत्रिकाओं पर रु. 2,06,77,324.28 खर्च किए गए। पुस्तकालय ने 864 पत्रिकाएं मंगाई और 105 पत्रिकाएं उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं।

अकादमिक स्टाफ कालेज

जेएनयू में अकादमिक स्टाफ कालेज की स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी। यह कालेज शिक्षकों के लिए निम्नलिखित विषयों में पुनश्चर्या कोर्स आयोजित कर रहा है : अंतरराष्ट्रीय संबंध, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, जीवन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान और जैव–प्रौद्योगिकी। यह सामाजिक और प्राकृतिक विज्ञानों में अनुशीलन कोर्स भी आयोजित करता है।

अकादमिक स्टाफ कालेज द्वारा आयोजित कोर्सों के लिए वरिष्ठ शिक्षक कोर्स समन्वयक के रूप में कार्य करते हैं। जेएनयू तथा अन्य संस्थानों के विद्वान विशेषज्ञ के रूप में कार्य करते हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 10 पुनश्चर्या और 03 अनुशीलन कोर्स आयोजित किए गए।

परियोजनाएं

वर्ष 2005–2006 के दौरान विभिन्न भारतीय और अन्तरराष्ट्रीय वित्तपोषक एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित 276 परियोजनाओं से संबंधित आय और व्यय क्रमशः रु. 16,12,32,634.00 और रु. 14,34,55,439.00 था।

वर्ष 2005–2006 के दौरान जेएनयू समुदाय के निम्नलिखित सदस्यों का अकाल निधन हुआ	
1.	डॉ. डी.के. तिवारी, सहायक प्रोफेसर, जापानी और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केन्द्र।
2.	श्री महेश चन्द्र, सुरक्षा गार्ड
3.	श्री सबल सिंह, मेस हेल्पर
4.	श्री जगदीश, सफाई कर्मचारी
5.	श्री वेद प्रकाश, बस हेल्पर

विश्वविद्यालय के निकाय

विश्वविद्यालय के कार्य का सुव्यवस्थित रूप से संचालन करने के लिए विश्वविद्यालय कोर्ट, कार्य परिषद्, विद्या परिषद् जैसे निकाय और वित्त समिति जैसी सांविधिक समितियाँ हैं।

विश्वविद्यालय कोर्ट

विश्वविद्यालय कोर्ट विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निकाय है। इसकी बैठक वर्ष में एक बार कार्य परिषद् द्वारा निर्धारित तिथि को होती है, जिसमें विश्वविद्यालय की पिछले वर्ष की रिपोर्ट, आय और व्यय का विवरण, लेखा–परीक्षित तुलन–पत्र और अगले वित्तीय वर्ष के बजट पर विचार किया जाता है। विश्वविद्यालय कोर्ट को कार्य परिषद् और विद्या परिषद् के कार्यों (उन परिस्थितियों में है, यदि इन परिषदों ने विश्वविद्यालय के अधिनियम, संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप कार्य न किया हो) और विश्वविद्यालय की शक्तियाँ, जो अधिनियम और संविधियों में नहीं दी गई हैं, की समीक्षा करने का अधिकार है।

विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक – 4 मार्च, 2006

विश्वविद्यालय कोर्ट ने 4 मार्च, 2006 को हुई अपनी बैठक में विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर 01 अप्रैल, 2004 से 31 मार्च 2005 तक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2004–2005 का लेखा–परीक्षित प्राप्ति और व्यय का विवरण तथा परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण और वित्तीय वर्ष 2005–2006 का बजट प्राप्त किया। इसने विश्वविद्यालय का योजनेत्तर अनुरक्षण बजट भी प्राप्त किया।

कार्य परिषद

कार्य परिषद् विश्वविद्यालय की एक उच्चतम और महत्वपूर्ण कार्य निकाय है; इसे चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर शिक्षकों और अन्य ग्रुप 'ए' के अधिकारियों की नियुक्ति, उनकी परिलब्धियाँ और उनकी ड्यूटी निश्चित करने की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं। कार्य परिषद् को विश्वविद्यालय की संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ के बीच अनुशासन बनाए रखने तथा विश्वविद्यालय के वित्त, लेखाओं और अन्य प्रशासनिक मामलों का प्रबंध और विनियमित करने की शक्ति प्राप्त है।

कार्य परिषद् की बैठकें	–	2 जून, 2005
	–	9 अगस्त, 2005
	–	5 दिसम्बर, 2005
	–	27 फरवरी, 2006

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्य परिषद् ने अनेक प्रशासनिक और शैक्षिक मामलों पर विमर्श किया और उन पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इसने कुलपति द्वारा संविधियों/अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुछ अत्यावश्यक प्रकृति के मामलों पर लिए गए निर्णयों पर विचार करके उनका अनुमोदन भी किया। परिषद् ने शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ की नियुक्तियों के लिए विभिन्न चयन समितियों की सिफारिशों पर कुलपति द्वारा किए गए अनुमोदनों का भी अनुमोदन किया।

विद्या परिषद्

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय की मुख्य शैक्षिक निकाय है। विद्या परिषद् को अन्य के साथ–साथ विभाग, विशेष केन्द्र, विशेषीकृत प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए कार्य परिषद् को सुझाव देने की शक्ति प्राप्त है। विद्या परिषद् को शैक्षिक पदों का सृजन और समाप्त करने, उनका वर्गीकरण करने, प्रवेश और परीक्षाओं पर मसौदा अध्यादेश तैयार करने, परीक्षकों की नियुक्ति और उनके शुल्क का निर्धारण करने, मानद उपाधियाँ और अध्येतावृत्तियाँ, छात्रवृत्तियाँ आदि प्रदान करने की शक्ति प्राप्त है। विद्या परिषद् को अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के डिप्लोमा और डिग्रियों को मान्यता प्रदान करने, विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु समितियाँ गठित करने, परीक्षाओं के आयोजन और उन्हें आयोजित करने की तिथि निर्धारित करने और विभिन्न विश्वविद्यालय परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने आदि की व्यवस्था करने की शक्ति भी प्राप्त है।

विद्या परिषद् की बैठक – 23 नवम्बर, 2005

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विद्या परिषद् ने अपनी बैठक में विभिन्न संस्थानों से सदस्यों को सहयोजित किया, विभिन्न संस्थानों/विशेष केन्द्रों के अध्ययन मण्डलों/विशेष समितियों में शिक्षक/विशेषज्ञ नामित किए, और वर्ष 2005–2006 में प्रवेश का तथ्यात्मक डाटा प्राप्त किया।

वित्त समिति

वित्त समिति विश्वविद्यालय की सांविधिक निकाय है। यह समिति विश्वविद्यालय के बजट तथा व्यय प्रस्तावों, नए/अतिरिक्त पदों से संबंधित सभी प्रस्तावों, लेखाओं, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और अन्य वित्तीय एवं लेखाओं से संबंधित मामलों पर विचार करती है। इसकी सिफारिशें कार्य परिषद् को अनुमोदन के लिए भेजी जाती हैं।

वित्त समिति की बैठक – 29 नवम्बर, 2005

वित्त समिति ने अपनी बैठक में विश्वविद्यालय के वर्ष 2005–2006 के लिए 'अनुरक्षण' खाते में 8451.65 लाख रुपये के संशोधित आकलनों को मंजूरी दी।

आख्यान

"विश्वविद्यालय का उद्देश्य मानवता, सहनशीलता, तर्कशीलता, चिन्तन प्रक्रिया और सत्य की खोज की भावना को स्थापित करना होता है। इसका उद्देश्य मानव जाति को निरन्तर महत्तर लक्ष्य की ओर प्रेरित करना होता है। अगर विश्वविद्यालय अपना कर्तव्य ठीक से निभाएं तो यह देश और जनता के लिए अच्छा होगा।"

स्वतंत्रत भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा 13 दिसम्बर 1947 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की हीरक जयंती के अवसर पर दिए गए उपर्युक्त वक्तव्य से यह परिलक्षित होता है कि पं. नेहरू ने भारत में विश्वविद्यालीय शिक्षा को विशेष महत्व दिया है। नेहरू का दृढ़ विश्वास था कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों के मन में आधारभूत मूल्यों को बैठाते हुए, जिनमें वे विश्वास रखते हैं, राष्ट्र के स्वरूप को बदलने और उसे शक्तिशाली बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

ऐसे महान राजनेता के विचारों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना ज.ने.वि. अधिनियम 1966 (1966 का 53) के अन्तर्गत वर्ष 1966 में की गई थी। पं. जवाहरलाल नेहरू को और अधिक सम्मान देने की दृष्टि से विश्वविद्यालय का औपचारिक उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति स्व. श्री वी.वी. गिरी द्वारा पं. नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर 1969 को किया गया था। संयोगवश यह वर्ष महात्मा गाँधी का जन्मशती वर्ष भी था।

विश्वविद्यालय के उद्देश्य हैं –

> 'अध्ययन, अनुसंधान और अपने संगठित जीवन के उदाहरण और प्रभाव द्वारा ज्ञान का प्रसार व अभिवृद्धि करना, उन सिद्धान्तों की अभिवृद्धि का प्रयास करना, जिनके लिए जवाहरलाल नेहरू ने जीवन–पर्यंत काम किया, जैसे – राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्म निरपेक्षता, जीवन की लोकतांत्रिक पद्धति, अन्तर्राष्ट्रीय समझ और सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण।

इस लक्ष्य की दिशा में, विश्वविद्यालय –

- भारत की सामासिक संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसे विभाग और संस्थान स्थापित करेगा जो भारत की भाषाओं, कलाओं और संस्कृति के अध्ययन तथा विकास के लिए अपेक्षित हों;
- सम्पूर्ण भारत से छात्रों और अध्यापकों को उसके शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सुविधा देने के लिए विशेष उपाय करेगा;
- छात्रों और अध्यापकों में देश की सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता और बोध की अभिवृद्धि करते हुए उन्हें इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तैयार करेगा;
- अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी के साथ–साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भी समन्वित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा;
- अन्तर–विषयक अध्ययन के प्रोत्साहन के लिए समुचित उपाय करेगा;
- छात्रों में विश्वव्यापी दृष्टिकोण और अन्तर्राष्ट्रीय समझ विकसित करने की दृष्टि से ऐसे विभाग या संस्थान स्थापित करेगा जो विदेशी भाषाओं, साहित्य और जीवन के अध्ययन के लिए आवश्यक हों; और
- विभिन्न देशों से आए छात्रों और अध्यापकों के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने हेतु सुविधाएं प्रदान करेगा।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की अद्वितीयता का प्रमाण इसके मूल दर्शन, नीतियों और मुख्य कार्यक्रमों से मिलता है, जिनका उल्लेख विश्वविद्यालय के अधिनियम में स्पष्ट रूप से किया गया है। तदनुसार, विश्वविद्यालय का हमेशा यही प्रयास रहा है कि ऐसी नीतियां और अध्ययन कार्यक्रम विकसित किए जाएं जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पहले से उपलब्ध सुविधाओं में मात्र विस्तार न होकर राष्ट्रीय संसाधनों में महत्वपूर्ण वृद्धि करें। इस तरह विश्वविद्यालय ऐसे कार्यक्रमों पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है जो राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए संगत हों। इस संबंध में, विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित प्रयास किए हैं –

- विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, जैसे विचारों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जीवन के प्रति विश्वव्यापी और मानववादी दृष्टिकोण विकसित करने के लिए निरन्तर प्रयास किए हैं।
- विश्वविद्यालय ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से छात्रों और शिक्षकों का चयन करके अपने राष्ट्रीय चरित्र को बनाए रखा है।
- ज्ञान की अविभाज्यता को स्वीकारते हुए अन्तर–विषयक शिक्षण तथा शोध को बढ़ावा दिया गया है और तद्नुसार अध्ययन संस्थानों और केन्द्रो की स्थापना की गई है।
- विश्वविद्यालय में अपरम्परागत क्षेत्रों में शिक्षण एवं शोध पर बल देते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि जहां तक संभव हो सके अन्य विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की पुनरावृत्ति न हो।
- विश्वविद्यालय में भारतीय और विदेशी भाषाओं के शिक्षण और शोध का एक मॉडल भाषा संस्थान स्थापित करने पर ध्यान दिया गया है। इसमें विभिन्न उपकरणों से सुसज्जित भाषा प्रयोगशालाएं और केंद्र हैं जहाँ सम्बन्धित देशों के साहित्य, संस्कृति और सभ्यता का अध्ययन काफी उपयुक्त और प्रभावी ढ़ंग से होता है।
- विश्वविद्यालय में एक ऐसी पद्धति विकसित की गई है, जिसके अन्तर्गत पढ़ाए जाने वाले कोर्स, उन कोर्सों की संक्षिप्त विषय–वस्तु और मूल्यांकन पद्धति जैसे मूल शैक्षिक निर्णय स्वयं शिक्षकों द्वारा ही लिए जाते हैं।
- विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश देश भर में फैले 62 केंद्रों और विदेशों में स्थित 2 केंद्रों पर आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश–परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर दिया जाता है।
- भारत सरकार की नीति के अनुसार, विश्वविद्यालय में छात्रों को प्रवेश में और शिक्षकों को भर्ती में आरक्षण दिया जाता है।
- विश्वविद्यालय में मेरिट–कम–मींस छात्रवृत्तियों/अध्येतावृत्तियों के लिए उदार प्रावधान हैं। छात्रों के साथ–साथ शिक्षकों को उनके शोध कार्य के लिए देश–विदेश का दौरा करने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।
- विश्वविद्यालय अन्तर्राष्ट्रीय समझ को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से विदेशों के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों में भाग लेता है। विश्वविद्यालय ने कई विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए हैं।
- छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए एक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है।
- एक स्वच्छ सामाजिक वातावरण और जेएनयू समुदाय में सुरक्षा की भावना विकसित करने की दृष्टि से विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति का गठन किया है।
- बाबा साहेब अम्बेडकर चेयर, नेल्सन मंडेला चेयर, अप्पादुरई चेयर, राजीव गांधी चेयर, आर.बी.आई. चेयर, एस.बी.आई. चेयर, ग्रीक अध्ययन में चेयर जैसी कई चेयर स्थापित की गई हैं।
- विश्वविद्यालय के दलित छात्रों के शैक्षिक/वित्तीय सम्बन्धी मामलों की देख–रेख के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है।

- विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा में वेटेज देने से संबंधित महत्वपूर्ण कदम वर्ष 1995 में उठाए थे।
- जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से 36 से अधिक प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के एम.एस–सी. – जैव–प्रौद्योगिकी, एम.एस–सी. – कृषि जैव–प्रौद्योगिकी, एम.वी.एस–सी. (एनिमल) जैव–प्रौद्योगिकी और एम.टेक. जैव–प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त जैव–प्रौद्योगिकी प्रवेश–परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित कर रहा है। यह प्रवेश–परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाती है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना विशेष रूप से एक स्नातकोत्तर शिक्षण एवं शोध संस्थान के रूप में की गई थी। विश्वविद्यालय की विद्या सलाहकार समिति ने यह निर्णय लिया था कि विश्वविद्यालय में मूलतः 9 संस्थान होंगे :

1. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान
2. सामाजिक विज्ञान संस्थान
3. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान
4. जीवन विज्ञान संस्थान
5. पर्यावरण विज्ञान संस्थान
6. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान
7. भौतिक विज्ञान संस्थान
8. कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान
9. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

इनमें से पहले चार अध्ययन संस्थानों ने वर्ष 1971 में नई दिल्ली में अपनी गतिविधियां आरम्भ कीं। वर्ष 1974 और 1975 में क्रमशः पर्यावरण विज्ञान संस्थान तथा कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान की स्थापना हुई। भौतिक विज्ञान संस्थान वर्ष 1986 में शुरू हुआ। वर्ष 2001 में कला और सौन्दर्य–शास्त्र संस्थान और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान शुरू हुए।

वर्ष 1972 में इंफाल (मणिपुर) में स्नातकोत्तर अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई। अंततः वर्ष 1981 में यह केन्द्र मणिपुर विश्वविद्यालय का एक हिस्सा बन गया।

पिछले लगभग 37 वर्ष के दौरान निम्नलिखित अध्ययन केंद्र शुरू किए गए और इन्हें सम्बन्धित संस्थानों को सौंपा गया : –

1. सामाजिक विज्ञान संस्थान	– सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र – ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र – राजनीतिक अध्ययन केंद्र – क्षेत्रीय विकास अध्ययन केंद्र – सामाजिक चिकित्साशास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र – जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केंद्र – विज्ञान नीति अध्ययन केंद्र – आर्थिक अध्ययन और नियोजन केंद्र – दर्शनशास्त्र केंद्र – महिला अध्ययन कार्यक्रम – प्रौढ़ शिक्षा ग्रुप – भारत के समसामयिक इतिहास पर अभिलेखागार – शैक्षिक रिकार्ड शोध यूनिट

2. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	– फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र – जर्मन अध्ययन केंद्र – स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र – अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र – भारतीय भाषा केंद्र – भाषा–विज्ञान केंद्र – अंग्रेजी अध्ययन केंद्र – फारसी और मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र – जापानी और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र – चीनी और दक्षिण–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र – रूसी अध्ययन केन्द्र – भाषा प्रयोगशाला समूह
3. अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	– कनाडियन, यूएस और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र – अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और विकास केंद्र – पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र – रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र – अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केंद्र – दक्षिण, मध्य, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन केंद्र – पश्चिमी एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र – अंतरराष्ट्रीय विधि अध्ययन केंद्र – यूरोपीय अध्ययन केंद्र
4. कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान	–
5. जीवन विज्ञान संस्थान	–
6. पर्यावरण विज्ञान संस्थान	–
7. कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	–
8. भौतिक विज्ञान संस्थान	–
9. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान	– जैव–सूचना–विज्ञान केंद्र – संचार और सूचना सेवाएं – कंप्यूटर केंद्र
10 जैव–प्रौद्योगिकी केंद्र	–
11. संस्कृत अध्ययन केंद्र	–
12. आणविक चिकित्सा–शास्त्र केंद्र	–
13. विधि और अभिशासन अध्ययन केंद्र	–

इनके अतिरिक्त, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने अपने राष्ट्रीय चरित्र के अनुसार देश भर के निम्नलिखित सुप्रसिद्ध संस्थानों को मान्यता प्रदान की है।

1. रक्षा संस्थान	– सेना कैडेड महाविद्यालय, देहरादून – सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, पुणे – सेना इलेक्ट्रोनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरी महाविद्यालय, सिकंदराबाद – सेना दूर–संचार इंजीनियरी महाविद्यालय, महू – राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे – नौ सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, लोनावाला
2. अनुसंधान और विकास संस्थान	– कोशिकीय और अणु जीव–विज्ञान केंद्र, हैदराबाद – विकास अध्ययन केंद्र, तिरूवनन्तपुरम – केंद्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ – सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिसिनल ऐंड ऐरोमेटिक प्लांट, लखनऊ – सूक्ष्म जैविक प्रौद्योगिकी संस्थान, चण्डीगढ़ – अन्तरराष्ट्रीय आनुवंशिकी इंजीनियरी तथा जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली – राष्ट्रीय प्रतिरक्षा–विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली – नाभिकीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली – रमण अनुसंधान संस्थान, बंगलौर – राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली.

शैक्षिक कार्यक्रम और प्रवेश

अध्ययन पाठ्यक्रम

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय ने 61 विषयों में पी–एच.डी., एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./ पी–एच.डी. और एम.पी.एच/पी–एच.डी. कोर्स चलाए।

जैव–सूचना विज्ञान में उच्च (स्नातकोत्तर) डिप्लोमा, 5 विषयों में एम.एस–सी./एम.सी.ए., 23 विषयों में स्नातकोत्तर तथा 9 विदेशी भाषाओं में स्नातक पाठ्यक्रम चलाए। इनके अतिरिक्त, विभिन्न भाषाओं में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और उच्च डिप्लोमा कोर्स भी चलाए।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों द्वारा निम्नलिखित अध्ययन पाठ्यक्रम चलाए गए :

कला और सौन्दर्य–शास्त्र संस्थान

- एम.ए. : यह 4 सत्रीय पाठ्यक्रम है। यह दृश्य और अभिनय कला के सैद्धांतिक और आलोचनात्मक अध्ययन पर केन्द्रित है।

कंप्यूटर और पद्धति–विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : यह पाठ्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान के विभिन्न पक्षों पर केन्द्रित है।
- एम.टेक./पी–एच.डी. (कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी) : यह 3–सत्रीय पाठ्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी प्रदान करने की दृष्टि से तैयार किया गया है। एम.टेक. पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीद्वार पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में पंजीकरण के पात्र हो जाते हैं।
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) : 3–वर्षीय पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि छात्रों को विज्ञान और इंजीनियरी के क्षेत्र में कंप्यूटर अनुप्रयोग सम्बन्धी सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि एवं व्यावहारिक अनुभव की आवश्यक जानकारी प्राप्त हो सके तथा डाटा प्रोसेसिंग के क्षेत्र में मानव–शक्ति की बढ़ती हुई मांग को पूरा किया जा सके।

पर्यावरण विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : चार विस्तृत क्षेत्रों में शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं। (विस्तृत विवरण इस संस्थान के अध्याय में दिया गया है।)

  एम.एस–सी. – पर्यावरण विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम वायुमंडलीय, भूमि, प्रदूषण और जीव–विज्ञानों के क्षेत्र में विशेषीकरण सहित पर्यावरण के मुख्य आयामों से सम्बद्ध है।

अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : कोर्स कार्य और शोध सुविधाएं निम्नलिखित क्षेत्रों में उपलब्ध हैं : अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, तुलनात्मक राजनीति, अन्तर्राष्ट्रीय संगठन, राजनीतिक भूगोल, राजनयिक अध्ययन, अन्तर्राष्ट्रीय विधि अध्ययन, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और विकास, निरस्त्रीकरण अध्ययन, दक्षिण एशियाई अध्ययन, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन, मध्य एशियाई अध्ययन, चीनी अध्ययन, जापानी और कोरियाई अध्ययन, पश्चिमी एशियाई और उत्तरी अफ्रीकी अध्ययन, उप–सहारीय अफ्रीकी अध्ययन, अमरीकी अध्ययन, लेटिन अमरीकी अध्ययन, पश्चिमी यूरोपीय अध्ययन, कनाडियन अध्ययन तथा रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन।

- एम.ए. राजनीति (अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में विशेषीकरण के साथ) : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है, जिसमें अन्तरराष्ट्रीय मामलों, क्षेत्रीय राजनीति, राजनीतिक सिद्धांत, तुलनात्मक राजनीति और आर्थिक विकास के क्षेत्र शामिल हैं। इनसे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के अध्ययन की गहन जानकारी प्राप्त होती है।
- एम.ए. अर्थशास्त्र (विश्व अर्थव्यवस्था में विशेषीकरण के साथ) : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है, जिसमें छात्रों को अर्थशास्त्र के सिद्धांतों की ठोस सैद्धांतिक पृष्ठभूमि उपलब्ध होती है और वे विश्व अर्थव्यवस्था के विकास को विश्लेषणात्मक ढंग से समझने के लिए तैयार होते हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

- उच्च (स्नातकोत्तर) डिप्लोमा : यह एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम जीनोम सिक्वेंस एनालिसिस और मोलक्यूलर मॉडलिंग के कंप्यूटेशनल एप्रोचिज पर केन्द्रित है।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान

- पी–एच.डी. : दर्शनशास्त्र।
- एम.फिल. / पी–एच.डी. : अरबी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, हिन्दी, हिन्दी अनुवाद, भाषा विज्ञान, रूसी, चीनी, फारसी, स्पेनी और उर्दू।
- एम.फिल. : पुर्तगाली।
- एम.ए. : अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, हिन्दी, जापानी, भाषा विज्ञान, फारसी, रूसी, स्पेनी और उर्दू।
- बी.ए. (ऑनर्स) : अरबी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, कोरियाई, फारसी, रूसी और स्पेनी (प्रथम और द्वितीय वर्ष में प्रवेश सहित)। यह पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीद्वार सम्बन्धित भाषा के एम.ए. पाठ्यक्रम में पंजीकरण के पात्र हो जाते हैं।

अंशकालिक पाठ्यक्रम

- जन–संचार माध्यम में उच्च डिप्लोमा (उर्दू)
- पुर्तगाली और पश्तो में उच्च प्रवीणता डिप्लोमा
- भाषा इंदोनेशिया, इतालवी, पुर्तगाली और पश्तो में प्रवीणता डिप्लोमा।
- भाषा इंदोनेशिया, इतालवी, मंगोली, पश्तो, उर्दू और पुर्तगाली में प्रवीणता प्रमाण–पत्र।

जीवन विज्ञान संस्थान

- एम.फिल. / पी–एच.डी. : जीवन विज्ञान के निम्नलिखित क्षेत्रों में : रेग्यूलेशन आफ जीन एक्सप्रेशन, न्यूक्लेइक एसिड थेराप्यूटिक्स, प्लांट फीजियोलॉजी ऐंड बायोटेक्नोलॉजी, जेनेटिक्स, फंक्शनल जीनोमिक्स, मोलक्यूलर पैरासिटोलॉजी, मोलक्यूलर बायोफिजिक्स ऐंड स्ट्रक्चरल बायोलॉजी, इम्युनोलॉजी, रेडिएशन बायोलॉजी ऐंड न्यूरोफिजियोलॉजी आदि।
- एम.एस–सी. – बायोकेमेस्ट्री जेनेटिक्स माइक्रो बॉयोलाजी, मैथमैटिक्स, केमेस्ट्री और फिजिक्स में फाउंडेशन के बाद जीवन विज्ञान में निम्नलिखित कोर्स चलाए हैं : एप्लाइड मोलक्यूलर बायोलॉजी, बायोलॉजी, बायोइफॉर्मेटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी ऐंड ह्यूमन जैनेटिक्स, सेल सिग्नेलिंग ऐंड जीन एक्सप्रेशन इन सेल डिफरेंसिएशन ऐंड डिसीज्स, मोलक्यूलर बायोफिजिक्स, स्ट्रक्चरल बायोलॉजी, एडवांस्ड माइक्रोबायल फीजियोलॉजी, मोलक्यूलर बायोलॉजी आफ स्ट्रेस।

भौतिक विज्ञान संस्थान

- पी–एच.डी. : संस्थान की शोध एवं शिक्षण गतिविधियां मुख्यतः नान–लिनियर डायनेमिक, क्लासिकल ऐंड क्वांटम केओस, केमिकल फिजिक्स, केंडेंस्ड मैटर फिजिक्स, डिसार्डर्ड सिस्टम्स, नान इक्वीलिब्रियम स्टेटिस्टीकल मैकेनिक्स, क्वांटम फील्ड थीअरि ऐंड पार्टिकल फिजिक्स, मैथमेटीकल फिजिक्स, क्वांटम आप्टिक्स, स्टेटिस्टीकल न्यूक्लियर फिजिक्स के सैद्धांतिक क्षेत्रों तथा कंप्लेक्स फ्लूइड्स, मैग्नेटिज्म और नॉन–लिनियर आप्टिक्स के प्रयोगात्मक क्षेत्रों पर केन्द्रित है।
- एम.एस–सी. – भौतिक–विज्ञान : यह 4–सत्रीय पाठ्यक्रम है। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन–विज्ञान और गणित स्ट्रीम के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

सामाजिक विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : निम्नलिखित विषयों में विस्तृत रूप से शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं :

  आर्थिक अध्ययन और नियोजन; शैक्षिक अध्ययन; ऐतिहासिक अध्ययन; राजनीतिक अध्ययन; क्षेत्रीय विकास (भूगोल, अर्थशास्त्र और जनसंख्या अध्ययन); सामाजिक पद्धति; सामाजिक चिकित्साशास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य; विज्ञान नीति; और दर्शन शास्त्र।
- सामुदायिक स्वास्थ्य स्नातकोत्तर (एम.सी.एच.)/पी–एच.डी. : इस पाठ्यक्रम में तीन मुख्य क्षेत्र शामिल है – सामाजिक चिकित्सा, सामुदायिक स्वास्थ्य और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग।
- एम.ए. – (4–सत्रीय) : अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान और समाजशास्त्र।

जैव–प्रौद्योगिकी केन्द्र

- पी–एच.डी. : केन्द्र के पाठ्यक्रम अन्तरविषयक प्रकृति के हैं। कोर्स कार्य और सुविधाएं निम्नलिखित क्षेत्रों में उपलब्ध हैं :

  प्रोटीन इंजीनियरी; प्रोकोरियोटिक/यूकोरियोटिक जीन अभिव्यक्ति; संक्रामक रोग – अणु जीव–विज्ञान; अणु प्रतिरक्षा विज्ञान; प्रोटीन स्टेबिलिटी, कन्फरमेशन्स ऐंड फोल्डिग; बायोप्रोसेस स्केल अप ऐंड आप्टिमाइजेशन; यूकोरियोटिक जीन का अनुलेखन।
- एम.एस–सी. – जैव प्रौद्योगिकी : 4–सत्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा छात्रों को आनुवंशिकी इंजीनियरी और जैव–प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति से अवगत कराने और इनका उपयोग उद्योग, कृषि और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में करने की दृष्टि से तैयार की गई है।

विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र

- एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम : विधि और अभिशासन में।

संस्कृत अध्ययन केन्द्र

- एम.फिल./पी–एच.डी. : संस्कृत में।
- एम.ए. : यह 4 सत्रीय पाठ्यक्रम है। यह पाठ्यक्रम भारतीय बौद्धिक परम्परा, संस्कृत भाषा विज्ञान परम्परा, कंप्यूटेशनल भाषा–विज्ञान और संस्कृत साहित्य का परिचय पर केन्द्रित है।

आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र

- पी–एच.डी. शोध गतिविधियां मोलक्यूलर मेडिसिन पर तथा शिक्षण और शोध गतिविधियां मेटाबोलिक डिसआर्डर, इनफेक्शस डिजीज और डायग्नोस्टिक्स पर केन्द्रित हैं।

शैक्षिक सत्र 2005–2006 (प्रवेश और छात्रों की संख्या)

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में स्थित 62 केन्द्रों पर 15–18, मई 2005 को जे.एन.यू. प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई। ये राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश हैं – आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, गोवा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, उड़ीसा, पांडिचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। इनके अतिरिक्त, सार्क देशों में स्थित दो केंद्रों – काठमांडू, नेपाल और कोलम्बो, श्रीलंका – में भी प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई।

1. विश्वविद्यालय ने 60,392 आवेदन–पत्र बेचे। इनमें से प्रवेश के इच्छुक उम्मीद्वारों से पूर्ण रूप से भरे हुए 52,098 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। उम्मीद्वारों द्वारा अपने आवेदन–पत्रों में विभिन्न विषयों/अध्ययन पाठ्यक्रमों के लिए भरे गए विकल्पों के आधार पर यह संख्या बढ़कर 74,687 हो गई।

2. उम्मीदवारों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों और प्रवेश नीति के प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई योग्यताक्रम सूची के आधार पर 1900 उम्मीदवारों को प्रवेश प्रस्ताव भेजे गए। इनमें से 1426 उम्मीद्वारों ने विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया।

3. 22.5ः (अ.जा. 15ः और अ.ज.जा. 7.5ः) आरक्षित सीटों में से 24.13ः (अ.जा. 13.80ः और अ.ज.जा. 10.33ः) उम्मीद्वारों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।

4. विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 1426 उम्मीदवारों में :
   - 591 उम्मीद्वारों ने एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./पी–एच.डी., एम.सी.एच./पी–एच.डी. और 594 उम्मीद्वारों ने एम.ए./एम.एस–सी./एम.सी.ए. और शेष 241 उम्मीद्वारों ने विदेशी भाषाओं में बी.ए. (आनर्स) के अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया;
   - प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों में 892 पुरुष और 534 महिला उम्मीद्वार थीं;
   - अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों और पिछड़े हुए जिलों से अर्हक परीक्षा पास करने वाले वे उम्मीदवार जिन्हे "डेप्रिवेशन अंकों" का लाभ मिला, की संख्या 437 (30.93ः) थी। वर्ष 2004–2005 में इन उम्मीद्वारों की संख्या 369 थी।
   - कुल 297 अ.पि. वर्ग से संबंधित उम्मीद्वारों (लगभग 21.02ः उम्मीद्वार) का विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चयन हुआ।

5. विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों ने अपनी अर्हक परीक्षा 131 भारतीय विश्वविद्यालयों/ संस्थानों/बोर्डों से पास की थी।

6. प्रवेश पाने वाले 1426 उम्मीदवारों में से 633 उम्मीद्वार निम्न और मध्यम आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 6,000 रुपये से कम थी और 793 उम्मीद्वार उच्च आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 6,000 रुपये से अधिक थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से छात्रों का अनुपात क्रमशः 524 : 902 था। केवल 417 उम्मीद्वारों ने अपनी स्कूली शिक्षा पब्लिक स्कूलों से प्राप्त की थी और शेष 1009 ने नगर–निगम और अन्य स्कूलों से।

7. विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 1426 उम्मीद्वारों के अलावा 179 उम्मीद्वार निम्नलिखित वर्गों से थे :
   - विदेशी छात्र (29 देशों से) : 90*
   - सीधे पी–एच.डी. में प्रवेश : 54
   - गत वर्ष ज्वाइन न कर पाने वाले छात्र : 17

ङ 'नेट' परीक्षा उतीर्ण (कनिष्ठ शोधवृत्ति धारक) : 18

(* एब्सेंसिया श्रेणी में)

संयुक्त प्रवेश परीक्षा

पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने 18 मई 2005 को देश–भर में 65 केन्द्रों पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय सहित 36 प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के एम.एस–सी. (बायोटेक्नोलॉजी), एम.एस–सी. (एग्रीकल्चर)/ एम.वी.एस–सी. (एनीमल बायोटेक्नोलॉजी) और एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त जैव–प्रौद्योगिकी प्रवेश–परीक्षा आयोजित की।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान में अंशकालिक पाठ्यक्रम

संस्थान के डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पूर्ण रूप से भरे हुए कुल 1109 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 251 उम्मीद्वारों ने इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया – सी.ओ.पी. में 157, डी.ओ.पी. में 59 और ए.डी.ओ.पी. में 35.

छात्रों की संख्या

1.9.2005 को विश्वविद्यालय में 5264 पूर्णकालिक छात्र पंजीकृत थे। विभिन्न पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों का विवरण इस प्रकार है – 2882 छात्र शोध कर रहे थे और 1526 छात्र एम.ए./एम.एस–सी./ एम.सी.ए. और 856 छात्र (अंशकालिक पाठ्यक्रम सहित) स्नातक पाठ्यक्रमों में और 18 जैव–सूचना विज्ञान (स्नातकोत्तर) डिप्लोमा में अध्ययनरत थे।

प्रदान की गई उपाधियां/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त संस्थानों के 2575 छात्रों को अपने–अपने पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर उपाधियां/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान किए गए :

(1)	पी–एच.डी.	:	267
(2)	एम.फिल.	:	376
(3)	एम.टेक.	:	15
(4)	एम.ए.	:	566
(5)	एम.एस–सी./एम.सी.ए./एम.सी.एच.	:	82
(6)	बी.ए. (ऑनर्स) (मान्यता प्राप्त संस्थान)	:	153
(7)	उच्च डिप्लोमा (जै.सू.वि. केंद्र)	:	15
(8)	डिप्लोमा/सर्टिफिकेट	:	94
(9)	बी.ए. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	:	180
(10)	बी.एस.–सी. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	:	389
(11)	बी.टेक. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	:	434
(12)	एम.टेक. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	:	6
	कुल	:	**2577**

प्रवेश प्रक्रिया

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्क्रमों में प्रवेश विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् द्वारा समय–समय पर अनुमोदित प्रवेश नीति और प्रक्रिया के अनुसार दिए जाते हैं।

प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में सीटों (एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों सहित) की संख्या का निर्धारण संबंधित केन्द्रों/संस्थानों की सिफारिशों के आधार पर विद्या परिषद् द्वारा किया जाता हैं। सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों की सीटें केन्द्रों/संस्थानों द्वारा एम. फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित की गई सीटों के अतिरिक्त होती हैं।

प्रवेश में आरक्षण : विश्वविद्यालय अ.जा./अ.ज.जा. के छात्रों को आरक्षण उपलब्ध कराता है। 22.5ः स्थान अ.जा./ अ.ज.जा. (क्रमश : 15ः और 7.5ःए आवश्यक होने पर सीटों के अनुपात में परिवर्तन किया जा सकता है) और 3ः स्थान शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीद्वारों के लिए आरक्षित हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में निश्चित सीटों के अलावा 15ः सीटें विदेशी छात्रों के लिए आरक्षित हैं। विदेशी छात्रों के लिए निर्धारित 15ः सीटों में से 7)ः सीट प्रवेश–परीक्षा के माध्यम से तथा 7)ः सीट 'एब्सेंसिया' में भरी जाती हैं। आवश्यक होने पर सीटों के अनुपात में परिवर्तन किया जा सकता है।

प्रवेश सूचना : प्रवेश संबंधी सूचना अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय समाचार–पत्रों और देश के विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी समाचार–पत्रों में प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के लगभग दूसरे सप्ताह में प्रकाशित की जाती है।

लिखित–परीक्षा : विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु देश भर में फैले विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर लिखित–परीक्षा आयोजित की जाती है। यह लिखित परीक्षा प्रत्येक वर्ष मई माह के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाती है। प्रत्येक पाठ्यक्रम अथवा अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए तीन घंटे की अवधि वाला एक प्रश्न–पत्र तैयार किया जाता है। प्रवेश–परीक्षा तीन दिन चलती है। प्रत्येक दिन दो सत्रों में परीक्षा होती है, जिनमें तीन–तीन घंटे के प्रश्न–पत्र होते हैं। उम्मीद्वार को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिखित–परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा मौखिक–परीक्षा (जहाँ निर्धारित हो) के आधार पर दिया जाता है। जहाँ मौखिक–परीक्षा लागू है वहाँ लिखित परीक्षा 70 अंकों की होती है।

प्रवेश–परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपेक्षित पात्रता : प्रवेश–परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपेक्षित पात्रता (सामान्य वर्ग एवं आरक्षित वर्ग दोनों के लिए) विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में बनाए गए मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार निर्धारित होती है। पाठ्यक्रम विशेष में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हक परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों को भी प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाती है। परन्तु प्रवेश हेतु चुन लिए जाने की स्थिति में उनका प्रवेश अर्हक परीक्षा में निर्धारित अंक प्राप्त करने तथा अर्हक परीक्षा की अंतिम अंक तालिका सहित सभी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही मान्य होता है। किसी भी अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि वर्ष की 14 अगस्त होती है। इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया जाता।

मौखिक परीक्षा : एम.फिल./पी–एच.डी./प्री–पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों और विदेशी भाषाओं (अंग्रेजी को छोड़कर) में एम.ए. पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों को एक मौखिक–परीक्षा देनी होती है। इस परीक्षा के लिए 30ः अंक आबंटित है। केवल उन्हीं उम्मीद्वारों को एम.फिल./पी–एच.डी./ प्री–पी–एच.डी. और एम.ए. (विदेशी भाषाओं) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु मौखिक परीक्षा मे बुलाने के लिए पात्र माना जाता है जिन्होंने लिखित परीक्षा में न्यूनतम क्रमशः 35ः और 25ः अंक प्राप्त किए हों। अ.जा.,/ अ.ज.जा. और शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए 10ः अंकों की छूट होती है। प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में सामान्यतः विद्या परिषद् द्वारा अनुमोदित सीटों से तीन गुना उम्मीद्वारों को ही मौखिक–परीक्षा के लिए बुलाया जाता है।

उम्मीद्वारों का चयन : प्रत्येक कोर्स/अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए सामान्य, अ.जा./अ.ज.जा., शारीरिक रूप से विकलांग और विदेशी उम्मीदवारों की अलग–अलग योग्यता–क्रम सूची तैयार की जाती है। विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में उम्मीदवारों को अंतिम रूप से प्रवेश उम्मीद्वारों से संबंधित वर्गों में इंटर से–मेरिट के आधार पर दिया जाता है। यह मेरिट उम्मीदवार की लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा (जहाँ निर्धारित हो) में प्राप्त अंकों और अतिरिक्त अंकों (जहाँ लागू हो) के आधार पर तैयार की जाती है।

पंजीकरण : जो उम्मीद्वार प्रवेश के लिए चुन लिए जाते हैं, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा बनाई जाने वाली समय–सारणी के अन्दर ही अपने पंजीकरण संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें।

विश्वविद्यालय के निकाय

विश्वविद्यालय के कार्य का सुव्यवस्थित रूप से संचालन करने के लिए विश्वविद्यालय कोर्ट, कार्य परिषद, विद्या परिषद जैसे निकाय और वित्त समिति जैसी कुछ अन्य सांविधिक समितियां हैं।

विश्वविद्यालय कोर्ट

विश्वविद्यालय कोर्ट विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निकाय है। इसकी बैठक वर्ष में एक बार होती है, जिसमें विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखे, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और बजट पर विचार किया जाता है। विश्वविद्यालय कोर्ट को कार्यपरिषद् और विद्या परिषद् के कार्यों की समीक्षा करने का अधिकार उन परिस्थितियों में है, जब इन परिषदों ने विश्वविद्यालय के अधिनियम, संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप कार्य न किया हो।

विश्वविद्यालय कोर्ट की पिछली वार्षिक बैठक 4 मार्च, 2006 को हुई। इसमें विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर 1 अप्रैल 2004 से 31 मार्च 2005 तक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2005–2006 का लेखा–परीक्षित प्राप्ति और व्यय का विवरण तथा परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण और वित्तीय वर्ष 2004–2005 का बजट प्राप्त किया। मा.सं.वि.मं. और वि.अ.आ. के निदेशों और विश्वविद्यालय की वित्त समिति के निर्णय के अनुसार विश्वविद्यालय के वर्ष 2004–2005 के वार्षिक लेखे वर्तमान रोकड़ आधार पद्धति के स्थान पर प्रोद्भूत लेखा पद्धति के आधार पर तैयार किए गए।

कुलाधिपति ने बैठक शुरू करते हुए कोर्ट को सूचित किया कि जेएनयू परिसर में पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा का अनावरण 14 नवम्बर 2005 को माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किया। यह प्रतिमा विश्वविद्यालय के प्रशासन भवन के पास स्थित है। कुलाधिपति ने यह भी बताया कि जेएनयू परिसर कभी बंजर भूमि था, लेकिन अब यह खूबसूरत और हराभरा हो गया है। उन्होंने आगे बताया कि इसमें और सुधार की गुंजाइश है और विश्वविद्यालय परिसर का और अधिक सुधार करने के लिए विशेष ध्यान देगा। कुलाधिपति ने शैक्षिक पक्ष पर बताया कि ज.ने.वि. ने "विशिष्टता के लिए सक्षम विश्वविद्यालय" के रूप में मान्यता प्राप्त की है और इसने विश्वभर के लगभग 66 विभिन्न ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ 'परस्पर सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

उन्होंने विश्वविद्यालय में हुए निम्नलिखित कार्यों के बारे में भी कोर्ट को जानकारी दी :

(क) ***विश्वविद्यालय अधिक छात्राओं और विदेशी छात्रों के साथ–साथ मध्यम और निम्न आय वर्गों से संबंधित छात्रों को प्रवेश देने में सफल रहा है। इस समय 29 देशों के लगभग 250 छात्र हैं।***

(ख) बी.ए. छात्रों के लिए एम.सी.एम. छात्रवृत्ति एम.ए. छात्रों के बराबर बढ़ा दी गई है। एम.सी.एम. छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत एम.फिल. छात्रों को भी शामिल किया गया है।

(ग) कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान में स्टेटिस्टीकल कंप्यूटिंग में एम.ए. डिग्री पाठ्यक्रम और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में कंप्यूटेशनल ऐंड सिस्टम्स बायोलॉजी में एम.टेक. पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।

(घ) विभिन्न अध्ययन संस्थानों में उपलब्ध विशेषज्ञों को शामिल करते हुए विश्वविद्यालय स्तर के पाठ्यक्रम के रूप में उत्तर–पूर्वी भारत का अध्ययन पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।

(च) सामाजिक विज्ञान संस्थान में 'प्रोग्राम फोर स्टडीज इन डिस्क्रिमीनेशन ऐंड एक्सक्लुजन' विषयक एक संस्थान स्तर का पाठ्यक्रम शुरू किया गया।

(छ) सभी शैक्षिक भवनों में 24 घंटे बिजली की व्यवस्था का प्रावधान किया गया।

(ज) जेएनयू के सौजन्य से 12–13 जनवरी, 2006 को केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का तीसरा सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन का उद्घाटन केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह ने किया तथा समापन भाषण केन्द्रीय विज्ञान तकनीकी और समुद्र विकास राज्य मंत्री श्री कपिल सिब्बल ने दिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. करण सिंह ने भी सम्मेलन में व्याख्यान दिया।

विद्या परिषद्

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय की शैक्षिक प्राधिकारी है। विद्या परिषद् सामान्य विनियमों पर नियन्त्रण रखती है और यह विश्वविद्यालय में अनुदेश, शिक्षा और परीक्षा का मानक बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विद्या परिषद् की 23 नवम्बर 2005 को एक बैठक हुई। परिषद् ने विभिन्न शैक्षिक मामलों पर विचार–विमर्श करने के अतिरिक्त, शिक्षकों/विशेषज्ञों को विभिन्न संस्थानों के अध्ययन मण्डलों और विज्ञान संस्थानों/विशेष केन्द्रों की विशेष समितियों में नामित किया। परिषद् ने विश्वविद्यालय में वर्ष 2005–2006 के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित तथ्यात्मक डाटा भी नोट किए। परिषद् द्वारा अपनी पूर्वोक्त बैठक में अनुमोदित किए गए कुछ महत्वपूर्ण मामले इस प्रकार हैं :

(क) 42,000 यू.एस. डालर के वर्तमान वृत्तिदान में वृद्धि करने के लिए कोरियाई फाउंडेशन, सिओल (कोरिया) से एक लाख यू.एस. डालर के दान को स्वीकार करने की सिफारिश की।

(ख) कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान के एम.ए. के मेधावी छात्रों के लिए कनुप्रिया भारद्वाज वार्षिक पुरस्कार की स्थापना हेतु स्व. सुश्री कनुप्रिया भारद्वाज के पिता कर्नल सुधांशु शेखर से रु. 20,000/– से वृत्तिदान के सृजन हेतु दान स्वीकार करने की सिफारिश की। यह पुरस्कार द्वितीय सत्र की समाप्ति पर अधिकतम सीजीपीए प्राप्त करने वाले छात्रों को इस राशि के निवेश पर प्राप्त ब्याज से दिया जाएगा।

(ग) रूसी अध्ययन केन्द्र, भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के बी.ए. (ऑनर्स) के छात्रों को दिए जाने वाले पाण्डे पदक की स्थापना के लिए प्रो. सी. पाण्डे से 50,000/– रु. के वृत्तिदान को स्वीकार करने की सिफारिश की। यह पुरस्कार अधिकतम सीजीपीए प्राप्त करने वाले छात्रों को इस राशि के निवेश से प्राप्त ब्याज में से दिया जाएगा।

(घ) उत्तर पूर्वी एशियाई अध्ययन पाठ्यक्रम शुरु करने के लिए समिति की सिफारिशों का अनुमोदन किया।

(च) कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान में 'स्टेटिस्टीकल कंप्यूटिंग' में एम.टेक. पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए सिद्धांत रूप में अनुमोदन किया।

(छ) शैक्षिक सत्र 2006–2007 से सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में 'कंप्यूटेशनल ऐंड सिस्टम्स बायोलॉजी' में एम.टेक. पाठ्यक्रम शुरू करने का अनुमोदन किया।

(ज) शैक्षिक सत्र 2006–2007 से प्रवेश नीति और प्रक्रियाओं की समीक्षा हेतु गठित समिति की निम्नलिखित सिफारिशों का अनुमोदन किया :

(i) विदेशी भाषाओं में बी.ए. (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु मौखिक परीक्षा।

(ii) एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अ.जा./अ.ज.जा./शा.वि. उम्मीद्वारों के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 35 से घटाकर 30 करना।

(iii) सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम और एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीद्वारों के द्वारा शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करना।

(iv) शैक्षिक सत्र 2006–2007 से रक्षा कर्मियों की निम्नलिखित श्रेणियों से संबंधित उम्मीद्वारों को 5 अंक तक और अधिकतम 10 (जहां कहीं भी लागू हो) अतिरिक्त अंक प्रदान किए :

- विधवाओं/युद्ध में मारे गए रक्षा कर्मियों के बच्चे।
- युद्ध के दौरान विकलांग हुए सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के बच्चे।
- विधवाओं/ ऐसे मृतक रक्षा कर्मियों के बच्चे जिनका निधन शांति के समय सेना सेवा में रहते हुए हो गया।
- शांति के समय विकलांग हुए और सेना की सेवा के लिए अयोग्य घोषित रक्षा कर्मियों के बच्चे।

(झ) ग्रेड प्वाइंट एवरेज को अंकों की प्रतिशतता में बदलने हेतु फार्मूला निर्धारित करने के लिए गठित समिति की सिफारिशों को अनुमोदित किया।

कार्य परिषद्

कार्य परिषद् विश्वविद्यालय की कार्य निकाय है और यह सामान्य प्रबंधन और प्रशासन की प्रभारी है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान इसकी चार बैठकें हुईं। ये बैठकें 2 जून 2005; 9 अगस्त 2005; 5 दिसम्बर 2005 और 27 फरवरी 2006 को हुईं। इन बैठकों में परिषद् ने अनेक प्रशासनिक और शैक्षिक मामलों पर विमर्श किया और उन पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इसके अतिरिक्त, परिषद् ने कुलपति द्वारा संविधियों/अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुछ अत्यावश्यक प्रकृति के मामलों पर लिए गए निर्णयों पर विचार करके उनका अनुमोदन किया। परिषद् ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अधिकारियों की नियुक्ति के लिए विभिन्न चयन समितियों की सिफारिशों का अनुमोदन किया। समीक्षाधीन अवधि के दौरान लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय निम्नलिखित हैं :

(क) मास्टर आफ कम्युनिटी हेल्थ (एम.सी.एच.) प्रोग्राम प्रदान करने से संबंधित अध्यादेश का नाम बदलकर मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ (एम.पी.एच.) प्रदान करने से संबंधित अध्यादेश करना।

(ख) कार्य परिषद् द्वारा दिए गए सुझावों को शामिल करने के बाद माथुर समिति द्वारा ड्राफ्ट किए गए जीएसकैश नियमों और प्रक्रियाओं को अपनाने का अनुमोदन करना।

(ग) विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों के बाह्य सदस्यों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अपने गैर–सरकारी सदस्यों को दिए जाने वाले मानदेय के बराबर मानदेय देने और मानदेय के भुगतान में एकरूपता बनाए रखने के लिए देय मानदेय की दरों को बढ़ाना।

(घ) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली में महानिदेशक प्रो. एन.के. गांगुली को आणविक चिकित्सा–शास्त्र विशेष केन्द्र में अवैतनिक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त करना।

(च) भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के दर्शन–शास्त्र ग्रुप को सामाजिक विज्ञान संस्थान के दर्शन–शास्त्र केन्द्र के साथ मिलाना।

(छ) अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के वर्तमान केन्द्रों के पुनर्गठन और इसमें दो नए केन्द्र जोड़ने के अ.अ.सं. के अध्ययन मण्डल के प्रस्ताव का अनुमोदन।

(ज) मेरिट–कम–मींस छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने से संबंधित अध्यादेश के खण्ड–1 और 4.2 में संशोधन।

(झ) पी–एच.डी. की डिग्री प्रदान किए जाने से संबंधित अध्यादेश के खण्ड 6(सी) (ii) में संशोधन करके शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों को अ.जा./अ.ज.जा. छात्रों की भाँति एम.फिल. से पी–एच.डी. में प्रोन्नति के लिए 0.5 प्रतिशत अंकों की छूट देना।

(ट) आबंटी के अकाल निधन होने की स्थिति में मकान खाली करने की ग्रेस अवधि को 6 माह से बढ़ाकर एक वर्ष करने के लिए विश्वविद्यालय के मकान आबंटन नियमों के खण्ड 10.2 (iv) में संशोधन।

(ठ) विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों को रोगी देखभाल भत्ते का भुगतान।

(ड) विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा अध्ययन अवकाश/आवधिक अवकाश के दौरान विदेशों में बिताई गई अवधि के लिए उनका वेतन निर्धारण करते समय उनके द्वारा प्राप्त की गई अध्येतावृत्ति आदि में से आने–जाने के किराए को कम करना।

(ढ) दान प्राप्त करने से संबंधित विद्या परिषद् की उपरोक्त सिफारिशों (क) (ख) और (ग) को स्वीकार किया।

(त) भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के भाषा विज्ञान और अंग्रेजी केन्द्र को दो अलग–अलग भागों में विभाजित करके भाषा विज्ञान केन्द्र और अंग्रेजी अध्ययन केन्द्र करना और तदनुसार अध्ययन संस्थानों/केन्द्रों, विशेष केन्द्रों और विशेषीकृत प्रयोगशालाओं के सृजन से संबंधित अध्यादेश के खण्ड 5 (2) (ए) में संशोधन किया।

(थ) मानव संसाधन विकास मंत्रालय के 22 जुलाई 2005 के पत्र संख्या – डी.ओ.19–11/2005–डेस्क (यू.) की शर्तों के अनुसार विश्वविद्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 लागू करना।

(द) वर्तमान में कुलदेशिक/कुलपति की कुछ शक्तियों/कार्यों को विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सौंपना।

(ध) नियुक्तियों में देरी से बचने के लिए चयनित सहायक प्रोफेसरों को, जब तक उनके द्वारा प्रस्तुत 'नेट' सर्टिफिकेट वि.अ.आ./वै.औ.अ.प. आदि द्वारा प्रमाणित नहीं हो जाते तब तक उन्हें अस्थायी नियुक्ति प्रस्ताव जारी करना।

(न) 1.2.2006 से 'ज.ने.वि. प्रवेश परीक्षा खाता' का नाम बदलकर 'शैक्षिक विकास निधि' करने का अनुमोदन किया।

(प) निदेशक, जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान और जन–सम्पर्क अधिकारी को क्रमशः 15000/– रु. और 5000/– रु. की वित्तीय शक्तियाँ सौंपना और उप कुलसचिव, उप वित्त अधिकारी और उप निदेशक (शारीरिक शिक्षा) की वित्तीय शक्तियों को बढ़ाकर प्रत्येक की 5000/– रु. करना।

(फ) शास्त्रीय और आधुनिक ग्रीक भाषा, साहित्य, इतिहास, दर्शन और संस्कृति का अध्ययन करने के लिए भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान में स्थापित ग्रीक अध्ययन चेयर पर प्रो. यू.पी. अरोड़ा को उनकी ज्वाइन करने की तिथि से एक वर्ष के लिए नियुक्त करना।

वित्त समिति

वित्त समिति विश्वविद्यालय की सांविधिक निकाय है। यह समिति विश्वविद्यालय के बजट तथा व्यय प्रस्तावों, नए/अतिरिक्त पदों से संबंधित सभी प्रस्तावों, लेखाओं, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और अन्य वित्तीय एवं लेखाओं से संबंधित मामलों पर विचार करती है। इसकी सिफारिशें कार्यपरिषद् को अनुमोदन के लिए भेजी जाती हैं।

समिति ने 29 नवम्बर, 2005 को हुई अपनी बैठक में विश्वविद्यालय के वर्ष 2005–2006 के लिए 'अनुरक्षण खाते' में 8451.65 लाख रुपये के संशोधित आकलनों को मंजूरी दी।

कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान

कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान ने शैक्षिक वर्ष 2005–2006 के दौरान अपनी समृद्धि और उपलब्धियों का एक और चरण सफलतापूर्वक पूरा किया है। संस्थान ने अपने वर्तमान शिक्षण एवं शोध लक्ष्यों को समन्वित करने तथा भविष्य में विशेषीकृत क्षेत्रों में उच्च स्तरीय शोध गतिविधियां शुरू करने के उद्देश्य से फिल्म अध्ययन, सौंदर्यशास्त्र एवं प्राचीन भारतीय कला तथा वास्तुकला के क्षेत्रों से सम्बन्धित नये शिक्षकों की नियुक्तियां की है ताकि संस्थान को शिक्षण, विद्वता और शोध के लिए एक अन्तरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में पहचान मिल सके।

पिछले एक वर्ष के दौरान संस्थान ने कला अध्ययन के क्षेत्र में कई नए कोर्स शुरू किए और अपने वर्तमान कोर्सों में समसामयिक सैद्धांतिक परिवर्धनों को प्रदर्शित करने के लिए इनकी पाठ्यचर्या में कुछ संशोधन किए हैं। संस्थान वर्ष 2003 से कला और सौंदर्यशास्त्र में एक अन्तरविषयक एम.ए. पाठ्यक्रम तथा सीधे पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चला रहा है। संस्थान, दृश्य अध्ययन, निष्पादन अध्ययन और फिल्म अध्ययन के विशेषीकृत क्षेत्रों में एक ठोस आधार उपलब्ध कराने की दृष्टि से एक उच्च स्तरीय शोध पाठ्यक्रम चलाने की जरूरत महसूस कर रहा है। प्रस्तावित एम.फिल. पाठ्यक्रम को जुलाई 2006 से शुरू करने के लिए विद्यापरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। विभिन्न विद्वानों तथा अध्ययन मण्डल के सदस्यों से विचार–विमर्श करके तैयार किए गए इस पाठ्यक्रम में कला अध्ययन से सम्बन्धित विभिन्न सैद्धान्तिक दृष्टिकोणों, सिद्धान्तों की प्रस्तुति जैसी मुख्य समस्याएं, प्रतिकृति और इसका प्रलेखीकरण, संस्कृति का सामाजिक इतिहास और अन्य सम्बन्धित समस्याएं शामिल हैं। छात्रों को फिल्म अध्ययनों से अवगत कराने की दृष्टि से दो नये कोर्स भी शुरू किए गए। ये कोर्स हैं – 'इंट्रोडक्शन टु फिल्म स्टडीज' और 'हिस्ट्री आफ इण्डियन सिनेमा।

संस्थान ने अपने कोर्सों से सम्बन्धित कुछ पुस्तकों का संग्रह किया है। इस समय पुस्तकालय में तीन हजार से अधिक पुस्तकें हैं। ये पुस्तकें दृश्य और निष्पादन अध्ययन और फिल्म थीअरि से सम्बन्धित हैं। फिल्म डी.वी.डी. के एक विरले संग्रह को प्राप्त करने के लिए संयुक्त प्रयास किया गया और संस्थान के पास अब दो सौ से अधिक फिल्मों का एक संग्रह है। संस्थान ने न्यूयार्क विश्वविद्यालय से फिल्म अध्ययन पर 1000 से अधिक पुस्तकें तथा पत्रिकाएं उपहारस्वरूप प्राप्त की हैं।

संस्थान विश्व के अन्य संस्थानों के साथ सम्बन्धों को सुदृढ़ बनाने के लिए दृढ़ रूप से प्रतिबद्ध है। हमारे कार्यक्रम विभिन्न देशों के छात्रों को आकर्षित कर रहे हैं। हमने देखा है कि हमारे कोर्सों में प्रवेश सम्बन्धी पूछताछ करने वाले छात्रों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। वर्तमान में संस्थान में कोरिया, चीन और अमरीका के छात्र पंजीकृत हैं और उन्होंने संस्थान के शैक्षिक और गैर–शैक्षिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण सहयोग किया है। इसके अतिरिक्त अग्रणी विश्वविद्यालयों के अनेक सुप्रसिद्ध विद्वानों ने संस्थान के छात्रों एवं शिक्षकों के साथ शैक्षिक स्तर पर पर विचारों का आदान–प्रदान करने में गहरी रुचि प्रकट की है। इलिनॉयस विश्वविद्यालय, शिकागो के प्रो. वुडमेन टेलर, जिन्होंने अब बोस्टन म्यूजियम आफ फाइन आर्ट में जवाइन किया है, ने मानसून सत्र में छात्रों को रिसर्च मैथडोलाजी' विषयक कोर्स पढ़ाया है। उनका यह दौरा फुलब्राइट फेलोशिप कार्यक्रम के माध्यम से सम्भव हो सका। मानवशास्त्र विभाग, यूनिवर्सिटी कालेज, लंदन के प्रोफेसर क्रिस्टोफर पिन्नी ने भी मानसून सत्र में 'विजुअल कल्चर ऐंड द रिप्रजेंटेशन आफ डिफ्रेंस' कोर्स के लिए महत्वपूर्ण सहयोग किया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान संस्थान ने निम्नलिखित संगोष्ठियां आयोजित की :

- प्रोफेसर क्रिस्टोफर पिन्नी ने शीतकालीन सत्र के दौरान निम्नलिखित विषयों पर व्याख्यान दिए : द कमिंग आफ फोटोग्राफी इन इण्डिया, फोटोग्राफी ऐज वर्नाकुलर प्रेक्टिस, पिक्चर प्रोडक्शन ऐंड कलोनिअल ला, द राइज आफ नाथवाड़ा, पिक्चर प्रोडक्शन फ्राम 1950 टु द प्रिजेंट ऐंड द पालिटिकल इकोनामी आफ ग्लोस।
- प्रोफेसर रिचर्ड स्चेनर, टिश्च, एन.वाई.यू. ने व्याख्यान दिया और अपने कार्य के दृश्य दिखाए और अपनी सैद्धांतिक स्थितियों का प्रतिपादन किया, जनवरी, 2006.

- इलेन डिरिस्कोल, मूर्तिकला के प्रोफेसर, रोडे आइलैण्ड स्कूल आफ डिजाइन ने आर्ट इन पब्लिक स्पेसिस, विषयक व्याख्यान दिया, जनवरी 2006.
- विष्णुप्रिय दत्त और एच.एस. शिवप्रकाश ने फरवरी 2006 में, इमर्जिंग परफॉमन्स, विषयक एक तीन दिवसीय कार्यशाला व संगोष्ठी आयोजित की। इस कार्यशाला' व संगोष्ठी की रूपरेखा प्रोफार्मिंग आर्ट के छात्रों को अनभिज्ञ शब्दावली की खोज करने और विशेषकर जेंडर और सैक्सचुअलिटी के क्षेत्रों में परफार्मिंग आर्ट को देखने और व्याख्या करने के तरीकों से अवगत कराने के लिए तैयार की गई थी। यह फेमिनिस्ट थीअरि, पोस्ट–स्ट्रक्चरल ऐंड पोस्टकलोनियअल थीअरि और एथनोग्राफी द्वारा अनुप्राणित परफार्मिंग आर्ट में आलोचनात्मक दृष्टिकोण की एक शुरुआत। यह छात्रों के लिए लेखन और कोरियोग्राफी के बीच संबंध और डांसरों, कोरियोग्राफरों और विद्वानों द्वारा डांस और नाटक करने के कार्य को लेखन से निष्पादन में परिवर्तित करने के तरीकों को समझाने में सहयोग करने का एक प्रयास था। वक्ताओं और प्रस्तुतकर्ताओं में गीता चन्द्रन, वीणा पाणी चावला, माया राव, नवतेज जोहर, अमल अलाना, जस्टिन मैकार्थी के साथ–साथ कुमकुम सांगरी, अनुराधा कपूर, कनक रेले, उर्मिला भिर्डिकर और अन्य शिक्षाविद एवं विद्वान शामिल थे।
- 'थिएटर और क्रिटिकिंग थिएटर', विषय पर एक लेखन कार्यशाला। इसमें परफार्मेन्स के लिए विजिट और किरोड़ीमल कालेज के एक छात्र की परफार्मेन्स आयोजित करना और रुस्तम बरूचा, केवल अरोड़ा और सौम्यवृत चौधरी द्वारा आयोजित दो दिवसीय लेखन कार्यशाला शामिल है।
- मारथा ग्राहम स्कूल में प्रशिक्षित निकोलिना निकोलिस्की ने प्रदर्शन व्याख्यान दिया और अब वह गुरु सरोज वैधनाथन के अधीन भरतनाट्यम नृत्य के छात्रा हैं।

शोध परियोजनाएं

- कविता सिंह, यू.एल.सी.ए. में कला और इतिहास विभाग के सहयोग से शोध परियोजना पूरी करने के लिए गेट्टी फाउन्डेशन से अनुदान प्राप्त हुआ।

राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों/बैठकों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता

- ज्योतिन्द्र जैन ने 1 से 3 अप्रैल, 2005 तक सौन्दर्यशास्त्र विभाग, बम्बई विश्वविद्यालय में आयोजित 'इण्डियन पाप्यूलर कल्चर और कालीघाट पेंटिंग्स' विषयक तीन व्याख्यान दिए।
- ज्योतिन्द्र जैन ने 1 से 5 मई 2005 तक ट्रापिकल म्युजियम, एम्सटर्डन में आयोजित, 10–ईयर एक्जिविशन आन इण्डिया, विषयक कार्यशाला में भाग लिया।
- ज्योतिन्द्र जैन ने 26 से 27 मई, 2005 तक फिल्म और टेलिविजन संस्थान, पुणे में आयोजित, इण्डियन पाप्युलर कल्चर, विषयक तीन व्याख्यान दिए।
- ज्योतिन्द्र जैन ने 3 जुलाई, 2005 को चैस्टर बीटी लाइब्रेरी, डब्लिन, आयरलैण्ड में आयोजित, कालीघाट पेंटिंग, विषयक व्याख्यान दिया।
- ज्योतिन्द्र जैन ने 15 से 18 अगस्त, 2005 तक भोपाल में आयोजित, एस्टेब्लिशिंग ए म्युजियम ऐट गौहर महल, विषयक कार्यशाला में भाग लिया।
- ज्योतिन्द्र जैन ने 25 नवम्बर, 2005 को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद में, नेशनल क्राफ्ट्स पालिसी, शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- ज्योतिन्द्र जैन ने 14 दिसम्बर, 2005 को कविता सिंह और सलौनी माथुर द्वारा आयोजित, कलोनिअलिज्म ऐंड म्युजियम्स, विषयक कार्यशाला में भाग लिया तथा, सोशल लाइफ आफ द म्युजियम, विषयक व्याख्यान दिया।
- ज्योतिन्द्र जैन ने 28 जनवरी, 2006 को गुजरात साहित्य परिषद्, अहमदाबाद में आयोजित, आस्पेक्ट्स आफ 19टींथ सेंचुरी आर्ट ऐंड कल्चर, विषयक व्याख्यान दिया।
- ज्योतिन्द्र जैन ने 1 से 4 मार्च, 2006 तक आयोजित, ओपनिंग आफ द एक्जिविशन इण्डियन पाप्यूलर कल्चर, विषयक सम्मेलन में भाग लिया।
- ज्योतिन्द्र जैन ने हेलसिंकी आर्ट म्युजियम, हेलसिंकी में उनके द्वारा आयोजित, द कंटेस्ट आफ वर्ल्ड ऐज पिक्चर, विषयक सम्मेलन में भाग लिया तथा व्याख्यान दिया।
- एच.एस. शिवप्रकाश ने 28 जुलाई, 2005 को अकादमिक स्टाफ कालेज, जेएनयू द्वारा आयोजित अनुशीलन पाठ्यक्रम में भाग लिया तथा, बिल्डिंग लिट्रेचर ऐंड बिल्डिंग एम्पायर्स : रिफ्लेक्शंस आन द सोर्सिस आफ मिडिवल लिट्रेचर ऐंड कल्चर, विषयक व्याख्यान दिया।
- एच.एस. शिवप्रकाश ने 22 जुलाई, 2005 को अकादमिक स्टाफ कालेज, जेएनयू द्वारा आयोजित अनुशीलन पाठ्यक्रम में रिस्पांस टु शेल्डन पोलक'स इम्पेरिलिस्ट लिट्रेरी हिस्ट्री, विषयक व्याख्यान दिया।
- एच.एस. शिवप्रकाश ने 26 सितम्बर, 2005 को तथा 14 अक्टूबर 2005 को अकादमिक स्टाफ कालेज, जेएनयू द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया तथा, ओरिजन आफ लैंग्यूवेज ऐंड 'एम्पायर', इण्डियन लिट्रेचर्स नाव' और मेकिंग आफ भाषा लिट्रेचर्स ऐंड मूवमेंट्स, विषयक तीन व्याख्यान दिए।
- एच.एस. शिवप्रकाश ने 23 नवम्बर, 2005 को एन.एस.डी. और संगीत नाटक अकादमी, रामपुरा, असम द्वारा आयोजित नेचरलोर ट्राइबल थिएटर की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
- एच.एस. शिवप्रकाश ने 13 दिसम्बर, 2005 को रंगयाना, मैसूर द्वारा आयोजित, पोस्ट माडर्निज्म ऐंड इण्डियन थिएटर, विषयक संगोष्ठी में समापन व्याख्यान दिया।
- एच.एस. शिवप्रकाश ने 19 दिसम्बर, 2005 को कन्नड संघ, एम.जी.एम. कॉलेज, उडिपि, कर्नाटक द्वारा आयोजित लेखकों की बैठक में भाग लिया तथा व्याख्यान दिया।
- एच.एस. शिवप्रकाश ने 24 दिसम्बर, 2005 को कन्नड स्टडी सेंटर, यूनिवर्सिटी आफ मैसूर, कर्नाटक द्वारा आयोजित सम्मेलन में भाग लिया तथा, क्राइसिस इन कंटेम्पोरेरि इण्डियन पोइट्री, विषयक व्याख्यान दिया।
- एच.एस. शिवप्रकाश ने जनवरी 2006 में नेशनल बुक ट्रस्ट आफ इण्डिया, प्रगति मैदान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित, सम्मेलन में भाग लिया तथा 'साउथ इण्डियन भक्ति मूवमेंट्स' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- एच.एस. शिवप्रकाश ने जनवरी, 2006 में नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा राष्ट्रीय पुस्तक मेला, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित बहु भाषाओं के कवियों की बैठक में भाग लिया।
- सावन्त शुक्ला ने जुलाई, 2005 में राष्ट्रीय ललित कला अकादमी, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित, पब्लिक स्फेयर – प्राइवेट स्फेयर : इज द बाउन्ड्री कोलेप्सिंग इन कंटेम्पोरेरि इण्डियन आर्ट, विषयक संगोष्ठी में भाग लिया तथा स्ट्रक्चर्स आफ पब्लिक इंटरफेस : सलोन्स, गैल्रीज ऐंड आर्ट क्रिटिसिज्म, शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- सावन्त शुक्ला ने ए.आई.एफ.ए.सी.एस. में आयोजित सम्मेलन में सिम्बोलिज्म ऐज पिक्टोरियल लैंग्यूवेज, विषयक व्याख्यान दिया।

- सावन्त शुक्ला ने दिसम्बर, 2005 में मिरांडा हाउस में माडर्निज्म ए विजुअल जर्नी, विषयक व्याख्यान दिया।
- कविता सिंह ने 13 से 15 फरवरी, 2006 तक मुम्बई में आयोजित 'वाया मुम्बई : मल्टिपल कल्चर्स इन ए ग्लोबलाइजिंग वर्ल्ड' विषयक सत्र में अध्यक्ष के रूप में भाग लिया।
- कविता सिंह ने 10 से 13 दिसम्बर, 2005 तक 'न्यू म्युजिओलाजी' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा परियोजना के शोधार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की।

मण्डलों/समितियों की सदस्यता (विश्वविद्यालय से बाहर)

- एच.एस. शिवप्रकाश, सदस्य, चयन समिति, साहित्य के क्षेत्र में संस्कृति विभाग की अध्येतावृत्ति प्रदान करने के लिए गठित समिति।
- सावन्त शुक्ला, संस्कृति पुरस्कार समिति।
- कविता सिंह, इनलेक अध्येतावृत्ति चयन समिति।
- इरा भास्कर, विशेष आमंत्रित, अवैतनिक संयोजक, फिल्म स्टडीज आफ द रिस्ट्रक्चर्ड (बी.ए. प्रोग्राम, दिल्ली यूनिवर्सिटी) विषयक एप्लिकेशन कोर्स के लिए उप समिति, और सदस्य, सेकेण्ड इण्डियन ट्राइकांटिनेंटल फिल्म फेस्टिवल का पुरस्कार जूरी पैनल, जनवरी–फरवरी 2006.

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान की स्थापना वर्ष 1975 में हुई थी। यह कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षण और शोध पाठ्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण संस्थान है। पिछले कुछ वर्षों में यह देश में एक श्रेष्ठ एवं प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में उभरा है। यह संस्थान एम.सी.ए., एम.टेक. (एम.फिल.) और पी–एच.डी. शोध पाठ्यक्रम चलाता है। प्रत्येक वर्ष लगभग दस हजार उम्मीद्वार एम.सी.ए. (35 सीट) और एम.टेक (25 सीट) पाठ्यक्रमों की कुल 60 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा में बैठते हैं। इस तरह पूरे देश से सर्वोत्तम एवं प्रतिभाशाली छात्र हमारे संस्थान में प्रवेश लेते हैं। यही स्थिति पड़ौसी देशों और अन्य देशों से प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों की है।

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम को समाज और उद्योग–जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है। यह अपने छात्रों को उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा प्रदान करता है। संस्थान से उपाधि प्राप्त छात्र सूचना प्रौद्योगिकी जगत में प्रवेश करने और खुले बाजार में नौकरी पाने के लिए पूर्णतः सक्षम हैं। कोर्स और पाठ्यक्रम इस प्रकार तैयार किए जाते हैं जिनमें अन्तरविषयक कोर्स के साथ–साथ सैद्धान्तिक और प्रायोगिक पक्षों को भी कवर किया जाता है। संस्थान, भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के छात्रों के लिए परम्परागत और विशेष कोर्स भी चलाता है।

कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में हो रहे नवीनतम विकास से छात्रों को अवगत कराने के लिए समय–समय पर संगोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। यह बहुत गर्व और महान उपलब्धि की बात है कि हमारे छात्रों ने भारत और विदेशों के उद्योगों में संस्थान के नाम को ऊँचा किया है जो इस तथ्य की पुष्टि करता है कि संस्थान देश की अग्रणी संस्थानों में से एक है।

छात्रों की उपलब्धियां

एम.सी.ए. और एम.टेक उपाधि प्राप्त छात्रों को आई.बी.एम., एच.पी., टी.सी.एस. मैकेन्जी, पैरट सिस्टम्स, फ्लेक्स्ट्रोनिक्स, कैनबे एन.आई.आई.टी., कमवर्स फेयरल्साक, एस.टी. मेक्रोइलेक्ट्रोनिक्स, सी.एस.सी. और एम.यू.एल. जैसी अग्रणी साफ्टवेयर कम्पनियों में नौकरियां प्राप्त हुई।

शोध परियोजनाएं

- आर.के. अग्रवाल (नवीन कुमार और वसुधा भटनागर के साथ), इंट्रुजन डिटेक्शन यूजिंग साफ्ट कंप्यूटिंग, सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली (जनवरी 2005– दिसम्बर 2006)

राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों/बैठकों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता

- सोनझारिया मिंज ने 20 से 22 दिसम्बर 2005 तक पुणे में आयोजित, आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस विषयक दूसरे अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
- सोनझारिया मिंज ने 11 दिसम्बर 2005 – 7 जनवरी 2006 को पुणे में आयोजित, साइंस विजन ऐंड वैल्यूज, विषयक सम्मेलन में भाग लिया।
- सोनझारिया मिंज ने 2 से 6 जनवरी 2006 तक लोनवाला में आयोजित, साइंस–रिलिजन डायलाग ऐंड कास्मिक फ्युचर : द पर्सपेक्टिव आफ थेल्हाड डे चार्डिन ऐंड श्री अरविन्दो, विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।
- सोनझारिया मिंज ने 4 से 5 फरवरी 2006 तक गोवा में आयोजित, साइंस–रिलिजन डायलाग ऐंड द फ्युचर आफ हयुमैनिटी, विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।

- टी.वी. विजय कुमार ने मार्च 2006 में, मैथमेटिकल टेक्नीक्स : इमर्जिंग पैराडिग्म्स फार इलैक्ट्रानिक्स ऐंड आई.टी. इंडस्ट्रीज (एम.ए.टी.आई.ई.टी.–2006) विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

शिक्षकों के व्याख्यान (विश्वविद्यालय से बाहर)

- कर्मेषु ने 19 सितम्बर 2005 को आई.आई.टी., दिल्ली में, कंप्यूटेशनल इश्यूज इन सिस्टम्स बायोलाजी, सुपर कंप्यूटिंग फैसिलिटी फार बायोइंफार्मेटिक्स ऐंड कंप्यूटेशनल बायोलाजी, विषयक आमंत्रित व्याख्यान दिया।
- कर्मेषु ने नवम्बर 2005 में मध्य प्रदेश साइंस ऐंड टेक्नोलाजी इंटरप्रिन्यूर्स पार्क, 'मानित', भोपाल में, मार्कोव चेन ऐंड हिडन मार्कोव माडल्स विषयक आमंत्रित व्याख्यान दिया।
- कर्मेषु ने 10 दिसम्बर 2005 को पंजाब विश्वविद्यालय में फाउंडेशंस आफ बायोइंफार्मेटिक्स, विषयक कार्यशाला में, बायो. इंफार्मेटिक्स ऐंड प्रोबेबिलिस्टिक्स माडलिंग, विषयक अध्यक्षीय व्याख्यान दिया।
- कर्मेषु ने 26 से 30 दिसम्बर 2005 तक आई.आई.टी. दिल्ली में ऐप्लिकेशन आफ न्यूमेरिकल मेथड्स ऐंड एनालिटिकल टेक्नीक्स इन इंजीनियरिंग, विषयक अल्पकालीन पाठ्यक्रम में 'अनसर्टेनिटी माडलिंग ऐंड इंफार्मेशन थिआरेटिक फ्रेमवर्क' और 'मोंटे कार्लो मेथड्स' विषयक व्याख्यान दिए।
- कर्मेषु ने 7 जनवरी 2006 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में इंफार्मेशन टेक्नोलाजी फार टीचर्स, विषयक कार्यशाला में 'वायरलैस ऐंड मोबाइल सिस्टम्स : कम्यूनिकेशन नेटवर्क्स ऐंड परफार्मेन्स नेटवर्क्स ऐंड परफार्मेन्स इश्यूज' विषयक आमंत्रित व्याख्यान दिया।
- कमल के. भारद्वाज ने दीन दयाल उपाध्याय कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में मैथमेटिकल टेक्नीक्स – इमर्जिंग पैराडिग्म्स फार इलैक्ट्रानिक्स ऐंड आई.टी. इंडस्ट्रीज, एम.ए.टी.ई.आई.टी. 2006 विषयक सम्मेलन में भाग लिया तथा 'हिरारिकल सेंसर्ड प्रोडक्शन रूल्स (एच.सी.पी.आर.एस.) सिस्टम्स – ए फ्रेम वर्क फार इंटेलिजेन्ट सिस्टम्स' विषयक आमंत्रित व्याख्यान दिया।
- एस. बालासुन्दरम ने दीनदयाल उपाध्याय कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में मैथमेटिकल टेक्नीक्स–इमर्जिंग पैराडिग्म्स फार इलैक्ट्रानिक्स ऐंड आई.टी. इंडस्ट्रीज, एम.ए.टी.ई.आई.टी. 2006, विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में 'आन सपोर्ट वैक्टर मशीन्स फार पैटर्न क्लासिफिकेशन प्राब्लम्स' विषयक आमंत्रित व्याख्यान दिया।
- सोनझारिया मिंज ने अक्टूबर 2005 में डिपार्टमेंट आफ इंफारमेशन टेक्नोलाजी ऐंड मैनेजमेंट, जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली में 'एडवांस्ड टापिक्स इन डाटा माइनिंग ऐंड नालेज डिस्कवरी इन डाटाबेसिस' विषयक व्याख्यान दिया।
- सोनझारिया मिंज ने दिसम्बर 2005 में डिफेंस तराइन रिसर्च लैबोरेट्रीज, डी.आर.डी.ओ. दिल्ली में (सी.इ.पी. वैज्ञानिकों के लिए) साफ्ट कंप्यूटिंग ऐंड डिफेंस रिसर्च एप्लिकेशंस, विषयक अनुवर्ती शिक्षा कार्यक्रम में 'रफ सैट थीअरि इन शाफ्ट कंप्यूटिंग' विषयक व्याख्यान दिया।
- सोनझारिया मिंज ने दिसम्बर 2005 में इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस ऐंड रिलिजन, पुणे में 'एल्गोरिथम्स ऐंड कंप्यूटिंग : नेचर–बेस्ड माडल्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- सोनझारिया मिंज ने जनवरी 2006 में फोर स्कूल आफ मैनेजमेंट, नई दिल्ली में इश्यूज इन डाटाबेसिस मैनेजमेंट, विषयक संगोष्ठी में 'मैनेजिंग लार्ज डाटाबेसिस' विषयक व्याख्यान दिया।
- सोनझारिया मिंज ने 2 से 6 जनवरी 2006 तक लोनवाला, भारत में, साइंस–रिलिजन डायलाग ऐंड कास्मिक फ्युचर, विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में (डिवलपमेंट्स इन कंटेम्पोरॅरि माडर्न साइंस ऐंड फ्युचर आफ रिलिजन्स, विषयक सत्र के लिए

आमंत्रित परिचर्चाकर्ता) 'डिवलपमेंट्स इन कंटेम्पोरॅरि माडर्न साइंस ऐंड फ्युचर आफ ट्राइबल रिलिजन्स' विषयक व्याख्यान दिया।

- सोनझारिया मिंज ने 4 से 5 फरवरी 2006 तक गोवा, भारत में साइंस रिलिजन डायलाग ऐंड द फ्युचर आफ हयूमेनिटी, विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'कंप्यूटर साइंस ऐंड फ्युचर आफ हयूमेनिटी : प्रोमिसिस ऐंड पेरिल्स आफ आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस रिसर्च' विषयक आमंत्रित व्याख्यान दिया।
- डी.के. लोबियाल ने दिसम्बर 2005 में एन.डी.आर.आइ. करनाल, हरियाणा में 'प्रोबेबिलिस्टिक ग्रामर फार बायोइंफारमेटिक्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- डी.पी. विद्यार्थी ने डिफेंस तराइन रिसर्च लैबोरेट्री, डी.टी.आर.एल., डी.आर.डी.ओ.; मेटकाफ हाउस, दिल्ली में 'जी.ए. ऐंड इट्स ऐप्लिकेशंस' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर.के. अग्रवाल ने दिसम्बर 2005 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया में 'इंट्रूजन डिटेक्शन यूजिंग शाफ्ट कंप्यूटिंग' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर.के. अग्रवाल ने सितम्बर 2005 में सी.पी.डी.एच.ई., दिल्ली विश्वविद्यालय में 'पैटर्न रिकोग्निशन ऐंड इट्स ऐप्लिकेशंस' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर.के. अग्रवाल ने सितम्बर 2005 में सी.पी.डी.एच.ई., दिल्ली विश्वविद्यालय में 'रैण्डोमाइज्ड एल्गोरिथम्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर.के. अग्रवाल ने अगस्त 2005 में दीन दयाल उपाध्याय कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'इंट्रूजन डिटेक्शन यूजिंग शाफ्ट कंप्यूटिंग' विषयक व्याख्यान दिया।
- टी.वी. विजयकुमार ने दीन दयाल उपाध्याय कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में मैथमेटिकल टेक्नीक्स – इमर्जिंग पैराडिग्म्स फार इलैक्ट्रानिक्स ऐंड आई.टी. इंडस्ट्रीज, एम.ए.टी.ई.आई.टी.–2006, विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला में 'मल्टिडाटाबेसिस : इश्यूज ऐंड सिस्टम्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- आदिति शरण ने 21 नवम्बर 2005 को पी.जी.डी.ए.वी. कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'शाफ्ट कंप्यूटिंग – एन इंट्रोडक्शन' विषयक व्याख्यान दिया।
- आदिति शरण ने 17 फरवरी 2006 को हिन्दुस्तान इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट ऐंड कंप्यूटर स्टडीज, आगरा द्वारा आयोजित मार्केटिंग आफ सर्विसिस : चैलेंजिस ऐंड अपरच्युनिटीज फार कारपोरेट इण्डिया, विषयक तीसरा राष्ट्रीय कार्यशाला में 'शाफ्ट वेब माइनिंग : ए स्टेप टुवर्डस वेब इंटेलिजेंस' विषयक व्याख्यान दिया।
- आदिति शरण ने 3 मार्च 2006 को आनन्द इंजीनियरिंग कालेज, आगरा द्वारा आयोजित सेरिबुम (छठी राष्ट्रीय तकनीकी उत्सव) में, वेब माइनिंग : रिसर्च इश्यूज ऐंड चैलेंजिस, विषयक व्याख्यान दिया।

मण्डलों / समितियों की सदस्यता (विश्वविद्यालय से बाहर)

- कर्मेषु, सीनेट के सदस्य, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली; सीनेट के सदस्य, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की; सदस्य, कंप्यूटर सलाहकार समिति, कंप्यूटर केंद्र संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की; सदस्य, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विशेषज्ञ समिति, नेशनल ग्रेजुएट स्टूडेंट रिपोजिटरी (एन.जी.एस.आर.); सदस्य, कंयूटिंग और नेटवर्किंग के लिए गठित समिति, आसाम विश्वविद्यालय, सिल्चर; सदस्य, विशेषज्ञ पाठ्यक्रम समिति, इंफार्मेशन टेक्नोलाजी, इलैक्ट्रानिक्स ऐंड कम्यूनिकेशन

नार्थ–ईस्टर्न यूनिवर्सिटी, शिलांग; सदस्य, अध्ययन मण्डल, जैव–सूचना विज्ञान, पंजाब विश्वविद्यालय; सदस्य, अध्ययन मण्डल इंजीनियरिंग ऐंड टेक्नोलाजी, जी.जी.एस.आई.पी. यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली; सचिव, सोसायटी आफ मैथमेटिकल साइंसिस, दिल्ली; सदस्य टास्कफोर्स टु रिव्यू डोयेक, सोसायटी, मिनिस्ट्री आफ कम्यूनिकेशंस ऐंड इंफार्मेशन टेक्नोलाजी, नई दिल्ली और सदस्य, सम्पादकीय मण्डल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद की पत्रिका

- डी.के. लोबियाल, सदस्य, (सम्पादक), इग्नू, मैदानगढ़ी, नई दिल्ली के टी.सी.पी. ⁄ आई.पी. विषयक पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए गठित सम्पादकीय समिति
- डी.पी. विद्यार्थी, सदस्य, (सम्पादक), इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली के लिए आपरेटिंग सिस्टम्स, विषयक पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए गठित सम्पादकीय समिति
- आर.के. अग्रवाल, सदस्य, साक्षात्कार के लिए चयन समिति, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय और सदस्य, तकनीकी समिति, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, (डीम्ड विश्वविद्यालय), नई दिल्ली।

पर्यावरण विज्ञान संस्थान

पर्यावरण विज्ञान संस्थान की स्थापना वर्ष 1974 में हुई थी। यह देश में अपनी तरह का सबसे पुराना संस्थान है। इस संस्थान ने पर्यावरण विज्ञान में सबसे पहले एम.एस–सी. और एम.फिल. पाठ्यक्रम शुरू किए थे। संस्थान का चरित्र बहुविषयात्मक है। इसमें पर्यावरण के भौतिक, रासायनिक और जैविक पक्षों पर अध्ययन किया जाता है। तद्नुसार, संस्थान के शिक्षण और शोध क्षेत्रों में भौतिक, रसायन, भू–गर्भ शास्त्र, जल–विज्ञान, मौसम विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, जैव–भौतिकी, जैव–रसायन, मोलक्यूलर और कोशिकीय जीव–विज्ञान, पारिस्थितिकी विज्ञान और पर्यावरणीय मॉनिटरिंग तथा प्रबंधन जैसे विषयक क्षेत्र शामिल हैं।

वर्तमान में संस्थानमें बहु–विषयक क्षेत्रों के विशेषज्ञ शिक्षक हैं, जिनमें 9 प्रोफेसर, 6 एसोसिएट प्रोफेसर और 6 सहायक प्रोफेसर हैं। संस्थान ने वर्ष 1987 में एम.एस–सी. पाठ्यक्रम चलाया, जिसमें बाद में संशोधन किया गया। शैक्षिक वर्ष 1993–94 में शुरू किए गए एम.एस–सी. पाठ्यक्रम को विभिन्न विषयों में स्नातक उपाधि धारक छात्रों की जरूरतों के अनुसार दो स्ट्रिमों – एक भौतिक विज्ञान और दूसरा जीवविज्ञान – में विभाजित किया गया है।

एम.फिल. / पी–एच.डी. पाठ्यक्रम वर्ष 1975 में शुरू किया गया। इस अध्ययन पाठ्यक्रम में विस्तृत कोर्स वर्क शामिल हैं और छात्र को एम.फिल. डिग्री प्राप्त करने के लिए एक लघु शोध प्रबन्ध भी लिखना पड़ता है। इसके बाद छात्र को अनुमोदित विषय पर कम–से–कम दो वर्ष की अवधि में शोध कार्य पूरा करना पड़ता है। इसके सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद छात्र पी.एच.डी. उपाधि के लिए पात्र हो जाता है।

संस्थान की शोध गतिविधियां विज्ञान के मुख्य विषयों से सम्बन्धित निम्नलिखित चार क्षेत्रों से सम्बन्धित हैं :

क्षेत्र – I : (भौतिक विज्ञान) की शोध रुचि है – (क) नान–लिनियर जैव एवं भौतिक प्रणालियों का अध्ययन; और (ख) खगोल–भौतिकी प्लाज्मा के सैद्धान्तिक पहलू, शहरी माइक्रो जलवायु, ध्वनि प्रदूषण और इलेक्ट्रो मैग्नेटिक प्रदूषण, गणितीय माडलिंग। **क्षेत्र – II** : (भू–विज्ञान) में जिन क्षेत्रों को समझने पर बल दिया जाता है। वे हैं – (क) स्थलीय और जलीय पर्यावरण में भू–विज्ञानी और भू–रसायनिक प्रक्रियाएं; (ख) भू–रसायनिक और भू–कालक्रम विज्ञान सहित विभिन्न विश्लेषणात्मक उपकरणों पर आधारित दक्षिण भारत के भू–पृष्ठ का उद्‍गम; (ग) हिमालयन ग्लेशियर का भू–रसायनिक और जल–वैज्ञानिक अध्ययन; (घ) भू–जल खोज विषयक क्षेत्रों में दूर संवेदन प्रणालियों का प्रयोग; और (च) भूकम्प निवर्तनिकी; **क्षेत्र – III** : में निम्नलिखित के अध्ययन का विस्तृत क्षेत्र शामिल है – (क) पर्यावरण प्रदूषण और इसका जीव–जगत पर प्रभाव; (ख) अशुष्क भूमि सहित परिस्थिति विज्ञान और जलीय परिस्थितिकी; और (ग) ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन; **क्षेत्र – IV** : (जैविक विज्ञान) में पर्यावरण – जीवजगत की पारस्परिक क्रियाओं के सभी स्तरों का अध्ययन आणविक और कोशिकीय स्तरों पर किया जाता है। यह अध्ययन व्यक्तिगत और जन समुदाय तथा समुदाय और सम्पूर्ण पारिस्थितिक तंत्र के माध्यम से किया जा रहा है। इस अध्ययन में पादपों तथा मानव अस्तित्व के लिए प्रत्यक्ष रूप से महत्व रखने वाली पशु प्रजातियों पर अनेक प्रकार के विषीय तत्वों के प्रभावों का अध्ययन शामिल है। अनेक अध्ययन माडल के रूपमें एंटामोयबा हिस्टोलिटिका का इस्तेमाल करते हुए होस्ट पैरासाइट इंटरएक्शन पर केंद्रित है।

संस्थान के शिक्षण और शोध कार्यक्रमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से मान्यता मिली है, इन्होने क्रमशः अपने कोसिस्ट (2000–2005) और फिस्ट कार्यक्रमों के अन्तर्गत अनुदान राशि उपलब्ध कराई है। संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से भी मान्यता प्राप्त हुई है। इससे अपनी डी.आर.एस. चरण–I (1994–99) और डी.आर.एस. चरण–II (1999–2004) की योजना के तहत संस्थान को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। संस्थान के शिक्षकों की शोध गतिविधियों को राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर मान्यता मिली है। इसलिए संस्थान के कई शिक्षकों को राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों और संगठनों से प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं अध्येतावृत्तियां प्राप्त हुई हैं। संस्थान के कई शिक्षक केंद्रीय और राज्य सरकारों द्वारा गठित विभिन्न समितियों के सदस्य हैं।

हमारे संस्थान ने अनेक राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियां आयोजित की हैं। इनका वित्तपोषण सरकार और यूनेस्को जैसे अन्तरराष्ट्रीय संगठनों ने किया है। हमारे शिक्षक अनेक अन्तर–सहयोगात्मक परियोजनाओं, देश–विदेश के संस्थानों, विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के युवा शिक्षकों के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में सलंग्न रहे हैं।

संस्थान की विभिन्न शोध रुचियां हैं, लेकिन शोध के थ्रस्ट एरिया हैं :

- भू–वायुमंडलीय प्रक्रिया
- पर्यावरण प्रदूषण
- पर्यावरण जीव विज्ञान
- पारिस्थितिकी तंत्र प्रक्रिया
- गणितीय प्रतिरूपण।

केंद्र में एम.सी.ए./एम.टेक. छात्र 6 महीने की अवधि के लिए शोध एवं विकास कार्य का प्रशिक्षण लेने के लिए आते हैं। प्रशिक्षुओं को कोई परिलब्धियां नहीं दी जाती हैं, परन्तु चुने हुए प्रशिक्षु साफ्टवेयर तैयार करने सम्बन्धी महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त करते हैं।

केंद्र ने नई प्रौद्योगिकी को शामिल करते हुए कंप्यूटर सुविधाओं में वृद्धि करने की दृष्टि से 20 थिन क्लाइंट और एक लोकल एन. टी. सर्वर, 10 लिनक्स बेस्ड पी–IV डेस्कटाप पी.सी. की खरीद करने का आर्डर दिया है। थिन क्लाइंट लोकल सर्वर के माध्यम से आपरेटिंग सिस्टम, एप्लीकेशन और उपभोक्ता विवरण का प्रबन्धन करते हुए एक्सेस प्राप्त करेगा और इस तरह डाटा करप्शन ऐंड मिसयूज को कम किया जा सकेगा। थिन क्लाइंट पर इंटरनेट अपेक्षाकृत नई डब्ल्यू.आई.एफ.आई. वायरलेस टेक्नालाजी पर उपलध होगा।

केंद्र ने अपनी प्रयोगशाला का फर्नीचर, एयर कंडीशन लाइट्स, कंप्यूटर स्लैब आदि जैसी नई सुविधाओं के नवीकरण का कार्य शुरू कर दिया है।

संचार और सूचना सेवाएं परिसर में फैले नेटवर्क के प्रबन्धन सम्बन्धी कार्य का संचालन करने के साथ–साथ विश्वविद्यालय के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

केंद्र द्वारा समीक्षाधीन अवधि के दौरान पूरे किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण नीचे प्रस्तुत है –

1. वर्ष 2005–2006 के दौरान जेएनयू परिसर में फैले नेटवर्क का प्रसार किया गया। वर्तमान 640 नोड्स में वृद्धि करके लगभग 2000 नोड्स कर दिए गए। मिनी अकादमिक परिसर जो कि पहले कैम्पस–नेटवर्क से नहीं जुड़ा हुआ था, उसे भी फाइवर आप्टिक केबल के माध्यम से नेटवर्क के साथ जोड़ दिया गया है। नोड्स की संख्या में वृद्धि होने से उनके लोड को हेंडल करने

के लिए प्रत्येक भवन और केंद्र के लिए हाई परफार्मेंस के नए स्विच प्राप्त किए हैं। नई सिस्को वर्क्स नेटवर्क मैनेजमेंट साफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए नेटवर्क का प्रबन्धन किया जा रहा है।

2. यूनिफाइड थ्रेट मैनेजमेंट साफ्टवेयर 'साइबरोम' पूरी तरह से मूल्यांकन करने के बाद खरीदा गया है। इसमें विभिन्न आई.एस.पी.'स से आ रही वैडविड्थ के लोड वैलेंसिंग, नेटवर्क पर पैकेट्स की फिल्टरिंग और अनचाही साइट को ब्लाक करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसकी स्थापना से नेटवर्क ट्रेफिक को काफी हद कारगर बनाया गया है।

3. ई–मेल सेवाओं में स्पेमिंग एक बहुत बड़ी समस्या थी। इस समस्या से निपटने के लिए 'साइबरोम' के एक कम्पोनेंट का प्रयोग करते हुए इन बाउंड और आउट बाउंड मेल दोनों को स्कैन करने के लिए एक सर्वर की स्थापना की गई है। इस साफ्टवेयर की स्थापना से अधिकांश स्पेमिंग, विशेषकर अश्लील किस्म की, को रोका जा सकता है। स्पेम मेल की घटनाओं को भविष्य में भी रोकने के प्रयास जारी हैं।

4. केवल विंडो 98 को मैनेज करने के लिए प्रयोग किए जा रहे जेनवर्क साफ्टवेयर को अद्यतन बनाया गया ताकि विंडोज एक्स.पी. और लिनक्स सिस्टम को भी हेंडल किया जा सके।

5. वायरलेस तकनीक का प्रयोग करते हुए शिक्षक क्लब और स्वास्थ्य केंद्र को भी नेटवर्क से जोड़ा गया है।

6. सूचना प्रौद्योगिकी नीतियों एवं दिशा निर्देश संस्थान की सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा कार्यक्रम की आधारशिला होते हैं। प्रभावशाली नीतियां कठिन परिश्रम का सूचक हैं और ये सूचना प्रौद्योगिकी जाँच या वाद आदि की स्थिति में प्रायः आवश्यक हैं। इन नीतियों की रूपरेखा संस्थान में सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहयोगी होती है।

   सूचना प्रौद्योगिकी नीतियां निम्न के लिए आवश्यक है –

   (क) सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों सहित इंटरनेट बैडविड्थ के उचित प्रयोग हेतु।

   (ख) विश्वविद्यालय नेटवर्क पर ऐसी गतिविधियों पर नियंत्रण रखना जो न तो शैक्षिक कार्यों से सम्बन्धित है और न ही विश्वविद्यालय के अभिशासन से।

   (ग) सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा।

सूचना प्रौद्योगिकी और दिशा निर्देशों पर एक दस्तावेज तैयार किया गया है, जो कि विश्वविद्यालय के संदर्भ में संगत होगा। इस दस्तावेज पर उपभोक्ता ग्रुप की बैठक में चर्चा की गई और तदुपरांत इसे विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा अनुमोदित किया गया।

इसके अतिरिक्त, एक 'कार्यान्वयन समिति' का गठन किया गया, जिसमें शामिल हैं – प्रो. आलोक भट्टाचार्य, डीन, सूचन प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रो. आर. रामास्वामी, भौतिक विज्ञान संस्थान, प्रो. राकेश भटनागर, जैव प्रौद्योगिकी केंद्र, प्रो. अशोक के. रस्तोगी, निदेशक, संचार एवं सूचना सेवाएं।

यह दस्तावेज – "Jawharlal Nehru University IT Policies and Guidelines" के नाम से है और अब यह वैबसाइट (viz.http:èèwww.jnu.ac.inèintranetchannelèJNU_ITpolicy.pdf) पर उपलब्ध है।

सूचना प्रौद्योगिकी नीतियों को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया गया है –

- आई.टी. हार्डवेयर इंस्टालेशन पालिसी
- साफ्टवेयर इंस्टालेशन ऐंड लाइसेंसिंसिंग पालिसी
- नेटवर्क (इंटरानेट ऐंड इंटरनेट) यूज पालिसी
- ई–मेल एकाउंट यूज पालिसी

- वेबसाइट होस्टिंग पालिसी
- यूनिवर्सिटी डाटाबेस (आफ ई–गवर्नेंस) यूज पालिसी

इसके अतिरिक्त, संचार एवं सूचना सेवाएं, यू.सी.एम.सी.; संस्थानों/केंद्रों या विभागों और विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों के दायित्वों का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। इस दस्तावेज में कंप्यूटर नेमिंग कनवेंशन्स, रनिंग एप्लीकेशन या इनफार्मेशन सर्वर्स, होस्टिंग वेब पेज और डेस्कटाप यूजर्स से संबंधित कुछ दिशा–निर्देश भी दिए गए हैं।

दस्तावेज के अन्त में – "कैम्पस नेटवर्क सर्विसिज यूज एग्रीमेंट" शीर्षक एक करार संलग्न है। विश्वविद्यालय के नेटवर्क का प्रयोग करने वाले सभी प्रयोक्ता इस करार की शर्तों को मानने के लिए स्वतः सहमत होंगे।

संचार एवं सूचना सेवाएं की भावी योजनाएं/प्रस्ताव

1. शिक्षकों को वेबसाइट पर एलर्निंग कनटेंट होस्ट कराने के लिए स्पेस उपलब्ध कराने की दृष्टि से केंद्र एक नया वेब सर्वर खरीदने जा रहा है। इस सर्वर के प्राप्त हो जाने पर प्रत्येक शिक्षक को एलर्निंग सुविधाओं के रूप में कोर्स कंटेंट और अन्य एलर्निंग कंटेंट्स हार्ड डिस्क पर होस्ट करने के लिए पर्याप्त स्पेस उपलब्ध हो सकेगा।
2. संचार एवं सूचना सेवाएं भुगतान के आधार पर लगभग 10 एम.वी.पी.एस. का एक अतिरिक्त बैंडविड्थ प्राप्त करने के लिए 'इर्नेट' और 'एस.टी.पी.आई.' के साथ बातचीत कर रहा है। इस बैंडविड्थ के प्राप्त हो जाने पर बैंडविड्थ की उपलब्धता संबंधी कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी।
3. अतिथि गृहों को नेटवर्क से जोड़ने की दृष्टि से सूचना एवं संचार सेवाएं भवनों को परस्पर जोड़ने के लिए वायरलेस तकनीक और आन्तरिक नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वाई–फाई तकनीक का प्रयोग करने की योजना बना रहा है। वाई–फाई कनेक्टिविटी को कार्यान्वित करने से पहले विभिन्न उत्पादों के परीक्षण चल रहे हैं।
4. वर्तमान में विश्वविद्यालय का नेटवर्क लगभग 'एक ओपन नेटवर्क' है अतः कोई भी व्यक्ति नेटवर्क से जुड़े पी.सी. पर बिना पहचान के नेटवर्क सुविधाओं का उपयोग कर सकता है। नेटवर्क सुविधाओं का विस्तार हो जाने पर कोई भी व्यक्ति आसानी से इन सुविधाओं का दुरूपयोग कर सकता है। इसलिए संचार एवं सूचना सेवाएं एक ऐसी पहचान पद्धति शुरू करने पर विचार कर रहा है जिसके अन्तर्गत जेएनयू के प्रत्येक सदस्य को कैम्पस में उपलब्ध नेटवर्क सुविधाओं का प्रयोग करने के लिए यूजर आई. डी. और पासवर्ड दिया जाएगा।
5. संचार और सूचना सेवाएं अपनी वर्तमान मेल सेवा को बहुमुखी बनाने के लिए इसे मैसेजिंग सिस्टम में अपग्रेड करने का प्रस्ताव कर रहा है। इसके अन्तर्गत सहयोगात्मक गतिविधियां और ई–गवर्नेंस से सम्बन्धित कार्य जैसे 'वर्क फ्लो' भी किया जा सकेगा।

नए कोर्स

एम. टेक – कंप्यूटेशनल बायोलाजी

नया एम.टेक पाठ्यक्रम तैयार किया गया और इसे विद्या परिषद ने अनुमोदित किया। इसमें प्रवेश की प्रक्रिया शैक्षिक वर्ष 2006–07 से शुरू की गई।

संस्थान द्वारा आयोजित सम्मेलन/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं

- अभिकलनात्मक जीव–विज्ञान और जैव–सूचना–विज्ञान केंद्र, सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, जेएनयू और दिल्ली विश्वविद्यालय, दक्षिण परिसर ने संयुक्त रूप से 12–13 मार्च 2006 को 'सिस्टम्स बायोलाजी' पर संगोष्ठी आयोजित की। इसका आयोजन प्रो. आलोक भट्टाचार्य और प्रो. आर. रामास्वामी ने किया।

- 26–28 सितम्बर 2005 को 'अल्गोरिदम्स इन प्राइमरी सिक्वेंस एनालिसिस' विषयक कार्यशाला का आयोजन प्रो. ए. कृष्णामाचारी ने किया।

केंद्र/संस्थान में आए अतिथि

- प्रो. रासकिंग, डिपार्टमेंट आफ कंप्यूटर साइंस, यूनिवर्सिटी आफ वेल्स, यू.के. 20 दिसम्बर 2005 को केंद्र में आए।
- प्रो. थोमस इसाकसन, डिपार्टमेंट आफ कैमिस्ट्री, बायोटेक्नालाजी ऐंड फूड साइंस नार्वेइन यूनिवर्सिटी आफ लाइफ साइंस, नार्वे

शोध परियोजनाएं

- ए. भट्टाचार्य, जैव प्रौद्योगिकी विभाग की एन्टामोइबा हिस्टोलिटिका कैल्सियम बाइंडिंग प्रोटीन–1 : आइडेंटिफिकेशन ऐंड पार्शियल करेक्ट्राइजेशन आफ टार्गेट्स प्रोटीन्स, विषयक प्रायोजित परियोजना
- ए. भट्टाचार्य, जैव प्रौद्योगिकी विभाग की, एक्सप्लोरिंग द आर्गेनाइजेशन आफ जिनोमिक डी.एन.ए. वाया सेग्मेंटेशन, विषयक प्रायोजित परियोजना

राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों/बैठकों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता

- ए. भट्टाचार्य ने 9 से 11 जून 2005 तक एडवांस्ड सेंटर आफ हिल बायोरिसोर्सिस ऐंड बायोटेक्नोलाजी, सी.एस.के. हिमाचल प्रदेश, कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में आयोजित 'बायोइंफर्मेटिक्स ऐंड प्लान जिनोमिक' विषयक अल्पकालीन प्रशिक्षण में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 12 जुलाई 2005 को पुणे विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और रीडर के पदों के लिए चयन समिति में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 9 सितम्बर 2005 को बोस संस्थान, कोलकाता में आयोजित टेक्नीकल बिड्स व्यू की बैठक में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 17 सितम्बर 2005 को बोस संस्थान, कोलकाता में काउंसिल की बैठक में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 25 से 26 अक्टूबर 2005 तक कोलकाता में आयोजित पी.ए.सी.डी.एस.टी. की बैठक में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 27 से 28 अक्टूबर 2005 तक बंगलौर में आयोजित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की प्रथम बैठक में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 26 से 27 दिसम्बर 2005 तक सी.सी.एम.बी. हैदराबाद में आयोजित इंसा की परिषद बैठक में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 1 से 2 फरवरी 2006 तक कर्नाटक वैटेरिनरी, एनीमल ऐंड फिशरीज साइंस यूनिवर्सिटी, मंगलौर में आयोजित बायोइंफार्मेटिक्स, विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 3 से 4 फरवरी 2006 तक कसरगाड में आयोजित डी.बी.टी. की वार्षिक समन्वयकों की बैठक में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 23 से 24 फरवरी 2006 तक जैव–सूचना–विज्ञान केंद्र, बोस संस्थान, कोलकाता में आयोजित 'एप्लिकेशन आफ बायोइंफार्मेटिक्स इन मोलिकूलर ऐंड स्ट्रक्चरल बायोलाजी' विषयक कार्यशाला में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 14 से 16 फरवरी 2006 तक एसोसिएट/सहायक प्रोफेसर, व्याख्याताओं (जैव सूचना विज्ञान/कंप्यूटर विज्ञान में) के चयन के लिए इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड रिसर्च, स्कूल आफ बायोलाजिकल साइंसिस ऐंड बायोटेक्नोलाजी गाँधीनगर, गुजरात की चयन समिति की बैठक में भाग लिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 23 से 26 मार्च 2006 तक पुणे में आयोजित सी.एस.आई.आर. की नैट समिति की बैठक में भाग लिया।

- आर. रामास्वामी ने 22 अगस्त 2005 को बंगलौर में आयोजित 'स्टेटिस्टिकल मकेनिक्स आफ प्लास्टिक ऐंड रिलेटिड इनस्टेबिलिटी' विषयक सम्मेलन में भाग लिया।
- आर. रामास्वामी ने हीट कंडक्शन इन 1–डाइमेंशनल लैटिक्स
- आर. रामास्वामी ने 18 से 22 सितम्बर 2005 तक 'नानलिनियर डायनामिक्स आफ इलैक्ट्रानिक सिस्टम्स : पाट्सडैम अपेरिओडिक नानकेआटिक डायनेमिक्स' विषयक सम्मेलन में भाग लिया।
- आर. रामास्वामी ने 9 फरवरी 2006 को भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर में आयोजित 'बायोइंफार्मेटिक्स' विषयक इण्डो–फ्रेंच की बैठक में भाग लिया तथा 'मार्कोव माडल्स आफ जिनोम सेग्मेंटेशन' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आर. रामास्वामी ने 23 फरवरी 2006 को बोस संस्थान, कोलकाता में आयोजित 'एप्लिकेशन आफ बायोइंफार्मेटिक्स' विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया तथा 'फाइंडिंग जीन्स इन डी.एन.ए. सिक्वेंसिस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आर. रामास्वामी ने 23 फरवरी 2006 को बोस संस्थान, कोलकाता में आयोजित 'एप्लिकेशन आफ बायोइंफार्मेटिक्स' विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया तथा 'गिल्ट बाई एसोसिएशन' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आर. रामास्वामी ने 13 मार्च 2006 को जेएनयू में आयोजित 'सिस्टम बायोलाजी' विषयक सम्मेलन में भाग लिया तथा 'प्रिडिक्टिंग ब्रेस्ट कैंसर फेनोटाइप्स' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आर. रामास्वामी ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित 'कंप्यूटेशनल फिजिक्स ऐंड बायोइंफार्मेटिक्स' विषयक कार्यशाला में भाग लिया तथा 'इंट्रोडक्शन टु सिस्टम्स बायोलाजी' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- आर. रामास्वामी ने 22 मार्च 2006 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित 'कंप्यूटेशनल फिजिक्स ऐंड बायोइंफोर्मेटिक्स' विषयक कार्यशाला में भाग लिया तथा 'फाइंडिंग जीन्स ऐंड अदर थिंग्स इन डी.एन.ए. सिक्वेंसिस' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

शिक्षकों के व्याख्यान (विश्वविद्यालय से बाहर)

- ए. भट्टाचार्य ने 19 अप्रैल 2005 को जैव रसायन विभाग, श्रीवेंकटेश्वर कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'बायोइंफार्मेटिक्स ऐंड कंप्यूटेशनल बायोलाजी' विषयक कार्यशाला में 'द जिनोम आफ द प्रोटोजोआ पैरासाइट एन्टामोइबा हिस्टोलिटिका' विषयक व्याख्यान दिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 24 नवम्बर 2005 को सेंटर फार डिवलपमेंट आफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी.डी.ए.सी.) पुणे में व्याख्यान दिया।
- ए. भट्टाचार्य ने इलाहाबाद कृषि विश्वविद्यालय, इलाहाबाद में व्याख्यान दिया।
- ए. भट्टाचार्य ने ए.जी.बी.एम. आफ सोसायटी आफ बायोलाजिकल केमिस्ट्स (इण्डिया), लखनऊ में व्याख्यान दिया।
- ए. भट्टाचार्य ने 27 जनवरी 2006 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, महिला महाविद्यालय, वाराणसी में 'सिग्नल ट्रांस्डक्शन' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर. रामास्वामी ने 7 अप्रैल 2005 को भौतिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, मैरीलैण्ड विश्वविद्यालय, कालेज पार्क में 'ए पीरिआडिक नानकेआटिक डायनामिक्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर. रामास्वामी ने 2 जून 2005 को बायोमैप्स, रूटगर्स यूनिवर्सिटी, न्यू ब्रून्सविक में 'मार्कोव माडल्स आफ जिनोम सेग्मेंटेशन' विषयक व्याख्यान दिया।

- आर. रामास्वामी ने 14 जून 2005 को भौतिक विज्ञान विभाग, मिचिगन स्टेट विश्वविद्यालय, ईस्ट लासिंग में 'द इम्पोर्टेन्स आफ बीइंग स्ट्रेंज ऐंड नानकेआटिक' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर. रामास्वामी ने 23 जून 2005 को जे.एस.टी.ओ.आर./इथाका, न्यूयार्क में 'अकादमिक्स विदाउट फ्रंटियर्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर. रामास्वामी ने 23 दिसम्बर 2005 को इन्द्रप्रस्थ कालेज, दिल्ली में 'फ्रेक्टल्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर. रामास्वामी ने 9 से 10 जनवरी, 2006 को आई.एम.एस–सी. काम्पलेक्स सिस्टम्स स्कूल, चैन्नई में 'इंट्रोडक्शन टु बायोइंफार्मेटिक्स' विषयक दो व्याख्यान दिए।
- आर. रामास्वामी ने 6 फरवरी 2006 को रामजस कालेज, दिल्ली में 'फ्रेक्टल्स' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर. रामास्वामी ने 22 फरवरी 2006 को दिल्ली विश्वविद्यालय में 'वाट कैन फिजिक्स लर्न फ्राम बायोलाजी' विषयक व्याख्यान दिया।

मण्डलों/समितियों की सदस्यता (विश्वविद्यालय से बाहर)

- ए. भट्टाचार्य, सदस्य, जैव प्रौद्योगिकी विभाग की विशेषज्ञ समिति; कैपेसिटी बिल्डिंग ऐंड अवेयरनेस जेनरेशन आन बायोरिसोर्स डिवलपमेंट ऐंड यूटिलाइजेशन; और सदस्य, 58वें फ्रेंकफुर्ट पुस्तक मेला 2006 के लिए राष्ट्रीय आयोजन समिति।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान

वर्ष 1969 में स्थापित भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान विश्वविद्यालय के प्रारंभिक संस्थानों में से एक है। यह देश में विदेशी भाषाओं के अध्ययन और भाषा विज्ञान, विभिन्न भाषाओं के साहित्य और संस्कृति अध्ययन तथा दर्शनशास्त्र में उच्च अध्ययन और शोध हेतु देश में एक प्रमुख संस्थान है।

संस्थान में 12 इकाईयां हैं। इनमें ग्यारह केंद्र हैं : अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र, चीनी और दक्षिण–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र, अंग्रेजी अध्ययन केंद्र, फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र, जर्मन अध्ययन केंद्र, भारतीय भाषा केंद्र, जापानी और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र, भाषा विज्ञान केंद्र, फारसी और मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र, रूसी अध्ययन केंद्र और स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र। इनके अतिरिक्त, एक भाषा प्रयोगशालाएं और मल्टिमीडिया समूह है।

संस्थान के केंद्रों द्वारा विभिन्न विषयों में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। भाषा इंदोनेशिया, इतालवी, मंगोलियन, पुर्तगाली, पश्तो और उर्दू जैसी भाषाओं में प्रमाण–पत्र, डिप्लोमा और उच्च प्रवीणता डिप्लोमा तथा उर्दू में मास मीडिया कोर्स चलाए जाते है। संस्थान अरबी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, कोरियाई, फारसी, रूसी और स्पेनी जैसी विदेशी भाषों में बी.ए.(आनर्स), एम.ए., एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम और अंग्रेजी, हिंदी तथा उर्दू साहित्य और भाषा विज्ञान में एम.ए. तथा एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। इनके अतिरिक्त, संस्थान पुर्तगाली में भी एम.फिल. पाठ्यक्रम चलाता है।

इन वर्तमान पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त संस्थान ने हाल ही में ग्रीक, हिब्रू और टर्की भाषाओं में कोर्स शुरू किए हैं। संस्थान तमिल और बंगला भाषाओं में अध्ययन शुरू करके भारतीय भाषाओं के अध्ययन में विस्तार करने की योजना है। संस्थान शीघ्र ही संस्कृति अध्ययन में एक एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम शुरू करना चाहता है। इन औपचारिक पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त, अन्तरविषयक अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए संस्थान द्वारा विभिन्न टूल/वैकल्पिक कोर्स भी चलाए जाते हैं। संस्थान अंग्रेजी भाषायी क्षमता को उन्नत करने के लिए विश्वविद्यालय के इच्छुक छात्रों के लिए अंग्रेजी भाषा में एक उपचारात्मक कोर्स भी चलाता है। यह कोर्स बहुत ही सफल रहा है।

शिक्षण और शोध गतिविधियों के अतिरिक्त संस्थान 'जर्नल आफ द स्कूल आफ लैंग्वेजिज' शीर्षक पत्रिका भी प्रकाशित करता है। इसका प्रकाशन सत्तर के दशक में शुरू हुआ। इसमें साहित्य, भाषा, तुलनात्मक अध्ययन, अनुवाद और संकेतविज्ञान तथा विषयवस्तु पर महत्वपूर्ण शोध–पत्र प्रकाशित हुए हैं और इससे भाषिक सीमाएं टूटी हैं। इसके अतिरिक्त, संस्थान के कुछ केंद्रों की अपनी पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं। रूसी अध्ययन केंद्र 'क्रिटिक' और स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र 'हिस्पानिक होरिजन' नामक पत्रिका प्रकाशित करते हैं। भाषा प्रयोगशाला समूह के पास अपने प्रकाशनों के प्रावधान उपलब्ध हैं।

संस्थान भाषा शिक्षण, भाषा विज्ञान, साहित्य और संस्कृति के अध्ययन क्षेत्रों में उच्च स्तरीय विद्वान और अन्तरराष्ट्रीय पहचान के अनुवादक और दुभाषिए तैयार करता है। जैसा कि रिपोर्ट में आगे उल्लेख किया गया है कि इस वर्ष भी सभी केंद्रो के शिक्षकों ने न केवल उच्च स्तरीय शोध के लिए सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया है अपितु अपने विभिन्न शोध कार्यों तथा प्रकाशनों की गुणवत्ता एवं अन्य उपलब्धियों के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

थ्रस्ट एरिया और संदर्श परियोजनाएं

अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र

केंद्र अरबी भाषा में बी.ए.(आनर्स), एम.ए. और एम.फिल. / पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। केंद्र विश्वविद्यालय के अन्य केंद्रों के छात्रों के लिए अंग्रेजी में 'इंट्रोडक्शन टु द अरब वर्ल्ड' विषयक दो टूल कोर्स भी चलाता है।

केंद्र की तीन थ्रस्ट एरिया विकसित करने की योजना है। ये एरिया हैं – शास्त्रीय अरबी भाषा और साहित्य, समसामयिक साहित्यिक आदान–प्रदान के क्षेत्रों में भारत–अरब सम्बन्ध, और भारत–अफ्रीकी अध्ययन : सांस्कृतिक और साहित्यिक आयाम। केंद्र की स्वयं वित्तपोषण योजना के अन्तर्गत 'स्पिकिंग अरेबिक' शीर्षक 45 दिवसीय कैप्सूल कोर्स और अरबी भाषा में प्रवीणता प्रमाण–पत्र तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी शुरू करने की योजना है। केंद्र में हिब्रू भाषा शिक्षण में एक नया पाठ्यक्रम शुरू करने की प्रक्रिया चल रही है।

चीनी और दक्षिण–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र

केंद्र चीनी भाषा में बी.ए.(आनर्स), एम.ए. और एम.फिल. / पी–एच.डी. पाठ्यक्रम तथा भाषा इंदोनेशिया में सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स चलाता है।

उल्लेखनीय है कि भावी योजनाओं के अनुसार केंद्र में कनफूशियस इंस्टीट्यूट की स्थापना करने के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और विदेशी भाषा के रूप में चीनी शिक्षण के राष्ट्रीय केंद्र, चीन के बीच एक समझौता हुआ है। इसका मूल उद्देश्य भारत में चीनी भाषा के शिक्षण को सुदृढ़ बनाना और चीन एवं चीनी संस्कृति के बारे में अधिक जानकारी देना है। इसके अतिरिक्त, एसोसिएट प्रोफेसर डा. बी.आर. दीपक द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव के आधार पर केंद्र चीनी संस्कृति, इतिहास और अर्थशास्त्र से सम्बन्धित एक पाठ्य पुस्तक तैयार करने की योजना बना रहा है। यह पाठ्यपुस्तक विभिन्न टूल कोर्सों में पंजीकरण कराने वाले छात्रों को आरम्भिक जानकारी उपलब्ध कराएगी। यह एक सम्पादित पुस्तक होगी और इसके अध्यायों में शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत सामग्री शामिल होगी।

अंग्रेजी अध्ययन केंद्र

पूर्व में भाषा विज्ञान और अंग्रेजी अध्ययन केंद्र और अब अंग्रेजी अध्ययन केंद्र में अंग्रेजी में एम.ए. तथा एम. फिल / पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। केंद्र के पाठ्यक्रम अन्तरविषयक और पारविषयक प्रकृति के हैं – जिनमें भाषा–विज्ञान, साहित्य और संस्कृति अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों में सैद्धांतिक और तुलनात्मक शोध कार्य कराया जाता है। केंद्र अपने संस्थान के स्नातक छात्रों के लिए भाषा–विज्ञान और अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य में वैकल्पिक तथा टूल कोर्स के साथ–साथ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए अंग्रेजी में उपचारात्मक कोर्स भी चलाता है। केंद्र के थ्रस्ट एरिया में शामिल हैं – भारत, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमरीका जैसे देशों के अंग्रेजी साहित्य, समसामयिक साहित्यिक और सांस्कृतिक सिद्धान्त, संस्कृति का संकेत–विज्ञान, प्रसिद्ध संस्कृति अध्ययन, प्राचीन भारतीय काव्यशास्त्र और व्याकरणिक परम्परा तथा अनुवाद सिद्धान्त एवं व्यवहार।

केंद्र अंग्रेजी साहित्य के प्रति भारतीय दृष्टिकोण विषय पर विशेष सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत संगोष्ठियां एवं शैक्षणिक पाठ्यक्रम चलाता है।

फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र

केंद्र फ्रेंच भाषा में बी.ए.(आनर्स), एम.ए. और एम.फिल. / पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। केंद्र 46 फ्रेंकाफोन (फ्रेंच भाषी) देशों के सांस्कृतिक, सामाजिक–आर्थिक और राजनीतिक यथार्थ के बारे में बहुविषयक शोध कार्यक्रम चलाता है।

केंद्र अपने थ्रस्ट एरिया में भविष्य में विश्वविद्यालय के अन्य केंद्रों, संस्थानों के साथ–साथ देश–विदेश के अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ फ्रेंकाफोन में अन्तरविषयक तथा सहयोगात्मक शोध कार्यक्रम चलाना चाहता है। केंद्र अपने फ्रेंकाफोन अध्ययन, अनुवाद एवं भाषान्तरण पाठ्यक्रमों में चल रही शैक्षिक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के कार्य को जारी रखेगा।

जर्मन अध्ययन केंद्र

जर्मन अध्ययन केंद्र बी.ए.(आनर्स), एम.ए. और एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। इन पाठ्यक्रमों में जर्मन अध्ययन के साथ–साथ जर्मन संस्कृति–अध्ययन पर विशेष बल दिया जाता है। इसमें जर्मन भाषा–भाषी देशों और भारत के बीच तुलनात्मक तथा व्यतिरेकी अध्ययन और संस्कृति, अनुवाद, विदेशी भाषा के रूप में जर्मन शिक्षण, अनुप्रयुक्त भाषा–विज्ञान के क्षेत्रों में अध्ययन शामिल है; इसके अतिरिक्त, इस अध्ययन में सामाजिक–राजनीतिक गतिविधियां जैसे नारी अधिकारवाद, प्राच्यवाद, उत्तर आधुनिकतावाद, मीडिया–विश्लेषण आदि क्षेत्रों में हुए परिवर्तनों से उभरे शोध के नए क्षेत्र भी शामिल हैं। केंद्र को जर्मनी, आस्ट्रिया और स्विटजरलैण्ड की सरकारों और संस्थानों से सहयोग मिल रहा है।

अपने भावी कार्यक्रमों के अन्तर्गत केंद्र अपने बी.ए. और एम.ए. पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या में संशोधन कर रहा है। इन संशोधनों को शीघ्र ही संस्थान के अध्ययन मण्डल की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

भारतीय भाषा केंद्र

भारतीय भाषा केंद्र हिंदी साहित्य में एम.ए. और एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम, हिंदी अनुवाद में एम.फिल./ पी–एच.डी. पाठ्यक्रम, उर्दू में सर्टिफिकेट, एम.ए. और एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम तथा उर्दू में जनसंचार में उच्च डिप्लोमा कोर्स चलाता है। इसके अतिरिक्त, केंद्र, अन्य केंद्रों के छात्रों के लिए हिंदी और उर्दू में वैकल्पिक और टूल कोर्सों के साथ–साथ इन भाषाओं को सीखने के इच्छुक विदेशी छात्रों के लिए अल्पकालीन कोर्स भी चलाता है।

भारतीय भाषा केंद्र की स्थापना विभिन्न भारतीय भाषाओं में सामाजिक रूप से संगत और बौद्धिकता की दृष्टि से शोध एवं उच्च अध्ययन करने के लिए की गई थी। ऐसे केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य जेएनयू और भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के सामान्य अभिविन्यास के अनुरूप अन्तरविषयक दृष्टिकोण तथा तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य को उन्नत करना था। केंद्र का अपने मूल उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए फिलहाल तमिल और बंग्ला में शिक्षण की शुरूआत के साथ और अन्य भारतीय भाषाओं में भी शिक्षण शुरू करने का प्रस्ताव है।

जापानी और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र

केंद्र जापानी में बी.ए.(आनर्स), एम.ए. और एम.फिल./पी–एच.डी. पाठ्यक्रम, कोरियाई में एम.ए. पाठ्यक्रम और मंगोलियन में सर्टिफिकेट कोर्स चलाता है।

जेएनयू द्वारा किए गए करार के अन्तर्गत केन्द्र और जापान के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों सहित ओटनी विश्वविद्यालय और रित्सुमेकान विश्वविद्यालय के बीच शैक्षिक और सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम चल रहे हैं। केंद्र के शिक्षकों एवं छात्रों के लिए नियमित रूप से अध्येतावृत्तियां प्राप्त हो रही हैं। केंद्र जापान फाउंडेशन, भारत का जापानी शिक्षक संघ, मुमबुशो स्कालर्स एसोसिएशन आफ इण्डिया आदि के साथ मिलकर जापानी अध्ययन से संबंधित सम्मलनों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन करता है।

धीरे–धीरे भविष्य में इसी तरह की गतिविधियां कोरियाई भाषा के सम्बन्ध में भी शुरू की जाएंगीं। केंद्र अपने कोरियाई पाठ्यक्रम को और अधिक विकसित करने की आशा करता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए केंद्र ने अपना वर्तमान नाम बदल कर 'जापानी, कोरियाई और उत्तर–पूर्वी अध्ययन केंद्र' करने का प्रस्ताव किया है, जिसका अनुमोदन अभी प्रतीक्षित है।

भाषा विज्ञान केंद्र

भाषा विज्ञान केंद्र इस सत्र में भाषा विज्ञान और अंग्रेजी केंद्र से अलग होकर एक स्वतंत्र केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। यह केंद्र भाषा विज्ञान में एम.ए. और एम.फिल. / पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। केंद्र संस्थान के स्नातक छात्रों के लिए भाषा विज्ञान में वैकल्पिक कोर्स भी चलाता है।

भाषा विज्ञान केंद्र पूरे भारत में भाषा विज्ञान और भाषा अध्ययन के अग्रणी केंद्रों में से एक है। केंद्र स्वर विज्ञान, स्वन प्रक्रिया, रूप विज्ञान और वाक्य विन्यास जैसे मुख्य क्षेत्रों के साथ–साथ मनो भाषा विज्ञान और समाज भाषा विज्ञान जैसे अन्तरविषयक क्षेत्रों के अध्ययन पर बल देता है। केंद्र पिछले कई वर्षों से संकेतविज्ञान और भारतीय व्याकरणिक परम्परा के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। शिक्षकों द्वारा शामिल किए गए शोध के कुछ अन्य क्षेत्र हैं – भाषा प्रारूप विज्ञान और संकेत भाषा के साथ–साथ जैव–भाषा विज्ञान, जोकि सामान्य रूचि का एक उभरता हुआ क्षेत्र है।

फारसी और मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र

केंद्र फारसी में बी.ए.(आनर्स), एम.ए. और एम.फिल. / पी–एच.डी. पाठ्यक्रम और पश्तो में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और उच्च प्रवीणता डिप्लोमा कोर्स चलाता है। केंद्र के थ्रस्ट एरिया हैं – आधुनिक और मध्यकालीन फारसी साहित्य, फारसी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से फारसी में अनुवाद, इण्डो–ईरान सम्बन्ध और क्षेत्रीय अध्ययन – ईरान, अफगानिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेगिस्तान।

केंद्र की भावी योजनाओं में शामिल हैं पश्तो अध्ययन पाठ्यक्रमों को डिग्री स्तर का पाठ्यक्रम बनाना और टर्की तथा उज्बैग भाषाओं में पाठ्यक्रम शुरू करना।

रूसी अध्ययन केंद्र

रूसी अध्ययन केंद्र रूसी में बी.ए.(आनर्स), एम.ए. और एम.फिल. / पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाता है। इस केंद्र की स्थापना वर्ष 1965 में रूसी अध्ययन के एक स्वतंत्र संस्थान के रूप में हुई और बाद में यह वर्ष 1969 में जेएनयू का हिस्सा बन गया। केंद्र ने इस वर्ष 14 नवम्बर 2005 को अपने 40 वर्ष पूरे किए हैं। अपने पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी केंद्र अपने वर्तमान अध्ययन पाठ्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने में संलग्न रहा। नियमित कक्षाओं के अतिरिक्त केंद्र ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियां, सुप्रसिद्ध विद्वानों के व्याख्यान, छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया। केंद्र के थ्रस्ट एरिया हैं – रूसी भाषा शास्त्री, रूसी साहित्य और तुलनात्मक अध्ययन। केंद्र अपनी 'क्रिटिक' नामक पत्रिका का प्रकाशन करता है।

स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र

केंद्र स्पेनी में बी.ए.(आनर्स), एम.ए. और एम.फिल. / पी–एच.डी. पाठ्यक्रम, पुर्तगाली में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, उच्च प्रवीणता डिप्लोमा और एम.फिल. पाठ्यक्रम तथा इतालवी में सर्टिफिकेट और प्रवीणता डिप्लोमा कोर्स चलाता है। पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी केंद्र ने अपने वर्तमान शैक्षिक पाठ्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने तथा स्पेनी, पुर्तगाली और इतालवी भाषाओं और संस्कृतियों में उभरते विषयों तथा पद्धतियों के अनुरूप नये क्षेत्रों में अध्ययन शुरू करने का कार्य जारी रखा। केंद्र 'हिस्पानिक हारीजन' नामक पत्रिका भी प्रकाशित करता है। इस वर्ष पत्रिका का 24वां अंक प्रकाशित हुआ।

पिछले वर्ष के दौरान केंद्र ने अपने शिक्षकों और छात्रों के सुझावों तथा पूर्व अनुभव के आधार पर स्पेनी में विभिन्न पाठ्यक्रमों के कोर्सों को पुनगर्ठित तथा संशोधित करके कुछ नये कोर्सों को शामिल करने की ओर विशेष ध्यान दिया। केंद्र विदेशी छात्रों के लिए 'इण्डिया इन स्पेनिश' विषय पर एक कोर्स शुरू करने के प्रस्ताव पर भी विचार कर रहा है। केंद्र वि.अ.आ. के विशेष सहायता कार्यक्रम (सेप) के अन्तर्गत लेटिन अमरीकी अध्ययन में एक विशेष कार्यक्रम चलाने के अपने पूर्व प्रस्ताव पर भी विचार–विमर्श कर रहा है।

केंद्र ने इस वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय में 'औला सर्वोतेज' नामक सुविधा उपलब्ध करायी है। इसके अन्तर्गत छात्रों को स्पेनी भाषा एवं संस्कृति में शोध कार्य करने के लिए आधुनिक उपकरण तथा संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

भाषा प्रयोगशाला समूह

भौतिक विज्ञान संस्थान से सटे एक ध्वनिप्रूफ एवं वातानुकूलित भवन में स्थित भाषा प्रयोगशाला समूह पूरे एशिया में एक सर्वोत्तम प्रयोगशाला है। इसमें दो मल्टीमिडिया भाषा प्रयोगशालाएं, चार आडियो–एक्टिव भाषा प्रयोगशालाएं, एक फोनेटिक्स प्रयोगशाला, पांच आडियो–विजुअल रूम, छात्रों के लिए एक इंटरनेट रूम और फिल्म प्रोजेक्शन सुविधा युक्त एक आडिटोरियम है।

भाषा प्रयोगशाला में रिकार्डिंग, एडिटिंग और आडियो–विडियो कैसेट डुप्लिकेशन सुविधा वाला एक स्टुडियो भी है। भाषा प्रयोगशाला की सभी इकाइयों का उपयोग शिक्षण एवं शोध कार्य के लिए सभी कार्य–दिवसों में प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाता है। औसतन एक भाषा प्रयोगशाला या एक आडियो–विडियो रूम का प्रयोग एक सप्ताह में 9 घंटे तक किया जाता है। इस वर्ष भाषा प्रयोगशाला की सुविधाओं का उपयोग लगभग 4000 घंटे तक किया गया। भाषा प्रयोगशाला, विश्वविद्यालय के अन्य संस्थानों, केंद्रो और विभागों को भी कांफ्रेस सुविधा उपलब्ध कराती है।

वर्ष 2005–2006 के दौरान विभिन्न केंद्रो द्वारा निम्नलिखित नये कोर्स शुरू किए गए –

जर्मन अध्ययन केंद्र

केंद्र के अन्तरविषयक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के अन्य छात्रों के लिए एम.ए. स्तर पर चार क्रेडिट का एक वैकल्पिक कोर्स (अंग्रेजी में) निम्नलिखित कोर्स शुरू किया :

जी.आर. 421 : थीअरि ऐंड हिस्ट्री आफ ओरल कल्चर स्टडीज

रूसी अध्ययन केंद्र

केंद्र ने एम.ए. स्तर पर 4 क्रेडिट का एक नया कोर्स शुरू किया है। यह कोर्स है – आर.यू. 412 ए : ट्रांसलेशन आफ बिजनेस, ट्रेड ऐंड कामर्स मैटिरिअल्स फ्राम रशियन इन टु इंग्लिश ऐंड वाइस–वर्सा

संस्थान/केंद्रो द्वारा निम्नलिखित संगोष्ठियां आयोजित की गई

1. भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान के डीन प्रो. अमर के. बासु की अध्यक्षता में गठित निम्नलिखित सदस्यों – एस. पी. गांगुली (स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र), मकरंद प्रांजपे (अंग्रेजी अध्ययन केंद्र), एस. भादुरी (अंग्रेजी अध्ययन केंद्र) और साधना नैथानी (जर्मन अध्ययन केंद्र) द्वारा साहित्य अकादमी और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद के सहयोग से 9 से 11 मार्च 2006 तक 'इंटर–कल्चरल स्टडीज टुडे : चैलेंजिस ऐंड इम्पेरिटिव्स' विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई।

चीनी और दक्षिण–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र

2. सबरी मित्रा ने चीनी अध्ययन संस्थान, सेंटर फार डिवलपिंग सोसायटीज, नई दिल्ली के सहयोग से 21–22 अक्टूबर 2005 को 'पालिटिक्स आफ कल्चर इन कंटेम्पोरेरि चाइना ऐंड इण्डिया' विषयक संगोष्ठी आयोजित की।

3. सबरी मित्रा ने चीनी अध्ययन संस्थान, सी.एस.डी.एस.के सहयोग से 26 नवमबर 2005 को 'वूमन राइटिंग्स इन कम्पेरिटिव पर्सपेक्टिव' विषयक कार्यशाला आयोजित की।

अंग्रेजी अध्ययन केंद्र

4. एस.के. सरीन और मकरंद प्रांजपे ने 16–17 जनवरी 2006 को 'इण्डियन कंट्रीब्युशन टु आस्ट्रेलियन स्टडीज' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया।
5. मकरंद प्रांजपे ने 5–7 फरवरी 2006 को इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर और जेएनयू में 'साइंस ऐंड स्प्रिचुएलिटी इन माडर्न इण्डिया' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की।
6. संतोष के सरीन ने 8 फरवरी 2006 को 'आयरिश लिट्रेचर' विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
7. नवीनत सेठी ने यू.एस. दूतावास के कल्चरल अफेयर्स सेक्सन के सहयोग से 15 फरवरी 2006 को 'मल्टीएथनिक लिट्रेचर आफ यू.एस.' विषयक संगोष्ठी आयोजित की।
8. केंद्र ने स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र के सहयोग से 8 मार्च 2006 को 'राइटर्स मीट' का आयोजन किया। इसमें लेखक मंजु कपूर और अनुवादक क्रिस्टोफर रोलासन ने परस्पर विचारों का आदान–प्रदान किया।

फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र

9. विजयलक्ष्मी राव और जे. प्रिजिकोडजेन ने 20–22 जनवरी 2006 को 'इंटर–कल्चरल ऐंड ग्लोबलाइजेशन' विषयक क्यूबैक अध्ययन पर अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की।
10. अभिजित कारकुन, आशिष अग्निहोत्री और शोभा शिवशंकरन ने 17 मार्च 2006 को 'फ्रेंकाफोन स्टडीज विद वियतनाम ऐज थीम कंट्री' विषयक गोलमेज संगोष्ठी आयोजित की।
11. आशिष अग्निहोत्री ने कनाडियाई विजिटिंग प्रोफेसर ऐकमेहेली के सहयोग से 23 मार्च 2006 को 'Marguerite Yourcenar : ecrivaine francophone' विषयक संगोष्ठी आयोजित की।

भारतीय भाषा केंद्र

12. चमन लाल ने 11 मई 2005 को 'लेक्चर–कम–ट्रांसलेशन वर्कशाप' आयोजित की।
13. मो. शाहिद हुसैन ने दिल्ली उर्दू अकादमी के सहयोग से 26–27 अक्टूबर 2005 को 'उर्दू में अदब–ए–अतफल की रिवायत' विषयक कार्यशाला आयोजित की।
14. मो. शाहिद हुसैन ने दिल्ली उर्दू अकादमी के सहयोग से 26–27 नवम्बर 2005 को 'उर्दू में अदब–ए–अतफल मसाएल व हल' विषयक कार्यशाला आयोजित की।
15. चमन लाल ने 10 जनवरी 2006 को प्रो. यूआन, चीन और प्रो. इंदिरा पीटरसन, यू.एस.ए. के साथ 'फेस–टू–फेस' कार्यक्रम आयोजित किया।

जापानी और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र

16. रविकेश ने 7–9 अक्टूबर 2005 को 'पर्सपेक्टिव आन कोरियन कल्चर' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।
17. रविकेश ने इंटरनेशनल सर्किल आफ कोरियन लिंग्विस्टिक्स, कोरिया के सहयोग से 8 अक्टूबर 2005 को 'कोरियन लिंग्विस्टिक्स' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

भाषा विज्ञान केंद्र

18. आयशा किदवई ने 5–8 अक्टूबर 2005 को 'जेनरेटिव लिंग्विस्टिक्स आफ द ओल्ड वर्ल्ड काफ्रेंस (ग्लो)' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया।

रूसी अध्ययन केंद्र

19. शंकर बासु ने 8–10 नवम्बर 2005 को रूसी अध्ययन केंद्र की 40वीं वर्षगांठ समारोह के अवसर पर 'रशियन थ्रू द इयर्स : ए मजेइक आफ लैंग्युवेज, लिट्रेचर ऐंड कल्चर' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया।

20. मनु मित्तल ने 8–10 फरवरी 2006 को आई.सी.सी.आर. के सहयोग से 'कल्चर्स ऐंड सोसायटीज इन ट्रांजिशन – इण्डिया, रशिया ऐंड सी.आई.एस. कंट्रीज' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की।

स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र

21. अपराजित चट्टोपाध्याय ने 11–12 नवम्बर 2005 को 'सर्वांतेस ऐंड द गोल्डन ऐज' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित विद्वानों और शिष्टमण्डलों ने संस्थान/केंद्रों का दौरा किया –

अंग्रेजी अध्ययन केंद्र

1. डा. अलका कुमार, अंग्रेजी विभाग, एस.पी.एम. कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, ने 20 और 25 अप्रैल 2005 को 'द इंग्लिश पेशंट बाई माइकल ओनदतजी' विषय पर दो विशेष व्याख्यान दिए।

2. डा. इंदिरा घोष, फ्री यूनिवर्सिटी, बर्लिन ने 19 जनवरी 2006 को 'शेक्सपियर लाफ्टर ऐंड द एंटरटेनमेंट इण्डस्ट्री' विषयक व्याख्यान दिया।

3. डा. रेवत देवनंदन, कनाडा के सुप्रसिद्ध लेखक ने 28 फरवरी 2006 को 'कनाडियन लिट्रेचर' पर एक विशेष व्याख्यान दिया।

4. किरण नागरकर, सुप्रसिद्ध मराठी और अंग्रेजी लेखक ने 'राइटर इन रेजिडेंस प्रोग्राम' के अन्तर्गत 7–8 मार्च 2006 को केंद्र का दौरा किया।

5. प्रो. अनीसुर रहमान, अंग्रेजी और यूरोपीय भाषा विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने 'द आस्ट्रेलियन गजल : रीडिंग जुडिथ राइट' विषयक व्याख्यान दिया।

फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र

6. प्रो. के. मदनगोपालन, विजिटिंग प्रोफेसर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, ने 6 अप्रैल 2006 को 'Malraux et l'nde' विषयक व्याख्यान दिया।

7. प्रो. मारिया मैक एंड्रयू, यूनिवर्सिटी आफ मांट्रीयल, क्यूबैक, कनाडा ने 7 अप्रैल 2005 को 'L' immigration et l'education au Quebec' विषयक व्याख्यान दिया।

8. श्री आगस्ते कौआसी, प्रेजिडेंट आफ आइवरी कास्ट के सलाहकार, ने 30 सितम्बर 2005 को केंद्र का दौरा किया।

9. श्री जीन कारेस्ट, प्रीमियर आफ क्यूबैक, कनाडा, ने 17 जनवरी 2006 को केंद्र का दौरा किया।

10. डा. टोनी ट्रेम्बले ने 1 फरवरी 2006 को 'क्लाड जुतरा ऐंड माइकल ब्राल्ट : डिफाइनिंग द लुक आफ फ्रेंच कनाडियन फिल्म' विषयक व्याख्यान दिया।

11. श्री बुयेन तुआन अन्ह, सैकिंड सेक्रेटरी (प्रेस ऐंड कल्चर), एम्बेसी आफ सोशलिस्ट रिपब्लिक आफ वियतनाम, ने 14 मार्च 2006 को केंद्र का दौरा किया।

12. प्रो. अशमी हेली, फ्रांस, ने 23 मार्च 2006 को 'Marguerite Yourcenar and India' विषयक व्याख्यान दिया।

13. पिरे कोइस्ट और एने तुअल, फ्रेंच दूतावास, ने 30 मार्च 2006 को केंद्र का दौरा किया और 'कनटेम्पोरेरि फ्रेंच' विषयक व्याख्यान दिया।

जर्मन अध्ययन केंद्र

14. प्रो. डा. फोल्फगेंग मुल्लर फंक, जर्मनी, 12 सितम्बर 2005 को केंद्र में आए।

15. डा. मार्गिट फ्रेंज, आस्ट्रियन दूतावास, 14 सितम्बर 2005 को केंद्र में आए।

16. डा. उरसुला कोच, बर्लिन, जर्मनी, ने 10 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2005 तक केंद्र में रहे।

17. श्री जोसेफ विंकलर, आस्ट्रियाई लेखक, 9 जनवरी 2006 को केंद्र में आए।

18. श्री अन दि आस वेबर, आस्ट्रियाई लेखक 18 जनवरी 2006 को केंद्र में आए।

19. डा. मारिया बेबेकोवा बेकर, डाड लेक्चरर, मातेज बाल यूनिवर्सिटी, 3 फरवरी 2006 को केंद्र में आईं।

20. श्री अनंत कुमार, भारतीय लेखक, जर्मनी, 15 फरवरी को केंद्र में आए।

भारतीय भाषा केंद्र

21. प्रो. एम.के. ब्रिस्की, इण्डियन स्टडीज, वार्स यूनिवर्सिटी, पोलैण्ड।

22. प्रो. इरफान हबीब ने 7 मार्च 2006 को 'कबीर स्मारक व्याख्यान' दिया।

जापानी और उत्तर –पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र

23. प्रो. के. ओकामातो, किनकिन यूनिवर्सिटी, ने 6 फरवरी 2006 को 'इण्डो–जापान रिलेशंस' विषय पर व्याख्यान दिया।

24. प्रो. के. हामाकावा, क्योतो वुमन यूनिवर्सिटी, जापान ने 1,3,8 और 10 फरवरी 2006 को 4 व्याख्यान दिये।

25. जापानी शिष्टमण्डल ने 22 फरवरी 2006 को केंद्र का दौरा किया।

26. कोरिया के एक शिष्टमण्डल ने 10 मार्च 06 को केंद्र का दौरा किया।

भाषा विज्ञान केंद्र

27. प्रो. आर.सी. शर्मा, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, भाषा विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने 19 और 22 अप्रैल 2005 को 'थीअरीज ऐंड माडल्स टु एक्सप्लेन लैंग्यूवेज–माइंडब्रेन रिलेशनशिप' विषयक दो विशेष व्याख्यान दिए।

28. डा. अन्नु खोसला, वरिष्ठ विज्ञानी, डी.आर.डी.ओ., दिल्ली ने 25 अक्टूबर 2005 को 'स्पीच आइडेंटिफिकेशन ऐंड स्पीकर रिकोगनिशन स्टडीज इन इण्डिया' विषयक व्याख्यान दिया।

29. चैत्रा पुट्टास्वामी, स्कूल आफ ओरिऐंटेशन ऐंड अफ्रीकन स्टडीज यूनिवर्सिटी आफ लंदन, ने 7 मार्च 2006 को 'वर्ब इन माल्टो' विषयक व्याख्यान दिया।

रूसी अध्ययन केंद्र

30. डा. सर्गेई चर्कास, अध्यक्ष, इनफार्मेशन ऐंड कल्चरल सेक्शन आफ द रशियन सेंटर आफ साइंस ऐंड कल्चर ने 1940–45 के ग्रेट पेट्रिओटिक वार की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर 12 अप्रैल 2005 को व्याख्यान दिया।

31. डा. चिनार रूस्तामोवा, सलाहकार, तुर्कमेनिस्तान दूतावास, ने 21 फरवरी 2006 को 'कल्चरल कोआप्रेशन बिटवीन इण्डिया, तुर्कमेनिस्तान ऐंड रशिया' विषयक व्याख्यान दिया।

32. एलेग्जेंडर ई. पेत्रोव, डिप्टी डायरेक्टर,, सेंटर आफ साइंस ऐंड कल्चर, ने 13 मार्च 2006 को 'रशिया'स स्पेस एक्सप्लोरेशन' विषयक व्याख्यान दिया।

स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र

33. प्रो. कार्लोस मोंटेमेयर, मैक्सिन स्पेशिएलिस्ट आन इंडिजिनस लिट्रेचर ऐंड क्रिटिक, ने 1 मार्च 2006 को 'मैक्सिकन लिट्रेचर' पर व्याख्यान दिया।

34. क्रिस्टोफर रोलासन, स्पेशलिस्ट इन ट्रांसलेशन स्टडीज फ्राम यूरोपियन पार्लियामेंट, 2 से 12 मार्च 2006 तक केंद्र में बतौर विजिटिंग फेलो रहे।

35. डा. एंतोनिओ नावारो–तेजेरो, यूनिवर्सिटी आफ कोर्डोवा, स्पेन, ने 7 मार्च 2006 को 'इण्डियन राइटर्स इन इंग्लिश' विषयक व्याख्यान दिया।

36. प्रो. रामोन बासा मार्टिन ने 7 फरवरी 2006 को 'La sombra del elefanta : la influencia India en la literature catalana' विषयक 19वां एन्टोनी बिनिमेलिस मेमोरियल व्याख्यान दिया।

37. श्री लारी लिवेने, स्पेन के प्रख्यात फिल्म निर्देशक ने 24 फरवरी 2006 औला सर्वोंतेज में 'रिसेंट ट्रेंड्स इन स्पेनिश ऐंड यूरोपियन सिनेमा ऐज ए रिफलेक्शन आफ चैंजिंग यूरोपीयन सोसायटी' विषयक व्याख्यान दिया।

वर्ष के दौरान निम्नलिखित केंद्रों के छात्रों ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं

1. फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन की पद्मिनी अय्यर को शैक्षिक विशिष्टता के 'देवेंद्र कुमार गुप्ता' स्मारक पुरस्कार प्रदान किया गया।

2. चरणदीप कौर भल्ला को शैक्षिक विशिष्टता के लिए प्रोफेसर मार्केंडेन स्मारक पुरस्कार प्रदान किया गया।

भारतीय भाषा केंद्र

3. मोहैमिना खातून और श्री फैजन सईद को शैक्षिक विशिष्टता के लिए 'सज्जाद जहीर और रजिया सज्जाद जहीर मैरिट' पुरस्कार प्रदान किया गया।

4. मोहैमिना खातून, नूरून निसा और श्री फैजन सईद को शैक्षिक विशिष्टता के लिए 'दिल्ली उर्दू अकादमी मैरिट' पुरस्कार प्रदान किया गया।

जापानी और उत्तर–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र

5. अखिल भारतीय जापानी भाषा प्रतियोगिता में श्री राहुल उन्नी ने जुनियर ग्रुप में द्वितीय स्थान और अंतरा गाडगिल ने सीनियर ग्रुप में तीसरा स्थान हासिल कर पुरस्कार प्राप्त किए।

6. तारिक शेख को अक्टूबर 2005 से सितम्बर 2006 तक एक वर्ष के लिए जापान सरकार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

7. निशा परमेश्वरन को वर्ष 2005 के लिए 'ओकिता स्मारक छात्रवृत्ति' प्रदान की गई।

8. शिवानी और आकांक्षा खत्री, एम.ए. कोरियाई पाठ्यक्रम की छात्राओं को जुलाई 2005 से दो वर्ष के लिए 'कोरियन फाउंडेशन स्कालरशिप' प्रदान की गई।

स्पेनी, पुर्तगाली, इतालवी और लेटिन अमरीकी अध्ययन केंद्र

10. तान्या गुप्ता को बी.ए. पाठ्यक्रम की सर्वोत्तम छात्रा के लिए वर्ष 2004–05 का 'जूही प्रसाद पुरस्कार' प्रदान किया।

11. अश्विनी गणेशन और लिया विमल, एम.ए. स्तर के सर्वोत्तम छात्रों के लिए वर्ष 2004–05 के लिए क्रमशः रफेल इरू जुबेता और इरेना इरूजुबिया पुरस्कार प्रदान किए गए।

शोध परियोजनाएं

अंग्रेजी अध्ययन केंद्र

- **मकरन्द प्रांजपे**, साइंस ऐंड स्प्रिचुएलिटी इन माडर्न इण्डिया, ग्लोबल पर्सपेक्टिव्स इन साइंस द्वारा वित्त पोषित, (चल रही परियोजना)

- **सुगाता भादुरी**, द बाडी इन द माइन्ड मैटर डायलेक्टिक : ए कम्पैरटिव स्टडी आफ मोड्स आफ ओन्टोलाजिकल ट्रिपार्टिशन, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के सहयोग से, अन्तर–विश्वविद्यालय संगोष्ठी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.–आई.यू.सी.) द्वारा वित्त पोषित, 2002–05 (पूरी हो चुकी)

फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र

- **के. माधवन**, द यूरोप साउथ एशिया मैरिटाइम हैरिटेज प्रोजेक्ट : टीचिंग मेथडोलाजीज, डिस्टेंस लर्निंग ऐंड मल्टिमीडिया कोर्स मैटेरियल्स डिवलपमेंट, यूरोपीय आयोग द्वारा प्रायोजित, 2006–09, (चल रही परियोजना)

- **किरन चौधरी**, फ्रेंच–हिंदी डिक्शनरी, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत के सहयोग से 2002–05, (पूरी हो चुकी परियोजना)

- **विजय लक्ष्मी राव**, इण्डियन राइटिंग इन फ्रेंच, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशिष्टता के लिए सक्षम विश्वविद्यालय कार्यक्रम के अन्तर्गत, 2005–07 (चल रही परियोजना)

जर्मन अध्ययन केंद्र

- **रेखा वी. राजन**, जर्मनी ऐंड इण्डिया : कल्चरल इंटरएक्शंस इन द 18टींथ सेंचुरी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के यू.पी.ओ.ई. कार्यक्रम के अन्तर्गत, 2005–07 (चल रही परियोजना)

- **मधु साहनी**, ट्रांस्लेशन आफ सटारिकल टेक्स्ट फ्राम हिन्दी इनटु जर्मन, दिल्ली विश्वविद्यालय और फ्रेइ विश्वविद्यालय के सहयोग से।

- **साधना नैथानी**, लोसिंग ऐंड हर्डर : जर्मन फाकलोर बिटवीन एनलाइटनमेंट ऐंड रोमांटिसिज्म, हरजोग अगस्त पुस्तकालय से वित्त पोषित अध्येतावृत्ति, सितम्बर 2004 से, (चल रही परियोजना)

- **विभा सुराना**, कल्चरल सेमिओटिक्स आफ लाइब्रेरी डिस्कोर्सिस, विषयक हम्बोल्ट शोध परियोजना, 2003 में गोटिंगन में शुरू (चल रही परियोजना)

भारतीय भाषा केंद्र

- **मजहर हुसैन**, उर्दू लिट्रेचर इन कलोनियल इण्डिया, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्त पोषित, 2002–05, (पूरी हो चुकी परियोजना)
- **ज्योतिसर शर्मा**, रीति कालीन काव्य में लोक मानस, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्त पोषित, 2002–07, (चल रही परियोजना)

भाषा विज्ञान केंद्र

- **अन्विता अब्बी**, वैनिसिंग बायसिस आफ द ग्रेट अण्डमानिस विषयक मेजर डाक्युमेंटेशन परियोजना, हंस रौसिंग इनडेंजर्ड लैंग्यूवेज डाक्यूमेंटेशन प्रोग्राम, स्कूल आफ ओरिएन्टल ऐंड अफ्रीकन स्टडीज, यूनिवर्सिटी आफ लन्दन द्वारा वित्त पोषित, (चल रही परियोजना)
- **वैश्ना नारंग**, बिल्डिंग ए फेनोमिक डाटाबेस आन इण्डियन लैंग्यूवेजिस, ह्यूमन वायसिस लिमिटेड, इजराइल द्वारा वित्तपोषित (चल रही परियोजना)

फारसी और मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र

- **एस.ए. हसन**, एनवायरनमेंटल ऐंड इकोलाजिकल अवेयरनेस ऐज डेप्किटिड इन होली स्क्रिप्चर्स/लिट्रेचर्स ऐंड देयर इम्पैक्ट आन वैरियस कम्यूनिटीज/सोसायटीज विषयक अध्ययन, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित वृहत परियोजना, (चल रही परियोजना)
- **अख्लाक अहमद अंसारी**, स्वराज्य : ए ट्रू स्टोरी, विषयक परियोजना के शोध परामर्शदाता और सलाहकार, संस्कृति अनुभाग, योजना आयोग के उपाध्यक्ष राजीव सेठी और एशिया हैरिटेज फाउन्डेशन के निदेशक द्वारा (चल रही परियोजना)

रूसी अध्ययन केंद्र

- **अमर बासु** और शंकर बासु, ए.पी. चैखोव के पत्रों का बंगाली में अनुवाद, साहित्य अकादमी द्वार वित्त पोषित, 2002–05, (पूरी हो चुकी परियोजना)
- **अमर बासु** और शंकर बासु, इवोल्युशन आफ एन इमेज : इण्डिया थ्रू द आइज आफ रशियन ट्रेवलर्स ऐंड राइटर्स, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का यू.पी.ओ.ई. कार्यक्रम के तहत (चल रही परियोजना)
- **मीता नारायण**, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का यू.पी.ओ.ई. कार्यक्रम के तहत रूसी अध्ययन केंद्र के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए पाठ्युपुस्तक तैयार कर रही हैं (चल रही परियोजना)

राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता

अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र

- **एस.ए. रहमान** ने 25 सितम्बर 2005 को अल कलाम फाउन्डेशन, नई दिल्ली में आयोजित, 'एज्यूकेशन ऐंड हजरत अली (फोर्थ खलीफा आफ्टर द प्राफिट मोहम्मद)', विषयक संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'हजरत अली : हिज राइट टु खलीफात' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- **एम.ए. इस्लाही** ने 1 से 3 दिसम्बर 2005 तक ज्ञान विज्ञान भवन बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित 'कंट्रीब्युशन आफ राजा महेन्द्र प्रताप,' प्रो. बरकतुल्लाह भोपाली – इन फ्रीडम स्ट्रगल ऐंड इट्स इम्पोर्टेन्स इन कंटेम्पोरॅरि सोसायटी' विषयक तीन दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

- **एम.ए. इस्लाही** ने 16 से 18 फरवरी, 2006 तक इंटरनेशनल स्कूल आफ द्रवेड़ियन लिंग्विस्टिक्स थुम्बा, तिरुवनन्तपुरम में आयोजित 'टीचिंग अरेबिक ऐंड इट्स इंफ्लुअन्स इन इण्डिया' विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।

- **एम.ए. इस्लाही** ने 23 से 25 फरवरी, 2006 तक जेएनयू में आयोजित 'रिथिंकिंग यूरोप : कल्चर स्टडीज ऐंड यूरोपीयन स्टडीज' विषयक संगोष्ठी में भाग लिया।

- **रिजवानुर रहमान** ने 18 से 22 मार्च, 2006 तक अरबी और फारसी विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता में आयोजित 'अरेबिक इन पर्शियन स्टडीज इन बंगाल : पीस एज वैल्यू इन इण्डिया' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'अरेबिक राइटिंग्स आफ मौलाना अबुल कलाम आजाद' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

चीनी और दक्षिण–पूर्वी एशियाई अध्ययन केंद्र

- **एम.एल. भट्टाचार्य** ने 20 जुलाई 2005 को चाइना स्टेट लीडिंग ग्रुप फार टीचिंग चाइनीज ऐज ऐ फारेन लैंग्यूवेज, बीजिंग, चीन द्वारा आयोजित वर्ल्ड चाइनीज सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

- **एम.एल. भट्टाचार्य** ने 20 अक्टूबर, 2005 को कथा द्वारा भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान, जेएनयू, नई दिल्ली में आयोजित, द सिटी इन एशियन लिट्रेचर, विषयक संगोष्ठी में जूरी के सदस्य के रूप में भाग लिया।

- **सबरी मित्रा** ने 21 अक्टूबर, 2005 को द इंस्टीट्यूट आफ चाइनीज स्टडीज, सेंटर फार द स्टडी आफ डिवलपिंग सोसायटीज, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'पालिटिक्स आफ कल्चर इन कंटेम्पोरॅरि चाइना ऐंड इण्डिया' विषयक सम्मेलन में भाग लिया तथा 'पालिटिक्स आफ क्रिटिसिज्म इन पोस्ट – माओ चाइना' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **बी.आर. दीपक** ने 12 से 13 अक्टूबर, 2005 तक जेएनयू, नई दिल्ली में आयोजित 'कोरिया ऐंड कोरियन कल्चर इन पर्सपेक्टिव' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'कंफ्युसियस ऐंड कंफ्युसिअनिज्म इन कोरिया' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **बी.आर. दीपक** ने 22 अक्टूबर 2005 को द इंस्टीट्यूट आफ चाइनीज स्टडीज, सी.एस.डी.एस., नई दिल्ली द्वारा आयोजित सम्मेलन में भाग लिया तथा 'लिबरलाइजेशन ऐंड पाप्यूलर कल्चर इन चाइना' आलेख प्रस्तुत किया।

अंग्रेजी अध्ययन केंद्र

- **हरीश नारंग** ने 17 से 18 दिसम्बर 2005 तक साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'सैय्यद रज्जाद जहीर : हिज लिट्रेरी कंट्रीब्युशंस ऐंड द प्रोग्रेसिव राइटर्स मूवमेंट' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'स्ट्रोलिंग बूलवार्डस आफ लोन्ली वुमन ऐंड राइटिंग अगोनी इन ब्लड : एस्थेटिक्स ऐंड आर्किटेक्टोनिक्स आफ सज्जाद जहीर' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **मकरंद प्रांजपे** ने 26 अगस्त, 2005 को संस्कृत अध्ययन केंद्र, जेएनयू में आयोजित संस्कृत सप्ताह के अवसर पर संस्कृत और अंग्रेजी पर समापन व्याख्यान दिया।

- **मकरंद प्रांजपे** ने 16 से 17 जनवरी, 2006 तक अंग्रेजी अध्ययन केंद्र, जेएनयू में आयोजित 'आस्ट्रेलियन स्टडीज : इण्डियन पर्सपेक्टिव्स' विषयक डी.आर.एस. सम्मेलन के अंतिम सत्र की कार्यवाही में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया तथा एक सत्र की अध्यक्षता की।

- **मकरंद प्रांजपे** ने 5 से 7 फरवरी, 2006 तक इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर और जेएनयू द्वारा आयोजित 'साइंस ऐंड स्प्रिचुएलिटी' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा 'साइंस ऐंड स्प्रिचुएलिटी इन माडर्न इण्डिया' शीर्षक मूल नोट प्रस्तुत किया।

- **मकरंद प्रांजपे** ने 9 से 11 मार्च, 2006 तक भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान, जेएनयू में आयोजित इंटर कल्चरल स्टडीज टुडे : चैलेंजिस ऐंड इम्प्रेटिव्स विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला में पैनल परिचर्चा में भाग लिया तथा एक सत्र की अध्यक्षता की।

- **मकरंद प्रांजपे** ने 23 से 24 मार्च 2006 तक श्री अरबिन्दो अध्ययन केंद्र, दर्शनशास्त्र विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता द्वारा आयोजित 'द थाट आफ श्री अरबिन्दो ऐंड हिज कंटेम्पोरॅरीज' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'स्वामी विवेकानन्द ऐंड श्री अरबिन्दो : इन्फ्लुअन्स ऐंड अकम्पलिशमेंट' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **मकरंद प्रांजपे** ने 28 मार्च 2006 को अंग्रेजी विभाग, कलकत्त, कोलकाता द्वारा आयोजित 'रीडिंग ऐंड टीचिंग इण्डियन लिट्रेचर इन ट्रांसलेशन' विषयक कार्यशाला में भाग लिया तथा 'हूज ट्रांसलेशन हूज इंग्लिश' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **जी.जे.वी. प्रसाद** ने नवम्बर 2005 में रामलाल आनन्द कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित 'शा ऐंड 20टींथ सेंचुरी ड्रामा' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'स्टडींग जान ओस्बोर्न इन दिल्ली' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **जी.जे.वी. प्रसाद** ने दिसम्बर 2005 में उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद में आयोजित 'मुल्कराज आनन्द ऐंड द अर्ली इण्डियन इंग्लिश नावल' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'चार्टिंग टैरिटरी : इंग्लिश इण्डिया ऐंड द ट्रिनिटी' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **जी.जे.वी. प्रसाद** ने दिसम्बर 2005 में अंग्रेजी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित 'पास्ट ऐंड पोस्ट : न्यू लिट्रेचर इन इंग्लिश इन ए ग्लोबलाइज वर्ल्ड' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा 'इण्डियन इंग्लिश ऐंड ट्रांसलेशन' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **जी.जे.वी. प्रसाद** ने फरवरी, 2006 में विश्व भारती, शांति निकेतन में आयोजित 'नेशन ऐंड द पोस्टकलोनियल : इण्डियन पर्सपेक्टिव्स' विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा एक सत्र की अध्यक्षता की।

- **जी.जे.वी. प्रसाद** ने मार्च 2006 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली में आयोजित 'ट्रांसलेटिंग प्रेमचन्द' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी और कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

- **सुगाता भादुरी** ने 27 मार्च, 2005 को इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फार हयुमैनिटीज ऐंड सोशल साइंसिस, इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड स्टडी, शिमला द्वारा आयोजित एसोसिएट संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'कल्चरल प्रेक्टिस ऐंड कम्यूनिकेटिव एक्शन : आफ डिफ्रेंसिस ऐंड सोलिडैरिटी' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **सुगाता भादुरी** ने 28 से 30 सितम्बर 2005 तक दर्शनशास्त्र विभाग, राजकीय कालेज, धर्मशाला में आयोजित 'विटजेनेस्टेन आन एथिक्स ऐंड रिलीजस बिलीफ' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'द एथिक्स आफ अनसर्टेनिटी : रिस्पांसिबिलिटी ऐंड फेथ इन विटजेनेस्टेन'स फिलास्फी' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **सुगाता भादुरी** ने 20 अक्टूबर 2005 को कथा द्वारा भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान, जेएनयू में आयोजित 'द सिटी इन एशियन लिट्रेचर' विषयक संगोष्ठी में जूरी के सदस्य के रूप में भाग लिया।

- **सुगाता भादुरी** ने 2 से 4 नवम्बर 2005 तक दर्शनशास्त्र केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान, जेएनयू में आयोजित 'फिलास्फी ऐंड कल्चर सिन्स सात्र' विषयक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'सात्र : लिट्रेचर आर्ट ऐंड कल्चर' विषयक पैनल परिचर्चा में भाग लिया।

- **सुगाता भादुरी** ने 15 से 16 दिसम्बर 2005 तक यूनिवर्सिटी सेंटर फार इमिग्रन्ट स्टडीज, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में आयोजित 'डाइसपोरिक स्टडीज : थीअरि लिट्रेचर ऐंड आर्ट्स' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'द लेन, ब्रिक बाई ब्रिक : प्रेक्टिसीज आफ आइडेंटिफाई – फार्मेशन आफ द बंगाली डाइसपोरा इन लन्दन' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

- **सुगाता भादुरी** ने 13 जनवरी 2006 को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'ओरल हिस्ट्री बाई प्रो. ब्रूस एम. स्टेव, इमेरिटस प्रोफेसर आफ हिस्ट्री, यूनिवर्सिटी आफ कनक्टिकट' विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला में परिचर्चाकर्ता के रूप में भाग लिया।
- **सुगाता भादुरी** ने 9 से 11 मार्च 2006 तक भाषा साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान, जेएनयू में आयोजित 'इंटर कल्चरल स्टडीज टुडे : चैलेंजिस ऐंड इम्प्रेटिव्स विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला में टुवर्डस फार्म्युलेटिंग द करिकुलम आफ द प्रोग्राम' विषयक पैनल परिचर्चा में भाग लिया तथा 'न्यू मीडिया ऐंड पाप्यूलर कल्चर स्टडीज' शीर्षक सत्र की अध्यक्षता की।
- **नवनीत सेठी** ने 14 से 17 जुलाई 2005 तक सिनसिनाती ओहिओ में आयोजित टोनी मोरिसन सोसायटी के चौथे द्विवार्षिक सम्मेलन में भाग लिया तथा 'साइटिंग द साइट्स आफ मैमोरी इन बिलव्ड' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।

फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र

- **के. माधवन** ने 6 से 7 जनवरी 2007 तक ए.आई.टी.एफ. द्वारा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित De nouvelles voies pour enseigner le Francais, विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा de la nouvelle Mourir a Benares शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- **जी.डी. सिवम** ने 6 से 7 जनवरी 2006 तक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित एफ.एल.ई. ऐंड सिविलाइजेशन विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में आलेख प्रस्तुत किया।
- **किरन चौधरी** ने 20 से 30 सितम्बर 2005 तक डिपार्टमेंट आफ जर्मन ऐंड रोमन्स स्टडीज, दिल्ली यूनिवर्सिटी में आयोजित फारेन लैंग्यूवेज टीचिंग विषयक अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।
- **किरन चौधरी** ने 20 से 22 जनवरी, 2006 तक फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र, जेएनयू में आयोजित etudes quebecoises : Dialogue interculturel et mondialisation विषयक संगोष्ठी में भाग लिया तथा 'Competence (inter) culturelle a travers une lecture interactive des textes litteraires quebecois : Experience indienne' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- **एन. कमला** ने 6 से 7 जनवरी 2006 तक ए.आई.टी.एफ. द्वारा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित De nouvelles voies pour enseigner le Francais विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा Le role du text traduit dans un cours de FLE शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- **एन. कमला** ने 20 से 22 जनवरी 2006 तक फ्रेंच और फ्रेंकाफोन अध्ययन केंद्र, जेएनयू में आयोजित etudes quebecoises : Dialogue interculturel et mondialisation विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा 'Traduits avec justesse ? Image des traducteurs chaz NicoleBossard et Jean Delisd' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- **विजयलक्ष्मी राव** ने 23 अक्टूबर 2005 को ट्रांसकल्ट्रा, जेएनयू द्वारा आयोजित स्ट्रेटजीस फार एक्वायरिंग म्युचुअल नालेज विषयक अन्तरराष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया।
- जी. मुखोपाध्याय, 'स्टडी आन द डिफ्रेंशल रेग्यूलेशन आफ एस.ए.पी. आइसोजाइम्स – द वायरूलेंस फैक्टर्स आफ ह्यूमन पैथोजेनिक फंगस केंडिडा अल्बीकंस' (विशिष्टता के लिए सक्षम विश्वविद्यालय योजना, ज.ने.वि. 1005–2008)
- सी.के. मुखोपाध्याय, 'ए स्टडी आन द मोलक्यूलर मैकेनिज्म आफ इंसुलिन – इंड्यूस्ड एक्टिवेशन आफ हाइपोजिया इनड्यूसीबल फैक्टर–I, द मास्टर रेग्यूलेटर आफ ऑक्सीजन होमियोस्टेसिस', जैव–प्रौद्योगिकी विभाग (2003–2006)
- सी.के. मुखोपाध्याय, 'ए स्टडी आन द प्लोसिबल मोलक्यूलर मैकेनिज्म (स) आन हेपेटिक आयरन ओवरलोड इन हाइपरइंसुलीनेमिया', वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (2004–2007)
- सी.के. मुखोपाध्याय, 'द रोल आफ आयरन इन द ग्रोथ आफ लीशमानिया डोनोवानी ऐंड इन इंटरएक्शन विद होस्ट मैक्रोफेजिज', द वेल्कम ट्रस्ट यू.के. (2004–2009)
- आर.के. त्यागी, 'इनवेस्टीगेशन इन टु एन्ड्रोजन – इनडिपेंडेंट एक्टिवेशन आफ एन्ड्रोजन रिसेप्टर इन प्रोस्टेट कैंसर', भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (2003–2006)
- आर.के. त्यागी, 'मैकेनिज्म्स आफ इनहीबिशन आफ ट्रांसक्रिप्शनल एक्टिविटी आफ एंड्रोजन रिसेप्टर बाइ एंटागोनिस्ट्स/एंडोक्राइन डिसरप्टर्स', वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (2003–2006)
- आर.के. त्यागी, 'रोल आफ प्रेगनेन एक्स. रिसेप्टर (पीएक्सआर) इन लंग कैंसर', बंगलौर साइंस फाउंडेशन, (2004–2006)
- एस.के. धर, 'फंक्शनल करेक्ट्राइजेशन आफ रेप्लिकेशन प्रोटींस ऐंड रेप्लिकेशन ऑरीजन (ऑरी सी) आफ हेलिकोबेक्टर पायलोरी : पोटेंशल टार्गेट्स फार थेरेपी, उत्कृष्टता के लिए सक्षम विश्वविद्यालय योजना (यूपीओई), ज.ने.वि. (2002–2007)
- एस.के. धर, 'फंक्शनल करेक्ट्राइजेशन आफ रेप्लिकेशन आरिजन (ऑरी सी) ऐंड रेप्लिकेशन प्रोटींस आफ हेलिकोवैक्टर पायलोरी', वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (2002–2005) : पूरी हो चुकी।
- एस.के. धर, 'फंक्शनल करेकट्राइजेशन आफ रेप्लिकेशन इनिशिएशन प्रोटींस ऐंड क्रोमोसोमल डीएनए रेप्लिकेशन आरिजिन (स) आफ प्लाजमोडियम फाल्सीपेरम', वेल्कम ट्रस्ट, यू.के. (2004–2009)

शिक्षकों के व्याख्यान (विश्वविद्यालय से बाहर)

- सी.के. मुखोपाध्याय ने सितम्बर, 2005 में आयोजित 'यीस्ट' 'एस एम वाई टी ई' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान दिया।
- सी.के. मुखोपाध्याय ने दिसम्बर, 2005 में सीडीआरआई, लखनऊ में आयोजित एसबीसी बैठक में भाग लिया।
- आर.के. त्यागी ने 10 से 14 नवम्बर, 2005 तक सेंटर फार सेल्यूलर ऐंड मोलक्यूलर बायोलॉजी, हैदराबाद में आयोजित 'एडवांस्ड माइक्रोस्कॉपी ऐंड सेल्यूलर डायनेमिक्स' विषयक सीसीएमबी – कार्ल जेइस राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
- आर.के. त्यागी ने 8–9 दिसम्बर, 2005 को पांडीचेरी विश्वविद्यालय में नेशनल एकेडमी आफ साइंसेज द्वारा आयोजित 75वें वार्षिक सम्मेलन व प्लेटिनम जयंती समारोह में 'न्यूक्लियर जीनोबायोटिक रिसेप्टर पीएक्सआरए प्रोमिसकुअस जीनो सेंसर विद ए पोटेंशल रोल इन कैंसर प्रोग्रेशन' विषयक व्याख्यान दिया।

- आर.के. त्यागी ने 14 से 16 फरवरी, 2006 तक आईआईटी रुड़की में आयोजित सोसाइटी फार रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी ऐंड कंपेरेटिव एंडोक्रिनोलॉजी की 24वीं वार्षिक बैठक में 'न्यूक्लियर जीनोबायोटिक रिसेप्टर पीएक्सआर : ए प्रोमिसकुअस जीनो सेंसर विद ए पोटेंशल रोल इन कैंसर' विषयक व्याख्यान दिया।
- एस.के. धर ने मई 2005 में सीडीएफडी, हैदराबाद में व्याख्यान दिया।
- एस.के. धर ने दिसम्बर, 2005 में सीडीआरआई, लखनऊ में आयोजित 'एसबीसी' बैठक में व्याख्यान दिया।
- एस.के. धर ने दिसम्बर, 2005 में एसआईएनपी, कोलकाता में एमएमडीईए संगोष्ठी में व्याख्यान दिया।
- एस.के. धर ने फरवरी, 2006 में आईआईएससी बंगलौर में 'इनफेक्शस डिजीज्स' विषयक इण्डो–स्वीडिस कार्यशाला में भाग लिया।

पुरस्कार / सम्मान / अध्येतावृत्तियां

- सी.के. मुखोपाध्याय को वेलकम ट्रस्ट, यू.के. का अन्तरराष्ट्रीय वरिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ।

मण्डलों / समितियों की सदस्यता (विश्वविद्यालय से बाहर)

- सी.के. मुखोपाध्याय, विशेषज्ञ और प्रश्न–पत्र सैटर, जैव–रसायन शास्त्र विभाग, ऐम्स, नई दिल्ली', सदस्य, रिसर्च टेक्नोलाजिस्ट्स, नेशनल सेंटर फार ब्रेन रिसर्च, (एन.बी.आर.सी.), मानेसर के लिए चयन समिति; सदस्य, शोध प्रबन्ध सलाहकार समिति (टी.ए.सी.), राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली; बाह्य समीक्षक, ग्रान्ट रिव्यू कमेटी डिपार्टमेंट आफ बायोटेक्नोलाजी।
- आर.के. त्यागी, सदस्य, इण्डियन सोसाइटी आफ सेल बायोलाजी; समीक्षक, हिस्टोकैमिस्ट्री ऐंड साइटोकैमिस्ट्री की पत्रिका, इन्डियन जर्नल आफ फार्माकोलाजी; सदस्य, सोसायटी आफ बायोलाजिकल रिप्रोडक्शन ऐंड कम्पैरटिव इण्डोक्रिनोलाजी, इण्डिया और सदस्य, सम्पादकीय मण्डल, इण्डोक्रिनोलाजी ऐंड रिप्रोडक्शन की पत्रिका।
- एस.के. धर, सदस्य, शोध प्रबन्ध सलाहकार समिति (टी.ए.सी.), राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली; सदस्य, अन्तरराष्ट्रीय समीक्षक मण्डल, मेडिकल साइंस मानिटर (इंटरनेशनल पीयर रिव्यूड जर्नल)।

अकादमिक स्टाफ कालेज

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अकादमिक स्टाफ कालेज की स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय और कॉलेज–शिक्षकों को उनके सम्पूर्ण बौद्धिक विकास के अतिरिक्त विषयात्मक वाद–विवाद और भाषण की कला से परिचित कराना है। इससे उन्हें विषयात्मक बिंदुओं तथा समसामयिक समस्याओं को समझने की प्रेरणा भी मिलती है।

कॉलेज विभिन्न विषयों में पुनश्चर्या कोर्स और अनुशीलन कोर्स आयोजित करता है। इन कोर्सों का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को उन सामाजिक और ऐतिहासिक संदर्भों वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी देना है, जिनका आज की भारतीय उच्च शिक्षा सामना कर रही है। प्रतिभागियों को अच्छे शिक्षक बनाने हेतु उनकी समझ और दक्षता को बढ़ाया जाता है। बहु–विषयक दृष्टिकोण तथा शिक्षा शास्त्रियों और भारतीय समाज के बीच के संबंधों को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया जाता है।

पुनश्चर्या कोर्सों का आयोजन उन शिक्षकों के लिए होता है, जिन्होंने कम से कम 2 वर्ष का शिक्षण अनुभव प्राप्त कर लिया है अथवा जो अनुशीलन कोर्स कर चुके हैं और अच्छे शिक्षण तथा शोध हेतु अपने ज्ञान को अद्यतन करना चाहते हैं। कॉलेज निम्नलिखित विषयों में पुनश्चर्या कोर्स आयोजित करता है : राजनीति विज्ञान, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, अर्थशास्त्र, इतिहास, कंप्यूटर विज्ञान, समाजशास्त्र, जीवन–विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान और जैव–प्रौद्योगिकी।

सभी कोर्सों के प्रतिभागियों को कंप्यूटर और इंटरनेट के प्रयोग के बारे में जानकारी दी जाती है।

कॉलेज ने 2005–2006 के दौरान दस पुनश्चर्या कोर्सों और 3 अनुशीलन कोर्सों का आयोजन किया तथा इसमें भाग लेने के लिए प्रतिभागी देश भर के सभी स्थानों से बुलाए गए। कोर्सों का विवरण निम्न प्रकार से है :

अनुशीलन कोर्स

क्र.सं.	कोर्स का नाम व दिनांक	कुल प्रतिभागी	पुरुष	महिला	अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.
1.	51वाँ अनुशीलन कोर्स 11 जुलाई–05 अगस्त 2005	36	17	19	3/10/04
2.	52वाँ अनुशीलन कोर्स 3 अक्टूबर – 28 अक्टूबर 2005	33	18	15	0/6/3
3.	53वाँ अनुशीलन कोर्स 7 नवम्बर – 02 दिसम्बर 2005	37	17	20	2/9/4

पुनश्चर्या कोर्स

क्र.सं.	कोर्स का नाम व दिनांक	कुल प्रतिभागी	पुरुष	महिला	अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.
1.	33वाँ पुनश्चर्या कोर्स (अर्थशास्त्र) 8 अगस्त – 2 सितम्बर 2005	19	16	3	1/1/6
2.	8वाँ पुनश्चर्या कोर्स (जैव–प्रौद्योगिकी) 5 सितम्बर – 30 सितम्बर, 2005	29	13	16	2/1/6
3.	24वाँ पुनश्चर्या कोर्स (इतिहास) 5 सितम्बर – 30 सितम्बर, 2005	32	22	10	1/7/7

क्र.सं.	कोर्स का नाम व दिनांक	कुल प्रतिभागी	पुरुष	महिला	अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.
4.	27वाँ पुनश्चर्या कोर्स (समाजशास्त्र) 3 अक्टूबर – 28 अक्टूम्बर, 2005	31	21	10	2/4/7
5.	34वाँ पुनश्चर्या कोर्स (अर्थशास्त्र) 2 जनवरी – 27 जनवरी, 2006	29	18	11	3/5/7
6.	11वाँ पुनश्चर्या कोर्स (जीवन–विज्ञान) 2 जनवरी – 27 जनवरी, 2006	30	17	13	4/2/4
7.	25वाँ पुनश्चर्या कोर्स (इतिहास) 30 जनवरी – 24 फरवरी, 2006	22	13	9	0/4/1
8.	छठाँ पुनश्चर्या कोर्स (भौतिक विज्ञान) 30 जनवरी – 24 फरवरी, 2006	25	23	2	0/2/3
9.	33वाँ पुनश्चर्या कोर्स (राजनीति विज्ञान) 27 फरवरी – 24 मार्च, 2006	31	22	9	1/5/4
10.	11वाँ पुनश्चर्या कोर्स (पर्यावरण विज्ञान) 27 फरवरी – 24 मार्च, 2006	38	23	15	2/7/8

अकादमिक स्टाफ कालेज में कोर शिक्षकों ने विभिन्न अनुशीलन कोर्सों का समन्वयन किया जबकी वरिष्ठ शिक्षकों ने पुनश्चर्या कोर्सों के लिए कोर्स समन्वयक के रूप में कार्य किया। कोर्सों में व्याख्यान देने वाले अधिकतर विशेषज्ञ जेएनयू से होते हैं, यद्यपि दिल्ली और दिल्ली के आस–पास के संस्थानों और संगठनों विशेष कर जेएनयू में स्थित संस्थानों के विशेषज्ञों को भी कार्यक्रमों में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के अनुसार कॉलेज की एक सलाहकार समिति है। विश्वविद्यालय के कुलपति इसके अध्यक्ष और कॉलेज के निदेशक इसके सदस्य सचिव हैं।

कालेज में एक वेब पेज भी बनाया गया है जो – http:www.jnu.ac.inèASC – है।

छात्र गतिविधियाँ

I. छात्रों की संख्या

विश्वविद्यालय में वर्ष 2005–2006 के दौरान दाखिल और 1.9.2005 को पंजीकृत छात्रों की संख्या निम्न प्रकार से थी – शैक्षिक वर्ष 2005–2006 के दौरान दाखिल छात्रों की संख्या का विवरण :

क. एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./पी–एच.डी., एम.सी.एच./सीधे पी–एच.डी.

संस्थान/केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	कुल
अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	93	18	23	–	134
सामाजिक विज्ञान संस्थान	145	37	37	05	224
भाषा, साहित्य और संस्कृति					
अध्ययन संस्थान	94	07	06	02	109
जीवन विज्ञान संस्थान	18	04	02	01	25
कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	15	05	–	01	21
पर्यावरण विज्ञान संस्थान	08	03	01	01	13
भौतिक विज्ञान संस्थान	09	02	–	–	11
सूचना–प्रौद्योगिकी संस्थान	16	–	02	–	18
जैव–प्रौद्योगिकी केंद्र	03	01	–	–	04
आणविक चिकित्साशास्त्र केन्द्र	03	–	–	–	03
संस्कृत अध्ययन केन्द्र	07	01	02	–	10
विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र	13	03	02	01	19
कुल	**424**	**81**	**75**	**11**	**591**

ख. एम.ए./एम.एस–सी./एम.सी.ए.

संस्थान/केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	कुल
अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	61	07	09	02	79
सामाजिक विज्ञान संस्थान	184	44	34	06	268
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	90	11	04	03	108
जीवन विज्ञान संस्थान	19	05	01	–	25
कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	29	03	02	01	35
पर्यावरण विज्ञान संस्थान	12	05	02	02	21
भौतिक विज्ञान संस्थान	21	03	–	01	25
कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान	14	02	02	–	18
संस्कृत अध्ययन केन्द्र	10	01	03	01	15
कुल	**440**	**81**	**57**	**16**	**594**

ग. बी.ए. (ऑनर्स)

संस्थान/केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	कुल
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	186	33	14	08	241

घ. वर्ष 2005–2006 में पूर्णकालिक अध्ययन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विदेशी छात्रों का देश–वार विवरण –

क्र.सं.			क्र.सं.		
1	आर्मेनिया	01	16	पाकिस्तान	01
2	अजरबेजान	02	17	फिलिस्तीन	01
3	बंगला देश	04	18	फिलिपींस	01
4	चीन	06	19	पोलैण्ड	01
5	इथोपिया	04	20	सऊदी अरबिया	01
6	जाम्बिया	02	21	दक्षिण कोरिया	06
7	इण्डोनेशिया	02	22	श्रीलंका	13
8	ईरान	07	23	सुडान	03
9	जापान	04	24	सीरिया	05
10	जोर्डन	01	25	थाईलैण्ड	03
11	केन्या	01	26	यू.के.	01
12	किरगिस्तान	04	27	यू.एस.ए.	05
13	मंगोलिया	03	28	उजबेकिस्तान	02
14	नाम्बिया	01	29	वियतनाम	07
15	नेपाल	11		**कुल**	**103***

* – एब्सेंशिया श्रेणी में : 90
– प्रवेश परीक्षा के माध्यम से : 13

103

च. अंशकालिक पाठ्यक्रम (भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान)

पाठ्यक्रम	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी.रूपसे विक.	कुल
प्रवीणता प्रमाण–पत्र	115	30	10	02	157
प्रवीणता डिप्लोमा	55	03	01	–	59
उच्च प्रवीणता डिप्लोमा	35	–	–	–	35
कुल	**205**	**33**	**11**	**02**	**251**

घ. छात्रों की कुल संख्या एक नजर में (1.9.2005 के अनुसार)

अध्ययन पाठ्यक्रम	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	कुल
एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./पी–एच.डी., एम.सी.एच./सीधे पी–एच.डी./पी.जी.	2155	348	215	164	2882
एम.ए./एम.एस–सी./एम.सी.ए.	1063	200	115	148	1526
बी.ए.	447	87	29	32	595
अंशकालिक (भा.सा.सं.अ.सं.)	215	34	11	01	261
कुल	**3880**	**669**	**370**	**345**	**5264**

आवासीय हाल

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय के 13 छात्रावासों तथा एक विवाहित शोध छात्रावास में छात्रों की संख्या 4324 थी। इनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, शारीरिक रूप से विकलांग और विदेशी छात्र भी शामिल हैं। छात्रावासों में रह रहे छात्र विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् द्वारा अनुमोदित छात्रावास नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार छात्रावासों और मेसों के प्रबंधन कार्यों में भाग लेते रहे।

छात्रावास–वार छात्रों की संख्या और समीक्षाधीन अवधि के दौरान छात्रावास पाने वाले छात्रों की संख्या निम्न प्रकार से थी :

छात्रावास का नाम	सीटों की संख्या	1.4.2005 से 31.3.2006 के दौरान छात्रावास पाने वाले छात्रों की संख्या
कावेरी	308	084
पेरियार	303	119
सतलज	294	087
झेलम 284	081	
नर्मदा 202	089	
गंगा 303	113	
गोदावरी	320	111
साबरमती (छात्र)	126	031
साबरमती (छात्राएं)	138	058
ताप्ती (छात्राएं)	167	072
ताप्ती (छात्र)	200	090
ब्रह्मपुत्र	384	046
माही 170	083	
मांडवी	170	064
यमुना*	191	145
लोहित	360	193
चन्द्रभागा (छात्र)	204	030
चन्द्रभागा (छात्राएं)	200	115
कुल योग	**4324**	**1611**

* कामकाजी महिला छात्रावास

छात्र सहायता निधि

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान छात्र सहायता निधि में से जरूरतमंद छात्रों में 56,846/– रुपये की राशि वितरित की गई।

खेलकूद कार्यालय

वेट और पावरलिफ्टिंग क्लब

क) खेलकूद कार्यालय ने पहली बार 12 मार्च, 2006 को दिल्ली राज्य बेंच प्रेस चैंपियनशिप आयोजित की। इसमें विभिन्न क्लबों के 250 लिफ्टरों ने भाग लिया।

ख) जेएनयू ने अक्टूबर, 2005 में दिल्ली राज्य वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीता।

ग) जेएनयू ने दिसम्बर, 2005 में राज्य स्तरीय दत्ता स्मारक मीट में भाग लिया तथा दो स्वर्ण पदक जीते।

घ) जेएनयू की वार्षिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता 8 फरवरी को, पावर लिफ्टिंग 17 फरवरी को और वेट और बॉडी बिल्डिंग 7 मार्च, 2006 को आयोजित हुईं और वेट लिफ्टिंग कोच श्री आर.सी. जोशी ने पुरस्कार हासिल किया।

क्रिकेट क्लब

क) क्रिकेट क्लब ने मानसून सत्र में 'गुगली' नामक दुर्नामेंट आयोजित किया।

ख) जेएनयू में जनवरी से मार्च 2006 तक छः सप्ताह का अन्तर संस्थान टुर्नामेंट आयोजित किया गया।

बैडमिंटन क्लब

बैडमिंटन क्लब वर्ष भर खेल–कूद गतिविधियों में सक्रिय रहा और इसने छात्र तथा छात्राओं के लिए अंतर–संस्थान और अंतर–छात्रावास चैंपियनशिप आयोजित कीं।

फुटबाल क्लब

फुटबाल एक ऐसा खेल है जो खेल ग्राउंड में वर्ष भर खेला जाता है। इसे छात्र देर रात तक खेलते हैं। फुटबाल क्लब ने मार्च, 2006 में अंतर–संस्थान और अंतर छात्रावास चैंपियनशिप आयोजित कीं।

ताइक्वांडो क्लब

ताइक्वांडो क्लब ने ताइक्वांडो के कई कार्यक्रम आयोजित किए तथा क्लब ने खेलकूद कार्यालय और विश्वविद्यालय स्तर पर भी जीत हासिल की :

क) 1 अक्टूबर और 18 नवम्बर, 2005 को बेल्ट टेस्ट/ग्रेडिंग का आयोजन किया गया।

ख) 1 अक्टूबर, 2005 को ताइक्वांडो चैम्पियनशिप (अंतर क्लब) आयोजित की गई।

ग) दिल्ली राज्य ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 6–7 नवम्बर, 2005 को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई। जेएनयू ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता।

घ) 1–2 फरवरी, 2006 को चौथी इन्वीटेशनल ताइक्वांडो कार्यशाला आयोजित की गई।

टेंनिस क्लब

टेनिस क्लब के संयोजक ने अकेले क्लब की गतिविधियाँ आयोजित कीं। पुरुष सिंगल, पुरुष डबल और प्लेट इवेंट सिंगल्स की वार्षिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

वालीबाल क्लब

वालीबाल क्लब के संयोजक ने वर्ष भर अपनी गतिविधियाँ जारी रखी। फरवरी, 2006 में अंतर–संस्थान और अंतर–छात्रावास मैच आयोजित किए गए।

योग क्लब

क्लब ने अपनी सुबह और शाम की कक्षाएं जारी रखी, जो बहुत लोकप्रिय हैं। सप्ताह में एक दिन शुद्धिकरण पद्धति और ध्यान नियमित योग कक्षाओं का एक भाग है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई :

क) 26 से 28 अप्रैल, 2005 तक 'दैवीय श्लोक गान' पर एक शिविर आयोजित किया गया।

ख) 15 मई से 30 जून, 2005 तक योग शिक्षा में प्रमाण–पत्र कोर्स का आयोजन किया गया।

ग) 28 अगस्त 2005 को एक खुली योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

घ) 20 से 22 सितम्बर, 2005 तक 'ध्यान' पर शिविर का आयोजन किया गया।

च) 28–29 अक्टूबर, 2005 को स्वास्थ्य और फिटनेस शिविर (प्राकृतिक भ्रमण सहित) का आयोजन किया गया।

छ) 28 से 30 नवम्बर, 2005 तक गर्दन और पीठ दर्द के निवारण के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया।

ज) 23 से 25 जनवरी 2006 तक 'मोटापा' पर एक शिविर का आयोजन किया गया।

झ) 18 फरवरी, 2006 को छात्रों के लिए योग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

ट) 27 से 29 मार्च 2006 तक एलर्जी और साइनसीटिस पर एक शिविर का आयोजन किया गया।

पर्वतारोहण और पदयात्रा क्लब

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं :

क) अप्रैल, अगस्त 2005 और मार्च 2006 में फोटो प्रदर्शनियाँ आयोजित की गईं।

ख) 25 मई से 4 जून 2005 तक गढ़वाल, उत्तरांचल की ग्रीष्म पदयात्रा आयोजित की गई।

ग) 14 से 18 अक्टूबर 2005 और 18 से 22 फरवरी 2006 तक शिवपुरी, ऋषिकेश में वाइट वाटर राफ्टिंग का आयोजन।

घ) मनीरांग पास, किन्नौर की सितम्बर, 2005 में 13 दिवसीय शरतकालीन पदयात्रा।

च) 23 अक्टूबर, 2005 को सूरजकुंड की साइकिल यात्रा।

छ) 12 नवम्बर, 2005 और 18 मार्च, 2006 को संजय वन होकर कुतुबमीनार की चांदनी रात में पदयात्रा।

ज) 16 से 19 दिसम्बर, 2005 तक धौज (हरियाणा) में आधारभूत पर्वतारोहण कोर्स का आयोजन किया गया।

झ) 20 से 28 जनवरी 2006 तक थार रेगिस्तान, राजस्थान की रेगिस्तान पदयात्रा।

विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र

विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना अगस्त 1973 में हुई थी। तब से समय बीतने के साथ–साथ स्वास्थ्य केन्द्र ने अपने आपको हेल्थ केयर यूनिट के रूप में स्थापित किया है। यह एक ही स्थान पर विश्वविद्यालय समुदाय – छात्रों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अन्य स्टाफ सदस्यों – को प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मुहैया कराता है।

स्वास्थ्य केन्द्र के बाह्य रोगी विभाग में चिकित्सा सेवाएं पूर्णकालिक और अंश–कालिक चिकित्सा अधिकारियों, पैरामेडिकल और अन्य सहयोगी स्टाफ द्वारा प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध कराई जाती है। अंश–कालिक चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिकल और एक परिचर द्वारा शाम 4.00 बजे से 9.00 बजे तक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। स्वास्थ्य सेवाएं राजपत्रित अवकाशों में भी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध कराई जाती हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान केन्द्र में 48,484 रोगी आए।

विश्वविद्यालय के छात्रों को अधिकतर दवाइयाँ एलोपैथिक और होमियोपैथिक फार्मेसी द्वारा उपलब्ध कराई गईं। छात्रों को सभी चिकित्सा संबंधी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान 85 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु अपना पंजीकरण कराया। वर्ष 1994 से 525 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने स्वास्थ्य केन्द्र में अपना पंजीकरण कराया है।

स्वास्थ्य केन्द्र ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम में भी भाग लिया। इसके तहत 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। मानसिक रोगों के बारे में 'सार्थक' द्वारा सलाह दी जाती है; समीक्षाधीन अवधि में कुल 316 रोगियों को सलाह दी गई। स्वास्थ्य केन्द्र में एड्स के बारे में परामर्श और सामान्य जानकारियाँ 'एसपीवाईएम' द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान इससे 1,84,484/– रु. का कुल राजस्व एकत्रित किया गया।

सांस्कृतिक गतिविधियाँ

समीक्षाधीन अवधि के दौरान सांस्कृतिक गतिविधि समिति ने कई गतिविधियाँ आयोजित कीं :

क) नाट्य क्लब द्वारा 'इप्टा' के सहयोग से 7 अक्टूबर, 2005 को "वोह कौन था" विषयक नाटक का आयोजन किया गया।

ख) बहरूप आर्ट गुप द्वारा 30 जनवरी, 2006 को सुमन कुमार (राष्ट्रीय नाट्य संस्थान से स्नातक) द्वारा निर्देशित नाटक का मंचन किया गया।

ग) फोटोग्राफी क्लब द्वारा 4, 5, 11 और 12 फरवरी, 2006 को 'फोटोग्राफी' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

घ) साहित्यिक क्लब द्वारा 17 फरवरी, 2006 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

च) 21 मार्च 2006 को 'प्रतिभा 2006 प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।

छ) 22 मार्च, 2006 को 'उत्कल दिवस' मनाया गया।

ज) प्राकृतिक और वन्यजीव क्लब द्वारा मार्च, 2006 में विश्व दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

झ) प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद फैय्याज खान द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ट) 16 मार्च 2006 को कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई।

कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की अद्वितीयता का प्रमाण है इसका आधारभूत दर्शन, नीतियाँ और कार्यक्रम, जिनका उल्लेख विश्वविद्यालय के अधिनियम में किया गया है। तदनुसार, विश्वविद्यालय का हमेशा यह प्रयास रहा है कि वह ऐसी नीतियाँ और अध्ययन पाठ्यक्रम तैयार करे जिसमें समाज के पिछड़े वर्ग के लोगों को भी प्रोत्साहित और शामिल किया जाता हो। इसके अनुसार विश्वविद्यालय में अ.जा./अ.ज.जा. के लिए ग्रुप–'सी' और 'डी' पदों पर भर्ती में आरक्षण की शुरूआत 1975 में और ग्रुप–'ए' और 'बी' पदों में 1978 में हुई थी। विश्वविद्यालय ने अ.पि.जा. के लिए भी गैर–शैक्षणिक पदों में आरक्षण नीति का कार्यान्वयन शुरू किया है। ग्रुप–'सी' और 'डी' पदों में आरक्षण की शुरुआत 8 सितम्बर 1993 और ग्रुप–'ए' और 'बी' पदों में 2 जुलाई 1997 से हुई थी। शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक पदों में शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए आरक्षण की शुरुआत वर्ष 1996 में हुई थी, संयोगवश शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति अधिनियम की शुरुआत भी इसी वर्ष हुई।

प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 22.5% सीट आरक्षित हैं। इनमें 15% सीट अ.जा. के लिए और 7.5% सीट अ.ज.जा. के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवार अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता को ध्यान में रखे बिना ही विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। चालू शैक्षणिक सत्र–2005–2006 में विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में 24.13% अ.जा./अ.ज.जा. के छात्रों ने प्रवेश लिया।

छात्रावासों में भी 15% सीट अ.जा. और 7.5% सीट अ.ज.जा. के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। यदि किसी एक वर्ग में उम्मीद्वार उपलब्ध नहीं होते हैं तो अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीद्वारों में दूसरे वर्ग के उपलब्ध उम्मीदवारों को वह सीट दे दी जाती है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय ने 100–100 कमरों के छात्रावास अ.जा. की छात्राओं और अ.जा. के छात्रों के लिए बनाए हैं। इसके अतिरिक्त, जनजातीय कार्य मंत्रालय और योजना आयोग द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए 2 छात्रावास भी बनाए गए हैं।

भारत सरकार की नीति के अनुसार अ.जा./अ.ज.जा. के लिए मकानों के आबंटन में भी आरक्षण का प्रावधान है। टाइप–I और II के मकानों में 10% मकान अ.जा./अ.ज.जा. के लिए आरक्षित हैं तथा टाइप–III और IV में 5% मकान। टाइप–V और VI के मकानों में अ.जा./अ.ज.जा. को कोई आरक्षण उपलब्ध नहीं है।

विश्वविद्यालय ने प्रत्येक संस्थान/केन्द्र में अ.जा./अ.ज.जा. सहित समाज के कमजोर वर्गों से आने वाले छात्रों की प्रारंभिक स्कूली शिक्षा की कमी को पूरा करने के लिए अंग्रेजी और कोर कोर्सों में विशेष उपचारात्मक कोर्स चलाना जारी रखा है। प्रत्येक संस्थान/केन्द्र के समन्वयक इस प्रकार के छात्रों का पता लगाते हैं, जिन्हें विशेष उपचारात्मक सहायता की जरूरत होती है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय ने जेएनयू के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश–परीक्षा में बैठने वाले अ.जा./अ.ज.जा. और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए प्रवेश–परीक्षा की तैयारी में सहायता करने हेतु एक विशेष योजना शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीद्वारों को जेएनयू की प्रवेश परीक्षा हेतु वित्तीय सहायता सहित मार्ग–दर्शन, सूचना और सहायता उपलब्ध कराने हेतु एक केन्द्र की स्थापना की गई है। इसके लिए एक शिक्षक सलाहकार भी नियुक्त किया गया है। इस दिशा में, विश्वविद्यालय ने अपने निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप कमजोर वर्गों के छात्रों को प्रवेश देने संबंधी अपनी वचनबद्धता लगभग पूरी की है।

समान अवसर कार्यालय

विश्वविद्यालय ने 'समान अवसर कार्यालय' नामक एक कार्यालय की स्थापना की है। इस प्रकार का कार्यालय भारतीय विश्वविद्यालयों में शायद पहला है। इस कार्यालय के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

- अ.जा./अ.ज.जा./शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों के स्नातक, स्नातकोत्तर, एम.फिल./पी–एच.डी. स्तर पर उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए उपचारात्मक कोर्सों सहित उपयुक्त कार्यक्रम/योजनाएं तैयार करना और इनके कार्यान्वयन पर निगरानी रखना;
- विश्वविद्यालय में अ.जा./अ.ज.जा./शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय और अन्य शैक्षणिक सामग्री हेतु सरकार और अन्य वित्तीय एजेंसियों के साथ सम्पर्क स्थापित करना;
- शैक्षणिक, वित्तीय और अन्य मामलों में जानकारी प्रदान करना और एक सलाह केन्द्र के रूप में कार्य करना;
- विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्रों के बीच स्वस्थ और अन्तर्वैयक्तिक संबंध बढ़ाने हेतु अनुकूल सामाजिक वातावरण तैयार करना;
- शैक्षणिक क्रियाकलापों हेतु शिक्षकों और अ.जा./अ.ज.जा./शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों के बीच सहायक अन्तर–वैयक्तिक संबंध विकसित करने में सहायता करना;
- यदि कोई भेदभाव की समस्या आती है तो उसको देखना और अ.जा./अ.ज.जा./शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों की सहायता करना।

उपचारात्मक शिक्षण : उपचारात्मक शिक्षण योजना के अंतर्गत अंग्रेजी और कोर विषयों में अलग–अलग शिक्षण दिया जा रहा है। कार्यालय ने प्रत्येक केन्द्र के अध्यक्ष और संस्थान के डीन से उपचारात्मक योजना के लिए एक समन्वयक नामित करने का अनुरोध किया है। समन्वयक इस प्रकार के छात्रों की पहचान करेंगे, जिन्हें उपचारात्मक सहायता की आवश्यकता है और उनके लिए व्यक्तिगत उपचारात्मक सहायता के माध्यम से अतिरिक्त शैक्षणिक सहायता की व्यवस्था करेंगे। इसके अतिरिक्त, भाषा विज्ञान और अंग्रेजी केन्द्र अंग्रेजी में एक उपचारात्मक कोर्स चला रहा है।

इस कार्यालय ने 'जरूरतमंद व्यक्तियों (विकलांग) के लिए उच्च शिक्षा विषयक वि.अ.आ. द्वारा प्रायोजित परियोजना का कार्य भी अपने हाथ में लिया है। इस परियोजना के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

- उच्च शिक्षा से जुड़े अधिकारियों को विकलांग लोगों की विशेष शैक्षणिक जरूरतों के बारे में अवगत कराना;
- विकलांग व्यक्तियों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए संस्थान में सुविधाएं विकसित करना,
- विकलांग लोगों की उच्च शिक्षा में सततता बनाए रखने में सहायता करना;
- विकलांग स्नातकों के लिए उपयुक्त नौकरियों की तलाश करना।

विश्वविद्यालय परिसर में विकलांग लोग आसानी से आ–जा सकें इसके लिए विश्वविद्यालय ने अपने भवनों में 20 ढलानदार रास्तों का निर्माण किया है। यह कुछ और ढलानदार रास्ते बनाने की योजना बना रहा है ताकि विकलांग लोग परिसर में कहीं भी आसानी से आ–जा सकें।

31.3.2006 के अनुसार स्टाफ सदस्यों की संख्या

शैक्षणिक स्टाफ

पदों का स्तर	भरे हुए पदों की कुल संख्या	अ.जा./अ.ज.जा./शारीरिक रूप से विकलांग वर्ग से संबंधित भरे हुए पदों की कुल संख्या		
		अ.जा.	अ.ज.जा. से विकलांग	शारीरिक रूप
प्रोफेसर	83	03	03	कोई नहीं
रीडर	158	02	03	कोई नहीं
व्याख्याता	132	17	09	02

नोट : आरक्षण केवल व्याख्याता के स्तर तक ही लागू है।

गैर–शैक्षणिक स्टाफ

पदों का स्तर	भरे हुए पदों की कुल संख्या	अ.जा./अ.ज.जा./शारीरिक रूप से विकलांग वर्ग से संबंधित भरे हुए पदों की कुल संख्या			
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अ. पि.व.	शा.वि.
ग्रुप 'ए'	55	14	01	कोई नहीं	कोई नहीं
ग्रुप 'बी'	118	13	04	09	02
ग्रुप 'सी'	519	71	18	14	02
ग्रुप 'डी'	675	229	17	40	04

* इसमें 129 सफाई कर्मचारी शामिल हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन

विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राधिकरण जे.एन.यू. कोर्ट की बैठक 4 मार्च, 2006 को कुलाधिपति डॉ. कर्ण सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर रिपोर्ट और विश्वविद्यालय का वर्ष 2005–2006 का लेखा–परीक्षित प्राप्ति एवं व्यय का विवरण तथा तुलन–पत्र प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय का योजनेत्तर अनुरक्षण बजट भी प्रस्तुत किया गया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की चार बैठकें हुईं। ये बैठकें 2 जून; 9 अगस्त; 5 दिसम्बर, 2005 और 27 फरवरी, 2006 को हुईं। इन बैठकों में कार्यसूची की अनेक मदों पर विचार–विमर्श किया गया और प्रशासनिक मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

विद्या परिषद की बैठक 23 नवम्बर, 2005 को हुई। इसमें कार्य परिषद के समक्ष पेश की जाने वाली मदों सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वित्त समिति की 29 नवम्बर, 2005 को बैठक हुई। इसमें वर्ष 2005–2006 के संशोधित अनुमानों और वर्ष 2006–2007 के विश्वविद्यालय के बजट अनुमानों को अनुमोदित किया गया और कुछ महत्वपूर्ण वित्तीय मामलों पर निर्णय लिए गए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ की नियुक्तियों के लिए चयन समितियों की कई बैठकें आयोजित हुईं। इस अवधि के दौरान 14 शिक्षक नियुक्त किए गए। इनमें 01 प्रोफेसर, 07 एसोसिएट प्रोफेसर और 06 सहायक प्रोफेसर शामिल हैं। इनके अतिरिक्त, विभिन्न कैडरों में 57 गैर–शिक्षण स्टाफ सदस्यों की नियुक्तियाँ भी की गईं।

39 शिक्षकों को आवधिक/असाधारण अवकाश/अध्ययन अवकाश मंजूर किए गए या उनके अवकाश में वृद्धि की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य पूरा करने/अन्य संस्थानों में नियुक्तियाँ/अध्येतावृत्तियाँ प्राप्त करने, आदि के लिए अवकाश लिया था। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 06 शिक्षकों को पुनः नियुक्त किया गया या उनकी पुनः नियुक्ति की अवधि में विस्तार किया गया। इस अवधि के दौरान, कुल 20 शिक्षक और 34 गैर–शैक्षणिक कर्मचारी विश्वविद्यालय की सेवा से सेवा–निवृत्त हुए।

सम्पदा शाखा

समीक्षाधीन अवधि के दौरान मकान आबंटन समिति की सात और परिसर विकास समिति की चार बैठकें हुईं। यद्यपि, समीक्षाधीन अवधि के दौरान नए मकान नहीं बनाए गए फिर भी, मकान आबंटन समिति द्वारा खाली पड़े कई टाइप के मकान पात्र शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों को आबंटित किए गए। समीक्षाधीन अवधि के दौरान विभिन्न छात्रावासों और शापिंग कांप्लेक्स में कोई कैंटीन/दुकान आबंटित नहीं की गई।

संपदा शाखा ने दिल्ली नगर निगम के साथ लम्बे समय से लंबित संपत्ति कर के विवाद का निपटान कर लिया है। फर्नीचर और कार्यालय उपकरण खरीदने के लिए 23 लाख से अधिक रुपये खर्च किए गए।

परिसर विकास

ज.ने.वि. में इंजीनियरी विभाग प्रभारी, इंजीनियरी के अधीन पूर्ण विभाग है। इसमें टेलीफोन प्रकोष्ठ के अतिरिक्त सिविल और विद्युत प्रभाग हैं। यह विभाग योजना और नए भवन बनाने, ढांचागत अद्यतन परियोजनाएं, बड़े और छोटे मरम्मत कार्य, आवश्यक ढांचागत संबंधी सेवाएं बनाए रखने और दिन–प्रतिदिन के परिसर में अनुरक्षण संबंधी कार्य करने के लिए उत्तरदायी है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित मुख्य कार्य शुरू किए हैं :

क) 10वीं योजना के अन्तर्गत आबंटित निधि से जेएनयू अभिलेखागार, भाषा प्रयोगशाला काम्पलेक्स, जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र, संस्कृत अध्ययन केन्द्र का विस्तार और केन्द्रीय कैफेटेरिया का निर्माण।

ख) शैक्षणिक परिसर में विभिन्न संस्थानों और अधिकतर संस्थान भवनो में जैनरेटर से आपातकालीन विद्युत की आपूर्ति।

ग) विभिन्न संस्थानों और केन्द्रीय पुस्तकालय में लिफ्ट बदली गईं।

घ) विभिन्न संस्थानों और छात्रावासों में शौचालयों का नवीकरण किया गया।

च) सामाजिक विज्ञान संस्थान सभागार का नवीकरण किया गया।

छ) छात्रावास और परिसर में जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार। परिसर में पानी की कमी की समस्या से निपटने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए :

(i) नए पानी के टैंकर खरीदे गए;
(ii) छात्रावासों में हर समय पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था;
(iii) अवमृदा जल का पता लगाना;
(iv) कुछ छात्रावासों और अन्य स्थानों पर अतिरिक्त भंडारण हौदियों का निर्माण;
(v) 1000 के.एल. क्षमता की एक नई हौदी बनाई गई;
(vi) 1000 के.एल. क्षमता के एक नए ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया; और
(vii) अतिरिक्त पानी की लाइनें बिछाई गईं।

उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त पं. नेहरू की प्रतिमा बनाने और नवम्बर 2005 में इस प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर प्रधानमंत्री के आगमन के समय सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई गई।

जन–सम्पर्क कार्यालय

विश्वविद्यालय के जन–सम्पर्क कार्यालय ने विभिन्न गतिविधियों से संबंधित अनेक प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी कीं। समाचारों में जे.एन.यू. से संबंधित प्रकाशित रिपोर्ट और शिकायतों से संबंधित प्रेस कतरने प्रशासन की जानकारी हेतु भेजीं तथा आवश्यकतानुसार उचित स्पष्टीकरण/उत्तर–प्रत्युत्तर जारी किए। जन–सम्पर्क कार्यालय ने जन–साधारण को शैक्षिक तथा प्रशासनिक मामलों से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी तथा विश्वविद्यालय में आए महत्वपूर्ण अतिथियों तथा शिष्ट मण्डलों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी के लिए लिखित रूप से पूछताछ करने वालों को भी उत्तर भेजे।

जन–सम्पर्क अधिकारी ने विश्वविद्यालय की द्विमाषिक पत्रिका 'जे.एन.यू. न्यूज' का प्रकाशन भी जारी रखा। इन्होंने इसका सम्पादन और प्रकाशन विश्वविद्यालय की ओर से किया। यह पत्रिका सूचनाओं की कमी को पूरा करती है तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न घटकों एवं शेष शैक्षिक विश्व समुदाय के मध्य सीधा संवाद स्थापित करती है। जन–सम्पर्क अधिकारी कार्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को भी हिन्दी और अंग्रेजी में तैयार करके प्रकाशित किया गया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान जन–सम्पर्क अधिकारी कार्यालय ने नवम्बर 2005 में आयोजित विश्वविद्यालय के वार्षिक दिवस समारोह के आयोजन में सहायता की। इसने नवम्बर 2005 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह विश्वविद्यालय के दौरे के समय भी सहायता की।

अतिथि गृह

जे.एन.यू. के तीन अतिथि गृहों – अरावली, अरावली इंटरनेशनल और गोमती में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 4,436 से अधिक अतिथियों को कमरे उपलब्ध कराए गए। इन अतिथियों में शोध सामग्री या अन्य शैक्षिक उद्देश्यों के लिए देश–विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/शिक्षा संस्थानों से दिल्ली आए शिक्षक तथा शोध छात्र शामिल हैं। विश्वविद्यालय के सरकारी अतिथियों, शिक्षकों तथा स्टाफ के अतिथियों, छात्रों के माता–पिताओं और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अतिथियों को भी अल्पकालिक अवधि के लिए आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

हिन्दी एकक

समीक्षाधीन अवधि के दौरान हिंदी एकक ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 9 स्टाफ सदस्यों और 3 अधिकारियों ने भाग लिया।

एकक ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान, वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखे, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट, प्रवेश सूचनाओं, भर्ती के लिए विज्ञापनों, अधिसूचनाओं/परिपत्रों, प्रेस विज्ञप्तियों आदि से संबंधित अनुवाद का कार्य भी किया।

मुख्य कुलानुशासक कार्यालय

विश्वविद्यालय के छात्रों में अनुशासन बनाए रखने से संबंधित विश्वविद्यालय के परिनियम–32 में उल्लेख है कि छात्रों से संबंधित सभी अनुशासन और अनुशासनिक कार्रवाई संबंधी शक्तियाँ कुलपति में निहित होंगी। परिनियम 10 (3) (क) में उल्लिखित है कि कार्यपरिषद् द्वारा मुख्य कुलानुशासक की नियुक्ति की जाएगी।

विश्वविद्यालय में मुख्य कुलानुशासक कार्यालय की स्थापना वर्ष 1986 में हुई थी। इस समय एक मुख्य कुलानुशासक और दो कुलानुशासक (इनमें से एक महिला कुलानुशासक है) हैं। मुख्य कुलानुशासक का कार्यालय विश्वविद्यालय के छात्रों में अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। यह कार्यालय परिसर में शांति और सौहार्द बनाए रखने का कार्य करता है तथा यह दण्डात्मक उपायों की बजाय सुधारात्मक उपायों में अधिक विश्वास रखता है। फिर भी, अनुशासनात्मक नियमों का उल्लंघन करने वाले छात्रों के विरुद्ध उचित अनुशासनिक कार्रवाई की जाती है।

सुरक्षा कार्यालय

समीक्षाधीन अवधि के दौरान सुरक्षा शाखा द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण कदम उठाए गए :

- भारत के माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के दौरे के समय सफल सुरक्षा प्रबंध।
- आग की किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए फायर ट्राली की खरीद।
- परिसर से पशुओं को बाहर निकालने के लिए पाँच पशु भगाने वाले रखे गए।

निम्नलिखित सुविधाएं शीघ्र ही उपलब्ध कराई जाएंगी :

- प्रशासन भवन में विभिन्न जगहों पर सीसीटीवी की स्थापना।
- सुरक्षा गश्त वाहनों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को मोबाइल फोन।
- जेएनयू समुदाय को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक और एम्बुलेंस।
- परिसर में विशेष विशिष्ट अतिथियों के आगमन के समय यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए बैरीकेड्स की खरीद।
- विभिन्न सुरक्षा पोस्टों पर पोर्टा केविन उपलब्ध कराना।

विश्वविद्यालय वित्त

I. लेखा और लेखा–परीक्षा पद्धति

विश्वविद्यालय के लेखे पांच भागों में रखे जाते हैं :

1.	अनुरक्षण (योजनेतर) खाता	:	यह खाता विश्वविद्यालय के राजस्व, प्राप्तियों और अनुरक्षण खर्च से सम्बन्धित है।
2.	विकास (योजना) खाता	:	इस खाते में विश्वविद्यालय के विकास से संबंधित लेन–देन का खाता रखा जाता है, जिसकी पूर्ति पंच–वर्षीय योजना के आबंटन से की जाती है।
3.	उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता	:	इस खाते में केन्द्रीय सरकार के विभिन्न विभागों, यू.जी.सी., सी.एस. आई.आर. और आई.सी.एस.एस.आर., आदि द्वारा वित्त–पोषित विशेष शोध परियोजनाओं, सम्मेलनों और अन्य प्रयोजनों आदि से संबंधित लेखा–जोखा रखा जाता है।
4.	ऋण, जमा आदि खाता	:	इस खाते में भविष्य निधि और अन्य जमाओं से संबंधित प्राप्तियों और अदायगियों का हिसाब रखा जाता है।
5.	अध्येतावृत्ति खाता	:	इस खाते में "एट एनी वन गिविन टाइम बेसिस" योजना के अन्तर्गत शोध अध्येतावृत्तियों से संबंधित प्राप्तियों और अदायगियों का लेखा–जोखा रखा जाता है।

विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष भारत सरकार के अनुरूप यानी 1 अप्रैल से अगले वर्ष की 31 मार्च तक होता है। विश्वविद्यालय के लेखों की वार्षिक लेखा–परीक्षा भारत के नियन्त्रक और महालेखा–परीक्षक की ओर से लेखा–परीक्षा निदेशक, केन्द्रीय राजस्व द्वारा की जाती है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय के परीक्षित लेखे अगले वर्ष की 31 दिसम्बर तक सदन के पटल पर रखे जाने अपेक्षित होते हैं।

विश्वविद्यालय के वर्ष 2004–2005 के वार्षिक लेखे (हिंदी और अंग्रेजी में) संसद के पटल पर रखने के लिए पहले ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय में भेज दिए हैं।

II. बजट

विश्वविद्यालय के वर्ष 2006–2007 के बजट आकलन और 2005–2006 के संशोधित आकलन 29 नवम्बर, 2005 को वित्त समिति द्वारा अनुमोदित किए गए थे।

1. वर्ष 2005–2006 के संक्षिप्त बजट आकलन, संशोधित आकलन और प्राप्ति तथा व्यय के वास्तविक आंकड़े तालिका–1 और 2 में दिए गए हैं :

तालिका–1

(प्राप्तियाँ)

	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2005–2006	संशोधित आकलन 2005–2006	वास्तविक 2005–2006
	(रूपये लाखों में)			
1.	अनुरक्षण (योजनेतर) खाता	8471.24	8451.65	10275.12
2.	विकास (योजना) खाता	1452.48	1469.98	2550.75
3.	उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता	1053.77	1546.53	2471.48
4.	ऋण, जमा आदि खाता	3154.64	3471.64	4327.35
5.	अध्येतावृत्ति खाता	642.58	592.39	363.17

तालिका–2

(व्यय)

	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2005–2006	संशोधित आकलन 2005–2006	वास्तविक 2005–2006
	(रूपये लाखों में)			
1.	अनुरक्षण (योजनेतर) खाता	8471.24	8451.65	9308.10
2.	विकास (योजना) खाता	1452.48	1469.98	1068.40
3.	उद्दिष्ट (विशेष) निधि खाता	1053.77	1546.53	2216.57
4.	ऋण, जमा आदि खाता	3154.64	3471.64	4057.39
5.	अध्येतावृत्ति खाता	642.58	592.39	373.35

II. भाग–I – अनुरक्षण (योजनेतर) व्यय/बजट/संशोधित आकलन/वास्तविक

वर्ष 2005–2006 के लिए अनुरक्षण, व्यय और बजट का संक्षिप्त विवरण :

वास्तविक 2004–2005	लेखा शीर्ष	बजट आकलन 2005–2006	संशोधित आकलन 2005–2006	वास्तविक 2005–2006
			(रुपये लाखों में)	
600.53	प्रशासन	711.17	654.69	659.35
1244.60	2 सामान्य सेवाएं और सामान्य प्रभार	1317.05	1294.58	2312.60
2128.32	शैक्षिक कार्यक्रम	2768.06	2451.02	2363.35
23.31	परीक्षाएं	30.75	30.75	32.41
391.42	पुस्तकालय	492.08	501.61	519.09
124.82	छात्र सुविधाएं	147.73	142.39	149.25
32.07	छात्रवृत्तियाँ	32.00	35.00	63.66
330.09	छात्रों के छात्रावास	318.42	316.79	324.52
8.69	प्रकाशन	21.33	18.35	13.90
960.33	अन्य विभाग	1273.15	1299.82	1373.95
425.64	विविध	503.50	603.40	535.63
847.08	भविष्य निधि और पेंशन	776.00	1030.45	960.39
000.00	मंहगाई भत्ते की घोषणा	80.00	72.80	**0.00**
7116.90	**कुल**	**8471.24**	**8451.65**	**9308.10**

III. विकास (योजना) व्यय

वर्ष 2005–2006 के विकास खर्च की मुख्य मदें नीचे दी गई हैं :

			(रुपये लाखों में)
(क)	**राजस्व (आवर्ती व्यय)**		366.31
(ख)	**विश्वविद्यालय कैम्पस का निर्माण –**		
	1) संस्थान भवन	51.52	
	2) आवासीय भवन	36.38	
	3) बाह्य सेवाएँ	73.36	
(ग)	**अन्य पूंजीगत व्यय –**		
	1) उपकरण	472.57	
	2) पुस्तकालय पुस्तकें और पत्रिकाएं	67.96	540.54
		कुल व्यय	**1068.40**

III. परियोजनाएं

विभिन्न भारतीय और विदेशी एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्राप्तियाँ और अदायगियाँ (2005–2006)

क्र.सं.	वित्त–पोषक एजेंसी का नाम	परियोजनाओं की संख्या	प्राप्तियाँ	व्यय
क.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	14	2334654.00	3818557.00
ख.	भारत सरकार और संगोष्ठियाँ आदि	37	3678288.00	3910356.00
ग.	विदेशी निकाय	51	43969437.00	27248273.00
घ.	अन्य निकाय :			
(i)	वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्	25	4845414.00	5251980.00
(ii)	भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्	18	763050.00	794804.00
(iii)	भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्	3	699054.00	400000.00
(iv)	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	12	3960871.00	4106060.00
(v)	भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्	2	40621.00	40128.00
(vi)	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्	2	4848720.00	3623474.00
(vii)	टाटा शिक्षा न्यास	2	2200000.00	1781066.00
(viii)	बेंगलूर विज्ञान फाउंडेशन	1	100000.00	223885.00
(ix)	जल संसाधन मंत्रालय	1	377000.00	144620.00
(x)	रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन	3	310000.00	456478.00
(xi)	दिल्ली सरकार	1	67750.00	43306.00
(xii)	प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग	1	0.00	13928.00
(xiii)	राष्ट्रीय सूचना केन्द्र	1	957000.00	211228.00
(xiv)	शहरी रोजगार मंत्रालय	1	2653500.00	13998.00
(xv)	राजस्थान राज्य खान और खनिज लिमिटेड	1	27000.00	18704.00
(xvi)	भारतीय लोक प्रशासन संस्थान	2	631840.00	222418.00
(xvii)	एनसीपीयूएल	1	10000.00	9875.00
(xviii)	डाबर	1	0.00	293922.00
(xiv)	एच पी इंडिया	1	0.00	114738.00
(xv)	यूजीसी – यू ए ई	1	35000.00	24781.00
(xvi)	बायोटेक इंटरनेशनल	1	0.00	54033.00
(xvii)	विनरॉक	1	0.00	140000.00
(xviii)	कुलपति कॉलोक्विम	1	17500.00	0.00
च.	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग	61	28153400.00	33991054.00
छ.	जैव–प्रौद्योगिकी विभाग	30	60552545.00	56503773.00
	कुल	**276**	**161232634.00**	**143455439.00**

पाठ्येत्तर गतिविधियाँ

यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति

विशाखा बनाम राजस्थान सरकार की याचिका में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुनाए गए ऐतिहासिक निर्णय के अनुपालन में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति एक सांविधिक निकाय है। यह समिति सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय और कुलपति द्वारा 5 सितम्बर 1997 को प्रोफेसर करुणा चानना की अध्यक्षता में 'यौन उत्पीड़न' पर गठित कार्य समूह की सिफारिशों के आधार पर बनाए गए मार्ग–दर्शी सिद्धांतों के अनुसार कार्य करती है। 'जीएसकैश' जेएनयू परिसर में जेंडर संवेदनशीलन के अतिरिक्त यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों को देखती है।

अप्रैल 2005 से मार्च 2006 के दौरान समिति की गतिविधियाँ

- **जीएसकैश नियमों और प्रक्रियाओं की समीक्षा** : जीएसकैश के सदस्य जीएसकैश के नियमों और कार्यप्रणाली में संशोधन करने के लिए जेएनयू समुदाय के अन्य सदस्यों के विचार जानने के साथ–साथ विधि विशेषज्ञों की राय प्राप्त करने में सक्रिय रूप से संलग्न रहे।

- **जेंडर संवेदनशीलन कार्यशाला** : जेएनयू परिसर में जेंडर संवेदनशीलन पर सुरक्षा अधिकारियों के लिए एक दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मुख्य सुरक्षा अधिकारी, सुपरवाइजर और परिसर में तैनात ग्रुप–4 के सुरक्षा कर्मियों सहित 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया :

  – विद्या शाह, गैर सरकारी संगठन कार्यकर्ता और संगीतज्ञ द्वारा 29 जुलाई, 2005

  – सहेली द्वारा 30 जुलाई 2005

- **अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह** : जीएसकैश ने 6 से 8 मार्च 2006 तक जेएनयू परिसर में 'परवाज़' नामक महिला संगठन के सहयोग से जेंडर सशक्तिकरण/मामले से संबंधित 6 फिल्में दिखाईं।

- **औपचारिक पूछताछ और निवारण** : समीक्षाधीन अवधि के दौरान दो मामलों पर जाँच समिति ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। चार अन्य मामलों की शिकायत पर छानबीन की गई। इन मामलों की जाँच प्रगति पर है।

पूर्व छात्रों की गतिविधियां

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ सम्पर्क : विश्वविद्यालय ने कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ सम्पर्क और अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए स्थायी समिति का गठन किया है। इस समय प्रो. वैश्ना नारंग, पूर्व छात्र और नियोजन की मुख्य सलाहकार हैं तथा रूपमंजरी घोष और प्रवीण झा शिक्षक सलाहकार हैं।

समिति का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों तथा अन्य संबंधितों के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करना है। जेएनयू अपने पूर्व छात्रों को महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर के रूप में मान्यता देता है ताकि जेएनयू लगातार अच्छी शिक्षा प्रदान कर सके। यह अपने पूर्व छात्रों, जोकि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं, से 21वीं शताब्दी की शुरुआत में अपनी योजना संबंधी दिशा–निर्देश तैयार करने के लिए सहायता प्राप्त कर सकती है, इससे जेएनयू को बहुत लाभ मिल सकता है।

जेएनयू के पूर्व छात्र सामुदायिक सेवा के लिए अवसर प्रदान कर सकते हैं और इसके लिए गुडविल एम्बेसेडर के रूप में कार्य, प्रभावशाली संभाषी के रूप में सेवा, सलाह और सहायता, शोध के सीमांत क्षेत्रों पर सुझाव, कैरियर सलाह और वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करा सकते हैं। शोध और परियोजनाओं में शैक्षिक और तकनीकी सहयोग भी किया जा सकता है।

जेएनयू के 4500 से अधिक पूर्व छात्रों और जेएनयू के पूर्व छात्रों के कई संगठनों जैसे – जेएनयू पूर्व छात्र एसोसिएशन, मुम्बई; जेएनयू पूर्व छात्र एसोसिएशन, दिल्ली; और केन्या, यमन, जापान, रूस, ईरान, कोरिया, कैलिफोर्निया, बोस्टन और पेंसिलवानिया (अमेरिका) में रह रहे जेएनयू के पूर्व छात्रों के साथ सम्पर्क स्थापित करने के लिए जेएनयू में कार्यालय स्थापित किया गया है। इन 4500 से 5000 छात्रों की निर्देशिका आनलाइन उपलब्ध है।

यह कार्यालय विभिन्न संभावित नियोजकों और जेएनयू के छात्रों के बीच अपने संस्थानों और केन्द्रों के माध्यम से सम्पर्क स्थापित करने में भी सहायता करता है। इस उद्देश्य के लिए कई प्लेसमेंट एजेंसियों और विश्वविद्यालयों ने पहले ही सम्पर्क स्थापित किया है जैसे – स्टील गुरु, गुड़गाँव और मुख्य कार्यालय रूस में; टीएमआई फर्स्ट, सिकन्दराबार; सीवीएम सर्विसेज, नई दिल्ली; एसोकॉम – इंडिया प्रा.लि. नई दिल्ली; नेशनल यूनिवर्सिटी आफ सिंगापुर, सिंगापुर; इंस्टीट्यूट आफ एप्लाइड मैन पावर रिसर्च, नई दिल्ली और गूगल आन लाइन इंडिया प्रा.लि. हैदराबाद।

इस कार्यालय ने जेएनयू पर फिल्म बनाने का उत्तरदायित्व भी लिया है जिसके लिए प्रक्रिया शुरु हो गई है। इससे हमारे पूर्व छात्रों के साथ सम्पर्क स्थापित होगा तथा जेएनयू के बारे में उनकी अनुभूतियों को जाना जा सकेगा।

जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान हाल ही में स्थापित किया गया है।

- यह बौद्धिक वातावरण में शोध कार्य हेतु उपयुक्त जगह है; और
- विश्वविद्यालय समुदाय के लिए शैक्षिक समृद्धता का स्रोत है।

संस्थान भारत और विदेशों से युवा विद्वानों के साथ–साथ वरिष्ठ और प्रसिद्ध विद्वानों को संस्थान और विश्वविद्यालय में बुलाता है। इसका लक्ष्य भिन्न–भिन्न विषयों के बौद्धिक समुदाय को एक मंच पर लाना है ताकि वे बौद्धिक परिचर्चाओं में भाग ले सकें, इससे वे स्वयं तो लाभान्वित होंगे ही साथ ही साथ संस्थान और विश्वविद्यालय समुदाय के अन्य लोग भी लाभान्वित होंगे। संस्थान के शैक्षिक पाठ्यक्रमों की विषयों के साथ–साथ राष्ट्र और जन–समुदाय के स्तर पर कोई सीमा नहीं होगी।

संस्थान की दीर्घ अवधि की योजना में वर्ष में कम से कम दो बार ऐसे विद्वानों के समूह को बुलाना है जो संभवतः विभिन्न विषयों की एक कामन विषयवस्तु के विभिन्न पक्षों पर कार्य कर रहे हों। संस्थान की अल्पकालिक अवधि की योजना में ऐसे वैयक्तिक विद्वानों को बुलाना है जो किसी क्षेत्र पर शोध कार्य कर रहे है तथा उनका शोध कार्य जेएनयू शिक्षकों के शोध कार्य से संबंध रखता है या जिसके पास अभिरुचियों को बढ़ाने की क्षमता है या जेएनयू में संभावित शोध क्षेत्रों के लिए मार्गदर्शन कर सकते हों।

संस्थान का उद्देश्य एक ऐसा बौद्धिक समुदाय विकसित करना है जो नियमित रूप से परिचर्चाओं, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों में भाग ले सकेगा। इससे वे स्वयं तो लाभान्वित होंगे ही साथ ही संस्थान/विश्वविद्यालय भी लाभान्वित होगा। संस्थान में फेलो 3 से 6 माह तक रह सकते हैं। उन्हें उनके विषयों/शोध अभिरुचियों से संबंधित केन्द्रों और संस्थानों के साथ विचार–विमर्श करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यद्यपि उनकी पहचान मुख्यतः संस्थान के फेलो के रूप में ही होगी। फेलो विश्वविद्यालय के शोध छात्रों के परामर्शदाता हो सकते हैं और जेएनयू के छात्रों के लिए अपने शोध विषय से संबंधित क्षेत्रों पर व्याख्यान दे सकते हैं तथा कार्यशाला आयोजित कर सकते हैं। फेलो से शिक्षण कार्य की अपेक्षा नहीं की जाती है लेकिन यदि कोई संस्थान/केंद्र ऐसा चाहता है तो वे शिक्षण कार्य के लिए स्वतंत्र हैं।

संस्थान की एक प्रबंध समिति है। इसमें कुलदेशिक अध्यक्ष हैं और प्रोफेसर नीरजा गोपाल जयाल निदेशक हैं।

अन्तरराष्ट्रीय सहयोग

भारत सरकार और विभिन्न विदेशी सरकारों के बीच हुए सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के तहत विश्वविद्यालय को विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों से शैक्षिक संबंध स्थापित करने, विनिमय कार्यक्रमों और द्विपक्षीय समझौतों के साथ–साथ सहयोगात्मक कार्यों में शामिल होने के लिए प्रस्ताव–पत्र प्राप्त हो रहे हैं। विश्वविद्यालय भी सुप्रसिद्ध विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों, के साथ शैक्षिक सहयोग के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कई विदेशी विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के साथ शैक्षिक सहयोग का प्रस्ताव

विश्वविद्यालय के पास विचाराधीन है और अंतिम चरण में है। समझौते दो प्रकार के हैं – संस्थान स्तर पर सहयोग का समझौता और विश्वविद्यालय स्तर पर समझौता ज्ञापन (जहाँ सहयोग में एक से अधिक संस्थान शामिल हैं)। अब तक, 29 देशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों के 69 समझौता ज्ञापनों और 14 सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 09 समझौता ज्ञापनों और 10 सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के तहत सहयोग के क्षेत्र सामान्यतः निम्नलिखित हैं और ये निधि की उपलब्धता पर निर्भर हैं : (क) शिक्षकों का आदान–प्रदान, (ख) छात्रों का आदान–प्रदान, (ग) संयुक्त शोध गतिविधियां, (घ) संगोष्ठियाँ और शैक्षिक बैठकों में प्रतिभागिता, (च) शैक्षिक सामग्री और अन्य सूचनाओं का आदान–प्रदान, (छ) विशेष अल्पकालिक शैक्षिक कार्यक्रम, (ज) प्रशासनिक प्रबन्धकों/समन्वयकों का आदान–प्रदान, (झ) संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम।

एम.ओ.यू. की शर्तों के अधीन कार्यान्वित प्रत्येक कार्यक्रम/गतिविधि के लिए सहयोग और बजट की शर्तों पर आपस में चर्चा हुई तथा कार्यक्रम गतिविधि की शुरूआत करने से पहले लिखित में सहमति हो गई है।

दो विश्वविद्यालयों के बीच में परस्पर सहयोग के क्षेत्र आपसी सहमति के आधार पर निश्चित किए जाएंगे। प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

यह सहायता दोनों संस्थानों के लिए लाभदायक शिक्षण, शोध, शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ सदस्यों के आदान–प्रदान के रूप में होगी। सहयोग अध्ययन के क्षेत्रों पर केन्द्रित होगा, जिसका निर्णय आपसी बातचीत के आधार पर किया जाता है। सभी वित्तीय प्रबंधों पर बातचीत की जाती है और यह निधि की उपलब्धता पर निर्भर है।

कुलदेशिक की अध्यक्षता में स्थायी समिति विभिन्न केन्द्रों/संस्थानों से समय–समय पर विश्वविद्यालय को प्राप्त विशेष सहयोगात्मक प्रस्तावों पर विचार करती है।

केन्द्रीय सुविधाएं

विश्वविद्यालय पुस्तकालय

जेएनयू पुस्तकालय एक अति आधुनिक और सुसज्जित विश्वविद्यालय पुस्तकालय है। यह 9 मंजिला टावरनुमा भवन विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर के बीचों बीच स्थित है तथा विश्वविद्यालय की सभी शैक्षिक गतिविधियों का केन्द्र है। पुस्तकालय के अधिकतर कार्यों का कंप्यूटरीकरण हो गया है तथा बचे हुए कार्यों का कंप्यूटरीकरण हो रहा है। पुस्तकालय वर्ष भर प्रातः 9.00 बजे से शाम 8.00 बजे तक खुला रहता है तथा परीक्षा के दिनों में यह प्रत्येक सत्र में 45 दिन के लिए मध्य रात्रि तक खुला रहता है। तथापि, पठन कक्ष की सुविधाएं वर्ष भर मध्य रात्रि तक उपलब्ध रहती हैं। इसके सभी पठन कक्ष वातानुकूलित हैं।

विश्वविद्यालय के नेत्रहीन छात्रों की विशेष जरूरतों को देखते हुए पुस्तकालय के प्रवेशद्वार के निकट एक विशेष इकाई (हेलन केलर के नाम पर) स्थापित की गई है। पुस्तकालय के भू–तल में ओपेक और इंटरनेट पर पढ़ने हेतु छात्रों के प्रयोग के लिए आठ कंप्यूटर लगाए गए हैं।

पाठकों के लिए सेवाएं

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कुल मिलाकर 9191 छात्रों, संकाय सदस्यों और देश–विदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों के विद्वानों ने पुस्तकालय सुविधाओं का लाभ उठाया।

स्रोत सामग्री का आदान–प्रदान

हमारा पुस्तकालय 'डेलनेट', 'इनफिलिबनेट' और इसी तरह के अन्य नेटवर्क का सदस्य बन गया है, ताकि सदस्य अन्य पुस्तकालयों की स्रोत सामग्री का आसानी से उपयोग कर सकें। पुस्तकालय अपने सदस्यों को अन्तर विश्वविद्यालय उधार सेवाएं भी उपलब्ध कराता है। पुस्तकालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पुस्तकालय, नई दिल्ली के साथ एक सहयोगात्मक प्रबन्ध किया है। इसके अन्तर्गत दोनों संस्थानों के पुस्तकालय एक दूसरे की पुस्तकों/पत्रिकाओं आदि का लाभ उठा सकेंगे।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पुस्तकालय ने लगभग 5946 पुस्तकें प्राप्त कीं। इनमें से 2333 पुस्तकें सुप्रसिद्ध विद्वानों और संगठनों से उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं। समीक्षाधीन वर्ष के अन्त में पुस्तकालय में कुल संग्रह 5,27,314 था। पुस्तकों की खरीद पर रू. 39,06,515.58 की राशि खर्च हुई और पत्रिकाओं पर रू. 2,06,77,324.28 खर्च किए गए।

पुस्तकालय ने 864 पत्रिकाएं मंगाई और 105 पत्रिकाएं उपहार स्वरूप प्राप्त हुईं।

